वर्ष- 11 अंक-06
लखनऊ, शनिवार 19 अगस्त, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



नए संविधान की वकालत करना अधिकार क्षेत्र का उल्लंघनः मायावती 02

उप मुख्यमंत्री ने फोटो प्रदर्शनी का किया उद्घाटन 03

## तपेदिक को खत्म करने की राह पर भारतः पीएम

### मोदी बोले कि वैक्सीन मैत्री पहल के तहत, भारत ने 100 से अधिक देशों को 300 मिलियन वैक्सीन खुराक वितरित की

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले ही तपेदिक (टीबी) को खत्म करने की राह पर है। प्रधानमंत्री गुजरात के गांधीनगर में आयोजित जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। स्वास्थ्य पहल की सफलता में एक प्रमुख कारक के रूप में सार्वजनिक भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हमारे कुष्ठ उन्मूलन अभियान की सफलता के मुख्य कारणों में से एक है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन पर हमारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनभागीदारी को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि हमने देश के लोगों से नि-क्षय मित्र या टीबी उन्मूलन के लिए मित्र बनने का आह्वान किया है, जिसके तहत लगभग 1 मिलियन रोगियों को नागरिकों द्वारा अपनाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷अब, हम 2030 के वैश्विक लक्ष्य से काफी पहले टीबी उन्मूलन हासिल करने की राह पर हैं।

महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीजी स्वास्थ्य को इतना महत्वपूर्ण मुद्दा मानते थे कि उन्होंने इस विषय पर स्वास्थ्य की कुंजी नामक पुस्तक लिखी थी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने का मतलब व्यक्ति के मन और शरीर का सामंजस्य और संतुलन की स्थिति में होना है, जिसका अर्थ है कि स्वास्थ्य ही जीवन का आधार है। प्रधानमंत्री ने संस्कृत के श्लोक आरोग्यम परम भाग्यम, स्वास्थ्यम सर्वार्थ साधनम का उल्लेख किया जिसका अर्थ है, स्वास्थ्य ही परम धन है और अच्छे स्वास्थ्य से हर



कार्य पूरा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि कोविड-19 महामारी ने हमें याद दिलाया है कि स्वास्थ्य हमारे निर्णयों के केंद्र में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय ने हमें अंतरराष्ट्रीय सहयोग का मूल्य भी दिखाया है, चाहे वह दवा और वैक्सीन वितरण में हो या अपने लोगों को घर वापस लाने में हो। दुनिया को कोविड-19 वैक्सीन उपलब्ध कराने की भारत सरकार की पहल पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वैक्सीन मैत्री पहल के तहत, भारत ने 100 से अधिक देशों को 300 मिलियन वैक्सीन खुराक वितरित की, जिनमें वैश्विक दक्षिण के कई देश भी शामिल हैं। महामारी के दौरान लचीलेपन को सबसे बड़े सबक में से एक बताते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक स्वास्थ्य प्रणालियों को लचीला होना चाहिए। हमें अगली स्वास्थ्य आपात स्थिति को रोकने, तैयारी करने और प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में सहयोग विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने महामारी के दौरान देखा कि दुनिया के एक हिस्से में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बहुत कम समय में दुनिया के अन्य सभी हिस्सों को प्रभावित कर सकती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में, हम समग्र और समावेशी दृष्टिकोण का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहे हैं, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों को बढ़ावा दे रहे हैं और सभी को सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा मानना है कि समग्र स्वास्थ्य और कल्याण हर किसी के लचीलेपन को बढ़ाने में मदद कर सकता है। गुजरात के जामनगर में डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन की स्थापना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जी-20 स्वास्थ्य मंत्रियों की बैठक के साथ पारंपरिक चिकित्सा पर डब्ल्यूएचओ वैश्विक शिखर सम्मेलन के आयोजन से इसकी क्षमता का दोहन करने के प्रयास तेज हो जाएंगे। यह रेखांकित करते हुए कि स्वास्थ्य और पर्यावरण एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं, प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वच्छ हवा, सुरक्षित पेयजल, पर्याप्त पोषण और सुरक्षित आश्रय स्वास्थ्य के प्रमुख कारक हैं। उन्होंने कहा कि एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) के खतरे से निपटने के लिए उठाए गए कदम भी सराहनीय हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि एएमआर वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य और अब तक की सभी फार्मास्युटिकल प्रगति के लिए एक गंभीर खतरा है।

## संयुक्त ऑपरेशन में आठ आतंकी गिरफ्तार



**एजेंसी, जम्मू।**

कश्मीर में आतंकवाद पर एक और कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने घाटी में हथियारों और गोला-बारूद के साथ आठ आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह आतंकवाद के खिलाफ भारत की बड़ी सफलता है। एसएसपी बारामूला आमोद अशोक नागपुरे ने कहा कि हमने दो आतंकी मॉड्यूल का सफलतापूर्वक भंडाफोड़ किया है। पहले मॉड्यूल का भंडाफोड़ 8 अगस्त को हुआ था। बारामूला पुलिस और सेना की 16 सिख लाइट इन्फैंट्री की संयुक्त सेना ने सीमा पार से तीन आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से ग्रेनेड बरामद किए।

आमोद अशोक नागपुरे ने आगे बताया कि 11 अगस्त को एक संयुक्त अभियान में उरी क्षेत्र के पोवारियन थाजल से दूसरे मॉड्यूल के कुल पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 4 हथगोले, 2 पिस्तौल, 2 पिस्तौल मैगजीन, 10 जिंदा कारतूस और 50,000 रुपये नकद बरामद किए गए। एक चार पहिया वाहन को सीज कर दिया गया।

सुप्रीम कोर्ट

### लालू की जमानत के खिलाफ एससी पहुंची सीबीआई, दायर की याचिका

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लालू प्रसाद यादव की जमानत रद्द करने के लिए अपनी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट चारा घोटाला मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया है। सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 25 अगस्त को सुनवाई होगी। वहीं इस मामले पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का कहना है, ..हम कोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे। वे हमें कितना भी परेशान करें, कुछ नहीं होगा। हमें स्पष्ट है कि हमें क्या करना है। कोई भी उनसे डरने वाला नहीं है।

## बेंगलुरु में खुला 3डी प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस

▸ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया डाकघर का उद्घाटन

**एजेंसी, बेंगलुरु**

बेंगलुरु में देश का पहला 3डी प्रिंटेड पोस्ट ऑफिस खुल गया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को डाकघर का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस पोस्ट ऑफिस की तस्वीर शेयर करते हुए कहा- हर भारतीय को गर्व होगा।

बेंगलुरु के कैंब्रिज लेआउट में भारत के पहले 3डी मुद्रित डाकघर की पीएम मोदी ने सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह देश के नवाचार और प्रगति का प्रमाण होने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की भावना का प्रतीक है। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा, हर भारतीय को बेंगलुरु




के कैंब्रिज लेआउट में भारत का पहला 3डी मुद्रित डाकघर देखकर गर्व होगा। उन्होंने कहा, ''यह हमारे देश के नवाचार और प्रगति का एक प्रमाण है, यह आत्मनिर्भर भारत की भावना का भी प्रतीक है। मोदी ने लिखा, ''उन लोगों को बधाई जिन्होंने डाकघर को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बेंगलुरू में 3डी प्रिंटिंग तकनीक से निर्मित भारत के पहले डाकघर का उद्घाटन किया। डाक विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि शहर के कैम्ब्रिज लेआउट में 1,021 वर्ग फुट क्षेत्र में निर्मित डाकघर के उद्घाटन के बाद वहां कामकाज शुरू हो जाएगा। डाक अधिकारियों के अनुसार, इस डाकघर का निर्माण लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड ने किया है जबकि आईआईटी मद्रास ने इसके लिए तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। उद्घाटन के बाद वैष्णव ने कहा, विकास की भावना, अपनी तकनीक विकसित करने की भावना, कुछ ऐसा करने की भावना जिसे पहले के समय में असंभव माना जाता था।

### अमरनाथ तीर्थयात्रियों का पहला जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** पुंछ में बूढ़ा अमरनाथ मंदिर के लिए तीर्थयात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार सुबह जम्मू से रवाना हो गया। भूमि पूजन के साथ प्रशासन ने हरी झंडी दिखाकर जत्थे को जम्मू से रवाना किया। यात्रा के दौराम सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी की गई है। बुड्ढा अमरनाथ यात्रा अगले 11 दिनों तक जारी रहेगी। कल यह जत्था पुंछ की मंडी तहसील के राजपुरा गांव में भगवान शिव को समर्पित बूढ़ा अमरनाथ मंदिर पहुंचेगा। यह यात्रा छड़ी मुबारकपवित्र गदा के आगमन के साथ ही समाप्त होगी। पुंछ में स्थित यह मंदिर जम्मू क्षेत्र के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है और दशनामी अखाड़ा पुंछ का यह तीर्थस्थल पुल्सता नदी के किनारे है। यह नदी पवित्र मानी जाती है और श्रद्धालु मंदिर में प्रवेश करने से पहले इसमें स्नान करते हैं। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एडीजीपी मुकेश सिंह ने तीर्थयात्रियों को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, पांच की मौत

### कार में फंसे शवों को निकालने के लिए पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

**एजेंसी, खंडवा।**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में सनावद मार्ग पर दौलतपुरा फाटे के पास गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात्रि करीब दो बजे तेज रफ्तार ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार पांच युवकों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, कसरावद तहसील के रहने वाले पांच युवक व्यवसायिक कार्य के सिलसिले में गुरुवार को पुनासा आए थे। रात में लौटते समय पुनासा चौकी अंतर्गत दौलतपुरा फाटे पर हादसा हो गया। उनकी कार (क्रमांक एमपी 09 डब्लूजी 0293) सामने से आ रहे डंपर से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में फंसे शवों को निकालने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

खंडवा एसपी सत्येन्द्र कुमार शुक्ल ने बताया कि हादसे में कार सवार भारत (40) पुत्र चिंताराम निवासी काकरिया थाना कसरावद, अलकेश (36) पुत्र तुलसीराम निवासी दोंगांवा थाना कसरावद, मनीष (26) पुत्र ताराचंद वर्मा निवासी दोंगांवा थाना, पुखराज (36) पुत्र चरणदास नामदेव निवासी दोंगावा और आदित्य (23) पुत्र अमित शर्मा निवासी राम मंदिर चौक कसरावद की मौके पर ही मौत हो गई है। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से शवों को रात में पुनासा अस्पताल भेजा गया।

### दिल्ली-पुणे विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी, सुरक्षित निकाले गए सभी यात्री

**नयी दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर दिल्ली-पुणे विस्तारा फ्लाइट में बम की धमकी मिली है। इसके बाद एयरपोर्ट पर अफरातफरी का माहौल बन गया। एयरपोर्ट पर आइसोलेशन बे में विमान का निरीक्षण चल रहा है। सभी यात्रियों को उनके सामान सहित सुरक्षित उतार लिया गया है। विमान में बम होने की धमकी मिलने के बाद बम दस्ते को बुलाया गया। फिलहाल सर्च अभियान जारी है। बता दें कि, जीएमआर कॉल सेंटर को 18 अगस्त (शुक्रवार) को 8 बजकर 53 मिनट पर फ्लाइट में बम होने की खबर मिली। अभी तक की जांच में विमान में कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला है। फ्लाइट को अंदर और बाहर के हर एक कोने को बड़ी बारीकी के साथ खंगाला गया है लेकिन कोई भी विस्फोटक सामान नहीं मिला है।

संक्षिप्त

### 8 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार, सीआरपीएफ जवानों पर की थी फायरिंग

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में पुलिस ने आठ लाख रुपए के इनामी नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पुलिस दल ने जिले के भागलपुर गांव से सरजून यादव उर्फ पूतना नामक नक्सली को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया।

### घर में घुसकर पत्रकार की गोली मारकर हत्या

**अररिया।** बिहार के अररिया जिले के रानीगंज इलाके में बेखौफ बदमाशों ने शुक्रवार को एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार विमल कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी और आराम से चलते बने। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार की सुबह रानीगंज के प्रेम नगर स्थित आवास से पत्रकार विमल कुमार को अपराधियों ने घर से बुलाया। जैसे ही वे दरवाजा खोलकर बाहर निकलने वाले थे, वैसे ही अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी।

### हि.प्र.-उत्तराखंड में भारी बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग के आज के देशव्यापी पूर्वानुमान में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बरसात की चेतावनी जारी की गई है। साथ ही मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत में भी तेज वर्षा का अनुमान जताया गया है। विभाग के एक अधिकारी ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में 23 अगस्त तक ऐसा ही मौसम रहेगा। उधर, भारी बरसात की वजह से ऋषिकेश-बदरीनाथ और गंगोत्री मार्ग को बंद कर दिया गया है।

## कुत्ते को घुमाने को लेकर गार्ड ने चलाई गोली, दो की मौत

▸ विवाद में शामिल राजपाल के दोनों बेटों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**एजेंसी, इंदौर**

**इंदौर।** डॉगी घुमाने को लेकर हुआ झगड़ा, गार्ड ने छत से की ताबड़तोड़ फायरिंग, जीजा-साले की मौत, 6 घायल इंदौर मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सनसनीखेज वारदात हुई। शहर के कृष्णा बाग कॉलोनी इलाके में कुत्तों के घुमाने को लेकर विवाद हो गया झगड़ा इतना बढ़ गया कि एक बैंक के गार्ड ने अपने पड़ोसियों पर अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बूंदक से गोली चला दी। गार्ड ने घर की छत से पहले हवाई फायर किए फिर अचानक भीड़ पर ताबड़तोड़ गोलियां बसा दीं फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गई है, वहीं 6 लोग घायल हो गए हैं। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गोलीकांड में जीजा-साले 37 साल के देवकरण आमचा और 26 साल के राहुल वर्मा की मौत हो गई है दोनों ही आरोपी सिक्योरिटी गार्ड राजपाल को समझाने की कोशिश कर झगड़ा खत्म करने का प्रयास कर रहे थे। आरोपी के बेटे भी गिफ्तार आरोपी राजपाल सिंह राजावत बैंक ऑफ बड़ौदा में सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। विवाद में शामिल राजपाल के दोनों बेटों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मृतक विमल आमचा सैलून चलाता था वहीं राहुल वर्मा प्राइवेट जॉब में था वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।

सम्मान



न्यू हैदराबाग क्षेत्र के उप्र संस्कृतिक संस्थान के प्रेक्षागृह में पदम भूषण गोपालदा नीरज स्मृति सम्मान समारोह मे पर्यटन एवं संस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह ने कवियों को किया सम्मानित

## राज्यसभा के 225 सांसदों में 27 सांसद अरबपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मौजूदा 225 राज्यसभा सांसदों में से 27 अरबपति हैं, जिनमें से छह भाजपा से हैं। शुक्रवार को सामने आई एक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्यसभा सांसदों की औसत संपत्ति 80.93 करोड़ रुपये है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और नेशनल इलेक्शन वॉच (एनईडब्ल्यू) ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसने 233 राज्यसभा सांसदों में से 225 की आपराधिक पृष्ठभूमि के विवरण का विश्लेषण किया है। मौजूदा राज्यसभा में एक सीट खाली है जबकि तीन सांसदों का विश्लेषण नहीं किया गया है क्योंकि उनके हलफनामे अनुपलब्ध थे और जम्मू-कश्मीर की चार सीटें अपरिभाषित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है विश्लेषण किए गए 225 मौजूदा राज्यसभा सांसदों में से 27 (12 प्रतिशत) अरबपति हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति



वाले अरबपति सांसद सबसे ज्यादा भाजपा के हैं। इसके बाद कांग्रेस और वाईएसआरसीपी का नंबर है। भाजपा के 85 राज्यसभा सांसदों में से छह (7 प्रतिशत) अरबपति हैं। कांग्रेस के 30 राज्यसभा सांसदों में से चार (13 प्रतिशत)य वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नौ राज्यसभा सांसदों में से चार (44 प्रतिशत), आप के 10 राज्यसभा सांसदों में से तीन (30 प्रतिशत), टीआरएस के सात राज्यसभा सांसदों में से तीन (43 प्रतिशत), और राजद के छह राज्यसभा सांसदों में से दो (33 प्रतिशत) ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति की घोषणा है।

## विविधता में एकता भारत को बनाती है विशिष्टः योगी

### मुख्यमंत्री व अनुराग ठाकुर ने वाई-20 शिखर सम्मेलन का किया औपचारिक उद्घाटन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने जी-20 के तहत आयोजित चार दिवसीय वाई-



20 युवा शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को औपचारिक उद्घाटन किया। गुरुवार से शुरू हुआ यह चार दिवसीय सम्मेलन वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि सांस्कृतिक विविधता एवं एकता के कारण भारत दुनिया के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र है। लोकतांत्रिक परंपराओं पर विश्वास करते हुए 140 करोड़ की आबादी जिस भाव-भंगिमा के साथ एकता एवं अखंडता के लिए यशस्वी नेतृत्व में कार्य कर रही है, वह भारत को दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में भी प्रस्तुत करती है। डेमोग्रॉफी (जनसांख्यिकी), डेमोक्रेसी (लोकतंत्र) और डायवर्सिटी (विविधता) की यह त्रिवेणी हमें विशिष्ट बनाती है। उन्होंने कहा कि नित्य नूतन व चिर पुरातन संस्कृति की सुदृढ़ नींव पर हमारा देश अपने स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरा करते हुए अमृतकाल के प्रथम वर्ष में जी-20 के इस आयोजन की अध्यक्षता कर रहा है। हर भारतवासी न केवल इन आयोजनों के प्रति लालायित है बल्कि वैश्विक मंच पर उभरते भारत के रूप में प्रस्तुत करते हुए गौरवान्वित महसूस करता है। योगी ने कहा कि प्राचीन काल से भारत की व्यवस्था को देखें तो युवाओं ने अपने समय में अनेक कार्य किए। युवा शक्ति के रूप में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम भी याद आते हैं, उन्होंने संकल्प लिया था निसचर हीन करउं महि, भुज उठाई पन कीन्ह... जब भारत की धरती से उन्होंने राक्षसी प्रवृत्ति को पूरी तरह समाप्त करने का आह्वान किया था, तब राम युवा ही थे। मथुरा को कंस और राक्षसों के अत्याचार से मुक्त करने वाले परित्राणाय साधुनाम्, विनाशाय च दुष्कृताम का आह्वान करने वाले श्रीकृष्ण भी युवा ही थे। दुनिया को निर्माण का संदेश देने वाले महात्मा बुद्ध, ज्ञान प्राप्त करने के बाद पहला उपदेश इसी सारनाथ में देते हैं।

### ड्रग्स मामले में बर्खास्त एआईजी राजजीत सिंह भगोड़ा करार

**चंडीगढ़।** ड्रग्स मामले में फरार पंजाब पुलिस के बर्खास्त असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस (एआईजी) राजजीत सिंह को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया गया है। शुक्रवार को मोहाली की जिला अदालत ने एआईजी को भगोड़ा करार दिया है। कोर्ट ने पिछले माह राजजीत सिंह के खिलाफ इश्तिहार लगाने की इजाजत दी थी। पंजाब पुलिस ने एआईजी राजजीत के खिलाफ ड्रग्स मामले में केस दर्ज किया है। इसके बाद से ही फरार होने के बाद से उनकी तलाश के लिए पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। बर्खास्त एआईजी की धरपकड़ के लिए एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने प्रदेश समेत अन्य राज्यों में छापमारी की।

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
सेठ वीरेन्द्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गूढ़ा, उरगाँव रोड, जालौन
संचालित कोर्स- M.Sc., M.A., B.A., B.Sc. B.Com., B.Ed., BTC (D.EL.ED.), B.El.Ed.
डॉ0 नितिन मित्तल अध्यक्ष
पुनीत मित्तल प्रबंध निदेशक
दीपक कुमार मित्तल प्रबंधक
कार्यालय : मित्तल कॉम्पलैक्स, बैठगंज, जालौन मो0 : 9415592331

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं



वंशीधर महाविद्यालय
झाँसी रोड, उरई
संचालित कोर्स- B.Ed., M.Ed., BP.Ed., B.El.Ed. & D.El.Ed.
सम्पर्क सूत्र - 9670855888

विकास के लिए अच्छे से अच्छा काम करें अफसरःकेशव

# उपमुख्यमंत्री ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

## पंचायती राज विभाग के ग्राम सादात बाड़ी में गोवर्धन गैस प्लांट का किया लोकार्पण, डीएम ने अभिनव प्रयोग से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा गुरुवार को सम्भल में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एक समीक्षा बैठक की गयी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी विकास के लिए अच्छे से अच्छा कार्य करें। उन्होंने कहा कि जनता व जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को जनपद के अधिकारी सुनें व उनका निस्तारण सहमत करें।

जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा जनपद में हुए अभिनव प्रयोग से उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया गया जिसमें सर्वप्रथम उन्होंने मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने के दृष्टिगत जनपद में बने पांच एमएनसीयू वार्ड, एवं विद्यालयों तथा कॉलेजों में स्मार्ट क्लासेज की स्थापना तथा प्राथमिक विद्यालयों एवं जूनियर विद्यालयों में 20 एस्ट्रोनॉमी तथा 10 साइंस लैब की स्थापना ,प्रोजेक्ट चमक के अंतर्गत 100 आंगनवाड़ी केन्द्रों का सौंदर्यीकरण, ग्राम पंचायत स्तर पर पुस्तकालयों की स्थापना तथा विकास खंड रजपुरा के ग्राम मोलनपुर डांडा में नंदी अभ्यारण तथा संभल स्थित दिव्य सेवा आश्रम कुष्ठ आश्रम में आवासीय परिसर निर्माण कार्य तथा जनरल हेल्थ केयर एवं चाइल्ड वेलफेयर सोसाइटी की स्थापना के विषय में उप मुख्यमंत्री को अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री द्वारा जनपद में कराए गए अभिनव प्रयोग की सराहना करते हुए जिला प्रशासन को ऐसे कार्यों को आगे भी करते रहने को प्रोत्साहित किया ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों हो लाभ प्राप्त हो सके। जनपद में लो वोल्टेज की समस्या न हो इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करें तथा निर्धारित समय के अनुरूप विद्युत आपूर्ति की जाए।

उपमुख्यमंत्री द्वारा असमोली, तहसील एवं सदर तहसील प्रस्ताव बनाकर शासन को प्रेषित करने की भी निर्देश दिए ताकि तहसीलों का निर्माण कार्य हो सके।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए उपमुख्यमंत्री द्वारा सड़कों को गुणवत्तापूर्ण बनाने के निर्देश दिए तथा आर ई डी विभाग से भी सड़कों के निर्माण कार्य के विषय में भी जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए हरि बाबा बांध को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### केशव ने किया मुरादाबाद बदायूं व बरेली का दौरा

**लखनऊ।** गाँव-गरीब के विकास के लिए संचालित परियोजनाओं एवं गरीब कल्याण योजनाओं को शत प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने व उनके और अधिक बेहतर ढंग से क्रियान्वित कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को आयोजित ब्लॉक प्रमुख सम्मेलन में सम्मिलित होकर मुरादाबाद व बरेली मंडल के ब्लॉक प्रमुखों एवं खंड विकास अधिकारियों को संबोधित किया।

उन्होंने ब्लाक प्रमुखों से ग्रामीण विकास से संबंधित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विचार साझा किए तथा ग्राउंड लेवल की समस्यायों को भी सुना और उनके सुझाव भी लिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी ब्लाक प्रमुखो के साथ समय समय पर बैठक करें, योजनाओं के क्रियान्वयन में जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें, उनके सकारात्मक सुझावो का संज्ञान लें और नियमानुसार उनके सुझावों को कार्ययोजना में सम्मिलित करें। अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों को ग्राम चौपालों का रोस्टर उपलब्ध कराया जाए। जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वह समय निकालकर ग्राम चौपालो में प्रतिभाग करें। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मुरादाबाद में प्रदेश सरकार द्वारा किसान हित में चलाई जा रही अनुदानित योजनाओं के अंतर्गत कृषि यंत्र के रूप में किसान भाई को ट्रैक्टर की चाभी भेंट कर शुभकामनाएं दीं। डबल इंजन सरकार किसानों के कल्याण एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध व संकल्पबद्ध है।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ का मोर्चा से किया किनारा

▸ सचल दल इकाई समाप्त करने के समय भी उन्होंने सभी संगठनों का साथ दिया था

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी वाणिज्य संघ के प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने बताया कि वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त मोर्चा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ शामिल नही है। उन्होंने बताया की तत्कालीन अध्यक्ष सेवा संघ के राजवर्धन सिंह, कपिल तिवारी के नेतृत्व में वाणिज्य कर का संघर्ष समिति का गठन हुआ था। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सचल दल इकाई को समाप्त करने की साजिश की जा रही थी जिसको लेकर पूरे प्रदेश में गांधीवादी आंदोलन की तरह किया गया था। उस समय कैडर स्टेचर का गठन किए जाने को लेकर भी संघर्ष किया गया था। उन्होंने बताया कि विभाग में कमिश्नर द्वारा कर्मचारियों की समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए जाते है लेकिन कतिपय अधिकारी गुमराह करते है। सचल दल इकाई समाप्त करने के समय भी उन्होंने सभी संगठनों का साथ दिया था।

विभाग स्तर पर कोई भी समस्या होती है तो कमिश्नर तुरंत संज्ञान में लेकर उसको निस्तारण स्पष्ट रूप से किया जा रहा है। कर्मचारियों की कुछ समस्याएं शासन स्तर पर लंबित हैं जिसमें अपर मुख्य सचिव कार्मिक के समस्त दो वार्ता हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव कार्मिक द्वारा समस्त विभागों को रिमाइंडर भी जारी कर दिया गया। उन्होने कहा कि कुछ कर्मचारी संगठन अपने निजी स्वार्थ के लिए संगठन की एकता को दिखाकर दबाव बनाते हैं। उसके बाद उन छोटे संगठनों की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता है।

# पेंशनरों ने सांसद को समस्याओं से अवगत कराकर ज्ञापन सौंपा



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

ईपीएस95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति द्वारा देशभर में आक्रोश पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसमें श्रम राज्य मंत्री श्री रामेश्वर तेली के राज्य सभा में दिए गए बयान कि न्यूनतम पेंशन बढ़ाने का सरकार के पास कोई प्रस्ताव नही है, की निन्दा और एनएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत के साथ श्रमशक्ति भवन पर दिल्ली पुलिस द्वारा किये गये अमानवीय व्यवहार का विरोध ,रैली, सभाएँ और सांसदों को ज्ञापन देकर किया जा रहा है। आज समिति के प्रान्तीय महामंत्री राज शेखर नागर के नेतृत्व में पेंशनरों के प्रतिनिधि मंडल ने हरदोई के सांसद जय प्रकाश रावत से लखनऊ स्थित आवास पर मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मुख्य समन्वयक राजीव भटनागर ने सांसद को पेंशनरों के उत्पीड़न और समस्याओ की जानकारी देकर प्रधानमंत्री जी से तत्काल निराकरण कराने को कहा साथ ही मुख्यमंत्री से प्रदेश के पेंशनरों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वार्ता करने को कहा। सांसद द्वारा बताया गया कि 22 अगस्त को प्रधानमंत्री जी मिलने का कार्यक्रम है उस समय पेंशनरों का मुद्दा भी उठाएंगे।

### रोजगार अधिकार अभियान के प्रतिनिधियों की मीटिंग आज

**लखनऊ।** संयुक्त युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे रोजगार अधिकार अभियान को उत्तर प्रदेश में संचालित करने के लिए आज (कल) 19 अगस्त को गांधी संस्थान में युवा प्रतिनिधियों की मीटिंग बुलाई गई है। इसकी जानकारी संयुक्त युवा मोर्चा के केंद्रीय टीम सदस्य व युवा मंच संयोजक राजेश सचान ने दी। उन्होंने बताया कि मीटिंग में उत्तर प्रदेश में गहराते रोजगार संकट, युवाओं के पलायन और विकास के अवरुद्ध होने जैसे सवालों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में युवा हल्ला बोल, युवा मंच, युवा शक्ति संगठन एवं भर्ती आंदोलन के प्रतिनिधि सहित विभिन्न जिलों के युवा प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इसके अलावा बैंक, बीमा, बिजली आदि सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियनों के प्रतिनिधि भी बैठक को संबोधित करेंगे। बैठक में संयुक्त युवा मोर्चा के केन्द्रीय संकल्प प्रस्ताव पर भी विचार विमर्श किया जाएगा।

# डिजिटल कृषि और निर्यात के प्रोत्साहन का शुभारंभ

## किसानों के लिए नीतियों को बनाया जा रहा सरल एवं सुगमः शाही

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में होटल ताज लखनऊ में डिजिटल कृषि और निर्यात प्रोत्साहन डीएईपी का शुभारंभ और पहली कार्य समिति बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि डीएईपी का उद्देश्य राज्य में आधुनिक, तकनीक संचालित और निर्यात-उन्मुख कृषि बुनियादी ढांचे के विकास में निवेश को बढ़ावा देना है। डीएईपी कृषि मूल्य श्रृंखला और कृषि में डिजिटल नवाचारों के सभी पहलुओं से विशेषज्ञता और रणनीतिक इनपुट लाये इसके लिये उद्योग जगत से जुड़े हुये मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रबंध निदेशक और सीटीओएस को परिषद के सम्मानित सदस्यों के रूप में




लखनऊ में डिजिटल कृषि और निर्यात प्रोत्साहन ' (डीएईपी) परिषद के शुभारंभ समारोह और पहली कार्य समिति की बैठक को सम्बोधित करते सूर्य प्रताप शाही

आमंत्रित किया गया है।कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया के अन्तर्गत प्रदेश को नयी ऊंचाईयों पर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। कृषि क्षेत्रों के विभिन्न क्षेत्रों एवं सेवाओं को डिजिटलीकरण किया जा रहा है, जिसका लाभ प्रदेश के किसानों को मिल रहा है। कृषि क्षेत्र के अन्तर्गत मैप व जमीनों को डिजिटलीकरण किया गया है। डिजिटलीकरण एवं नयी तकनीकों को उपयोग कर जमीनों एवं फसलों का सर्वे कराकर किसानों को सही और सटीक जानकारी देने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों के लिए नीतियों को सरल एवं सुगम बनाया जा रहा है, जिससे किसानों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डिजिटल कृषि के माध्यम से देश और दुनिया की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश तैयार खड़ा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रान्ति के माध्यम से एसएसपी का पैसा सीधे किसानों के खाते मे भेजने से बिचौलियों को बाहर किया गया है। इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के किसानों के उत्पादों को विदेशों में एक नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि डीएईपी के माध्यम से कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया जायेगा। कृषि क्षेत्र की नयी तकनीकों को किसानों तक पहुंचाकर उन्हें सरल रूप से तकनीकों की जानकारी दी जायेगी। कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में कार्य करते हुए उत्पादों को निर्यात करने का कार्य किया जा रहा है।

### खाटूश्याम मन्दिर में श्रीश्याम श्रावणी तीज उत्सव आज

**लखनऊ।** श्री श्याम परिवार लखनऊ की ओर से श्री श्याम श्रावणी तीज उत्सव का आयोजन शनिवार 19 अगस्त को शाम 4 बजे बीरबल साहनी मार्ग स्थित श्री खाटूश्याम मन्दिर में धूमधाम से मनाया जायेगा। श्री श्याम परिवार लखनऊ के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि तीजोत्सव में महिलाएं सोलह श्रृंगार, पहनकर ओढ़नी, नथनी, बोरला, तगड़ी बनकर मंच पर आयेंगी और प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि तीजोत्सव के सारे आयोजन कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती वर्षा सिंघानिया, पायल अग्रवाल और पारुल अग्रवाल के दिशानिर्देश में सम्पन्न होंगे। तीज क्वीन प्रतियोगिता में केवल 35 वर्ष तक की विवाहित महिलाओं भाग ले सकती है। इस अवसर पर मन्दिर परिसर में मेला भी लगेगा।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में आयोजित होने जा रहा है द लुक्सो शो



**लखनऊ।** नवाबों के शहर, लखनऊ में लग्जरी और लाइफस्टाइल को भव्य तरीके से प्रदर्शित करने वाला शो, द लुक्सो शो (टीएलएस) की बहुप्रतीक्षित दूसरे सीजन के साथ वापसी हो रही है। शो इस वर्ष के आयोजन पहले से भी अधिक शानदार और ऐश्वर्य से भरपूर होगा, जिसमें नामी डिजाइनरों, विश्व प्रसिद्ध लक्जरी कार ब्रांडों, अपने भव्य ज्वैलरी डिजाइंस के लिए ख्याति प्राप्त ज्वैलर्स, रियल स्टेट और प्रीमियम ब्रांड्स की एक श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 26 और 27 अगस्त, 2023 को द सेंट्रम में आयोजित होगा। इस शो में रितु कुमार, सामंत चौहान, गीशा डिजाइन बाय पारस एंड शालिनी, हाउस ऑफ थ्री से सौनक, मनोविराज खोसला, आलेख्या बाय सुहानी गुरनानी, रवीना बेलानी, संचिता और श्रीलंका से कामिल हेवाविथाराना जैसे प्रसिद्ध डिजाइनर शामिल होंगे।

### अमरेन्द्र कुमार सिंह बने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**लखनऊ।** राष्ट्र रक्षा वाहिनी (आरआरवी) की एक बैठक राष्ट्रीय कार्यालय इन्दिरा नगर लखनऊ उ.प्र. में राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिजीत विसेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में अमरेन्द्र कुमार सिंह (एडवोकेट) को राष्ट्र रक्षा वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा अमरेन्द्र कुमार सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

### राहुल अमेठी से लड़ेंगे लोकसभा चुनावः अजय राय

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनैतिक पार्टियां कमर कस रही हैं। आज शुक्रवार को यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दावा किया है कि राहुल गांधी दोबारा अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। पिछले लोकसभा चुनाव में इसी सीठ से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रियंका गांधी के भी लोकसभा चुनाव लड़ने की संभावना पर कहा, राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगे ,प्रियंका जी चाहें तो वाराणसी से चुनाव लड़ सकती हैं। राहुल गांधी वर्तमान में केरल के वायनाड सीट से लोकसभा सांसद हैं।

### क्रांतिवीरों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**लखनऊ।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महान क्रांतिवीरों खुदीराम बोस , प्रफुल्ल कुमार चाकी एवं मदन लाल ढींगरा की पावन स्मृति में क्रांतिवीर रामकृष्ण खत्री के कैसरबाग स्थित आवास पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध जन और विद्यालयों के शिक्षक-छात्र भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर छात्रों ने इन क्रांतिवीरो की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस मौके पर छात्रों को उदय खत्री,अब्दुल वहीद ने पुरुस्कार देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के आयोजक उदय खत्री ने सभी का स्वागत किया और कहा कि देश को आजादी बड़े बलिदानों के बाद मिली है।

### अभियान चलाकर दिए जाएं वन अधिकार में पट्टे

**लखनऊ।** वन अधिकार कानून में जमा किए गए आदिवासियों और वनाश्रितों के दावों का सत्यापन कर उन्हें पुश्तैनी वन भूमि का आवंटन करने के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाए। यह मांग आज ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एस आर दारापुरी ने समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण को पत्र भेज कर की है। समाज कल्याण मंत्री को भेजे गए पत्र में उन्होंने अवगत कराया है कि आईपीएफ से जुड़ी आदिवासी वनवासी महासभा की तरफ से इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल जनहित याचिका में सरकार को यह निर्देश दिया गया था कि वह उत्तर प्रदेश में जमा दावों का सत्यापन कराये और वन अधिकार कानून के तहत जमा दावों का सत्यापन कराए और लोगों को जमीन का आवंटन करें।

# पशुधन मंत्री ने किया गोआश्रय स्थल का निरीक्षण

▸ गोवंश के मृत्यु के मामले में प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी को दिये जांच के निर्देश



लखनऊ। समृद्धि न्यूज

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के विकास खण्ड मोहनलालगंज स्थित कमालपुर विचलिका गोआश्रय स्थल में 14 अगस्त को 13 गोवंशों की मृत्यु की घटना का संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों एवं मोहनलालगंज के परगना अधिकारी तथा पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ गोआश्रय स्थल का निरीक्षण किया।

धर्मपाल सिंह ने निर्देश दिये कि गोआश्रय स्थल पर मनरेगा के माध्यम से टीन शेड की व्यवस्था की जाए और चारा मशीन ठीक कराई जाए। उन्होंने सख्त रूप से निर्देशित किया कि गोआश्रय स्थलों पर हरे चारे एवं भूसे की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और सभी गोशालाओं को हरे चारे की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए हरसंभव प्रयास किये जाए। ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने पाये। उन्होंने गोवंश को दिये जाने वाले हरे चारे और सूखे चारे की गुणवत्ता के संबंध में प्रदेशभर के गोआश्रय स्थलों को आवश्यक दिशा-निर्देश तत्काल जारी किये जाने के निर्देश भी दिये। निरीक्षण के उपरान्त धर्मपाल सिंह ने मोहनलालगंज तहसील कार्यालय में आहूत बैठक में आईवीआरआई बरेली तथा फॉरेन्सिक लैब लखनऊ द्वारा जॉच की रिपोर्ट पर अग्रिम कार्यवाही किये जाने के लिए सूर्यपाल गंगवार, जिलाधिकारी लखनऊ को अधिकृत करते हुए विस्तार से जॉच करने एवं दुर्घटना के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। स्थलीय निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव पशुधन देवेन्द्र पाण्डेय के अलावा सीडीओ, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पुलिस विभाग के अधिकारी तथा पशुधन विभाग के चिकित्साधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। पशुधन मंत्री के स्थलीय निरीक्षण के पश्चात मंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी लखनऊ सूर्यपाल गंगवार ने गोआश्रय स्थलों के समुचित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आवश्यक संसाधन कराने के लिए अधिकारियों एवं पशुचिकित्साधिकारियों के साथ बैठक करके निर्देशित किया कि नगराम जैसी घटना की पुनरावृत्ति नही होनी चाहिए।

### कन्नौज व मेरठ में दो थानों की हुई स्थापना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुपालन में जनपद कन्नौज के थाना सौरिख क्षेत्रान्तर्गत नवीन पुलिस थाना सकरावा तथा जनपद मेरठ के नवीन थाना लोहियानगर की स्थापना के आदेश निर्गत कर दिये गये है। प्रमुख सचिव, गृह ने बताया कि यह निर्णय इस क्षेत्र में शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, अपराधों पर और अधिक प्रभावी तरीके से अंकुश लगाये जाने, महिलाओं एवं जन-सामान्य को और अधिक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। इससे अधिक से अधिक आबादी की पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरूस्त व सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। प्रदेश के जनपद कन्नौज के थाना सौरिख क्षेत्रान्तर्गत नवीन पुलिस थाना सकरावा तथा जनपद मेरठ के नवीन थाना लोहियानगर की स्थापना के संबंध में आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये है।

# योगी सरकार के टेस्ट में सिर्फ दर्जन भर डीएम उतरे खरे

▸ देर सबेर ब्यूरोक्रेसी में हो सकता बड़ा फेरबदल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

यूपी की योगी सरकार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। कोई चूक नहीं छोड़ना चाहती और हर संभव प्रयास कर रही है। ब्यूरोक्रेसी की कार्यशैली जांचने के लिए शासन ने अपने स्तर से रिपोर्ट तैयारी करवाई है। अधिकतर जिलाधिकारी फिसड्डी साबित हुए। कुछ जिलों की रिपोर्ट बेहतर है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में बदलाव होंगे। लोकसभा चुनाव से पहले अधिकांश जिलों में नए जिलाधिकारी तैनात किये जा सकते हैं। सीएम के निर्देश पर शासन स्तर की जांच में यूपी के 75 में 63 जिलों के जिलाधिकारियों का काम संतोषजनक नहीं पाया गया है। सूत्रों की मानें तो केवल 12 जिलों के ही जिलाधिकारी शासन की मंशा के अनुरूप काम कर रहे हैं। सबसे बुरा हाल सबसे प्राथमिकता वाले जिले का है। अयोध्या के जिला अधिकारी की रिपोर्ट फिसड्डी बताई गई है। लखनऊ के जिलाधिकारी भी आखिरी के 15 की सूची में हैं। विभागीय समीक्षा में सहकारिता विभाग अव्वल रहा है जबकि अधिकांश विभागों का परफार्मेंस ठीक नहीं है। शासकीय सूत्रों के मुताबिक बलरामपुर समेत 12 जिलों के डीएम का काम उम्दा है जबकि 63 का काम खराब है। विभागीय रैंकिंग में सहकारिता विभाग अव्वल हैं।

सूत्र बताते हैं कि विभागीय रैंकिंग में सहकारिता विभाग, नगर विकास विभाग, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, सिंचाई जल संसाधन कृषि विभाग और ग्राम विकास विभाग टॉप फाइव में दर्ज किए गए हैं। फर्रुखाबाद, रामपुर, अयोध्या, ललितपुर, आगरा, मुरादाबाद, कुशीनगर, कन्नौज, जालौन, गोरखपुर, फतेहपुर, मऊ, वाराणसी और कानपुर के डीएम फिसड्डी की सूची में दर्ज किए गए हैं।

# नए संविधान की वकालत करना अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन : मायावती

लखनऊ। समृद्धि न्यूज



बसपा प्रमुख मायावती ने देश में नए संविधान की वकालत करने वाले पीएम मोदी के आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय के लेख को लेकर सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय द्वारा अपने लेख में देश में नए संविधान की वकालत करना उनके अधिकार क्षेत्र का खुला उल्लंघन है जिसका केन्द्र सरकार को तुरन्त संज्ञान लेकर जरूरी कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि आगे कोई ऐसी अनर्गल बात करने का दुस्साहस न कर सके। उन्होंने ने अपने दूसरे ट्वीट में कहा कि देश का संविधान इसकी 140 करोड़ गरीब, पिछड़ी व उपेक्षित जनता के लिए मानवतावादी एवं समतामूलक होने की गारण्टी है, जो स्वार्थी, संकीर्ण, जातिवादी तत्वों को पसंद नहीं और वे इसको जनविरोधी व धन्नासेठ-समर्थक के रूप में बदलने की बात करते हैं, जिसका विरोध करना सबकी जिम्मेदारी। दरअसल, पीएम मोदी के आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय का 15 अगस्त को एक लेख समाचर में पत्र में आया था। उसमे उन्होंने दावा कि हमारा मौजूदा संविधान काफी हद तक 1935 के भारत सरकार अधिनियम पर आधारित है। 2002 में संविधान के कामकाज की समीक्षा के लिए गठित आयोग की एक रिपोर्ट आई थी, लेकिन यह आधा-अधूरा प्रयास था।

### पूर्व प्रशासनिक अधिकारी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**लखनऊ।** राज्य कर मुख्यालय में धोखाधड़ी का अजीबोगरीब कारनामा सामने आया है। विभाग के पूर्व प्रशासनिक अधिकारी ने पत्नी के इलाज के लिए लखनऊ के एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले में स्थित अस्पताल तक ले जाने के लिए एयर एम्बुलेंस बुक कर ली। विभाग में एयर एम्बुलेंस का 3500 रुपये का बिल भी लगा दिया। बिल देख शक होने पर जांच कराई गई तो मेडिकल बिलों के नाम पर हो रहे खेल का भंडाफोड़ हो गया। प्रशासनिक अधिकारी चंद्र प्रकाश ने रिटायर्ड अफसर पर विभूतिखंड थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राज्य कर मुख्यालय लखनऊ में तैनात पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अनुराग मेहरोत्रा ने 25 जुलाई 2022 को विभाग में मेडिकल बिल लगाया। दिखाया गया था कि पत्नी प्रमिला मेहरोत्रा को आपात इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस लेनी पड़ी। बीमार पत्नी को एयर एम्बुलेंस कटारी टोला चौक स्थित उनके घर से गोमती नगर स्थित टीसीआई सेंटर तक ले गई फिर वापस घर एयर एम्बुलेंस ने ही छोड़ा।

# मोटे अनाज की खरीद हेतु किसानों का पंजीकरण शुरू

## 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक खरीद की जायेगीः खाद्य आयुक्त

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर वर्ष 2023-24 हेतु सीधे किसानों से मोटे अनाज, मिलेट्स श्री अन्न मक्का, बाजरा एवं ज्वार की खरीद हेतु किसानों का पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। मक्का, बाजरा एवं ज्वार की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य एवं रसद विभाग की वेबसाइट अथवा विभाग के मोबाइल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकृत किसानों से ही मक्का, बाजरा एवं ज्वार क्रय किया जायेगा। प्रदेश के खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू ने देते हुए बताया कि मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2090 रूपये प्रति कुन्तल, बाजरा 2500 रूपये प्रति कुन्तल, ज्वार हाइब्रिड 3180 रूपये प्रति कुन्तल और ज्वार मालदाण्डी 3225 रूपये प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की है कि इच्छुक किसान खरीद प्रारम्भ होने से पूर्व ही पंजीकरण करा लें और न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठाये। खाद्य आयुक्त ने बताया कि आगामी 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक खरीद की जायेगी। क्रय केन्द्र प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित रहेंगे।

किसानों को पंजीकरण हेतु वर्तमान मोबाइल नम्बर ही अंकित कराना होगा और एसएमएस द्वारा प्रेषित ओटीपी भरकर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। मक्का, बाजरा एवं ज्वार का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक बैंक खाते में करने की व्यवस्था की गयी है। किसानों की सुविधा के लिए नॉमिनी की व्यवस्था भी की गयी है।मक्का खरीद जनपद बुलन्दशहर, हापुड़, सहारनपुर, बदायूँ, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, इटावा, फर्रूखाबाद, औरैया, गोण्डा, बहराइच, श्रावस्ती, बलिया, जौनपुर, देवरिया, मिर्जापुर, सोनभद, लखीमपुर खीरी, आजमगढ़ एवं ललितपुर में की जाएगी। बाजरा की खरीद जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्ध नगर, बरेली, बदायूँ, शाहजहाँपुर, मुरादाबाद,रामपुर, सम्भल, मिर्जापुर, सन्तरविदास नगर, जालौन, चित्रकूट, बाँदा, प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ में की जायेगी। ज्वार खरीद जनपद बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, गाजीपुर, रायबरेली, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, सुलतानपुर, अमेठी, मिर्जापुर, जालौन, अयोध्या एवं वाराणसी में की जाएगी। किसान किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या सम्बन्धित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

# डूब रहे नवजात को बचाने वाले बच्चों को मिला सम्मान

## अन्तरात्मा से प्रेरित होकर बच्चों ने किया साहसिक कार्यः राज्यपाल

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में उन चार बच्चों की हौसला-अफजाई करते हुए सम्मानित किया। जिन्होंने गत दिवस में नदी में कूदकर नवजात को बचाने का साहसपूर्ण कार्य किया। राज्यपाल ने इस साहसपूर्ण कृत्य के लिए 10 वर्षीय तौसीफ पुत्र वारिस, 9 वर्षीय हसीब पुत्र रफीक, 7 वर्षीय जीशान पुत्र सूफियान तथा 10 वर्षीय गुफरान पुत्र वजीज को स्कूल बैग, पठन-पाठन सामग्री, मिठाई, चॉकलेट तथा फुटवियर प्रदान कर प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि इस कार्य को बच्चों ने अपनी अंतरआत्मा से प्रेरित होकर किया। बच्चे स्कूली शिक्षा से वंचित हैं और अपने इस साहसपूर्ण कार्य के सामाजिक महत्व को जानते तक नहीं हैं। इनके इस कार्य को आज पूरे देश में प्रशंसा की दृष्टि से देखा जा रहा है। राज्यपाल ने बच्चों के साथ उनके माता-पिता को बच्चों की शिक्षा के लिए प्रेरित किया। वहां उपस्थित सेना, पुलिस तथा अन्य अधिकारियों का उदाहरण देकर बच्चों के उत्कृष्ट विकास के लिए प्रण भी कराया। ज्ञातव्य है कि बीते दिनों कुड़िया घाट के पास गोमती नदी में नवजात शिशु को चार बहादुर बच्चों ने डूबने से बचाया था। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि जिस क्षेत्र में ये चारों बच्चे रह रहे हैं। उस क्षेत्र की सम्पूर्ण झोपड़पट्टी के बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करा दिया जाए। उन्होंने कहा कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्र तथा 6 वर्ष से ऊपर के बच्चों का प्राथमिकता से स्कूल में एडमिशन कराया जाए। उन्होंने झोपड़पट्टी में स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के आवश्यक टीकाकरण, गम्भीर रोगों की जांच सहित स्वास्थ्य सम्बन्धी सभी जांचों और उचित चिकित्सा भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। झोपड़पट्टी स्थल का प्राथमिकता से सर्वे करके वहाँ की सभी प्रकार की समस्याओं और आवश्यकताओं को सूचीबद्ध कर लिया जाए। सभी सम्बन्धित विभागों से एक अधिकारी, भिक्षा से शिक्षा का कार्य कर रही 'उम्मीद' संस्था, स्वतः प्रेरणा से आगे आकर बच्चों के लिए कार्य करने की इच्छुक आर्मी वाइफ्स वेलफेयर एसोसिएशन के साथ एक कमेटी बनाकर झोपड़पट्टी के विकास पर सर्वोच्च प्राथमिकता से कार्य प्रारम्भ कर दिया जाए। राज्यपाल ने बच्चों के इस साहसपूर्ण कार्य के समान अपने जीवन में घटी परिवर्तनकारी घटना का जिक्र भी किया। इस अवसर पर आर्मी वाइव्स वेलफ्येर एसोसिएशन की क्षेत्रीय अध्यक्ष महालक्ष्मी सुब्रमणि ने एसोसिएशन के माध्यम से झोपड़पट्टी में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने, बच्चों को स्कूली शिक्षा से जोड़ने, अभिभावकों को कौशल विकास प्रशिक्षण देने तथा परिवारों को स्वस्थ जीवन की ओर उन्मुख करने, स्थानीय समस्याओं का चिन्हीकरण करके निदान कराने जैसी पहल हेतु अपना स्वैच्छिक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष में सभी बहादुर बच्चों को राखी बांधी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ सुधीर महादेव बोबडे, चारों साहसी बालकों के माता-पिता, एडीशनल डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस चिरंजीव सिन्हा, ठाकुरगंज (कुड़ियाघाट) के थाना प्रभारी, महिला एवं बाल विकास विभाग से डीपीओ विकास सिंह के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्था 'उम्मीद' के पदाधिकारी एवं आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

## 17 सितम्बर को पीएम विश्वकर्मा योजना होगी लांच

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के लिए 17 सितम्बर बहुत खास तिथि है। 17 सितम्बर को जहां विश्वकर्मा जयन्ती है तो वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म दिवस भी है। इस तारीख को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन मनाया जाएगा, जिसको लेकर भाजपाई काफी उत्साहित होने के साथ व्यापक तैयारी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अपने लीडर और देश के प्रधानमंत्री के जन्मदिन को यादगार बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ने वाले है। इसी दिन पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत होगी। पीएम विश्वकर्मा योजना को विश्वकर्मा जयंती पर 17 सितंबर को लॉन्च किया जाना है। भाजपा 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाएगी और भाजपा ओबीसी मोर्चा इसी दिन शुरू हो रही।

### संक्षिप्त

## वाराणसी मण्डल के 10 मार्गों के लिए 4 करोड़ 13 लाख 11 हजार अवमुक्त

**लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा राज्य सड़क निधि योजना के अन्तर्गत वाराणसी मण्डल के विभिन्न जनपदों के 10 मार्गों के स्वीकृत एवं चालू कार्यों हेतु 04 करोड़ 13 लाख 11 हजार रूपए की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। शासनादेश के अनुसार 10 चालू कार्यों में जौनपुर के 07 तथा चन्दौली के 03 कार्य शामिल हैं। अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि का उपयोग प्रत्येक दशा में 31 मार्च 2024 तक कर लिया जाय एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल 2024 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश में यह भी निर्देश दिये गये हैं कि आवंटित धनराशि के सापेक्ष व्यय, वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों ज्ञापों में उल्लिखित शर्तों के अनुसार वित्तीय हस्तपुस्तिका के नियमों, स्थायी आदेशों तथा राज्य सड़क निधि नियमावली में किये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये कार्यों को सम्पादित किया जाय तथा कार्यों की वित्तीय भौतिक प्रगति का सक्षम स्तर पर सम्यक निरीक्षण सत्यापन कर प्रगति रिपोर्ट हर माह शासन को उपलब्ध करायी जाय तथा इन कार्यों में वित्तीय नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय एवं परियोजना को ससमय पूर्ण किया जाय।

## 22 अगस्त को शिक्षक देंगे धरना

**लखनऊ।** लुऑक्टा द्वारा अनुदानित अशासकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं छात्र व छात्राओं के लिए बायोमैट्रिक उपस्थिति की सुनिश्चितता, पुरानी पेंशन बहाल न करने, 47 विज्ञापन के शिक्षकों का स्थायीकरण एवं अन्य मांगों का निस्तारण नहीं किए जाने के विरोध में प्रदेश संगठन के आह्वान पर 16 से 21 अगस्त तक काले फीते के साथ कार्य करने के प्रतीकात्मक विरोध आज तीसरे दिन भी जारी रहा। लखनऊ सहित चारों जिलों रायबरेली, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई के महाविद्यालयों में शिक्षक काले फीते के साथ अपना कार्य जारी रखे हुए हैं। शिक्षकों की मांगों को न माना गया तो 22 अगस्त को लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में महाविद्यालयों के शिक्षकों द्वारा धरना दिया जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री ने फोटो प्रदर्शनी का किया उद्घाटन



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में द यूथ फोटोजर्नलिस्ट एसोसिएशन (टाइपा) की चार दिवसीय सातवीं राष्ट्रीय सामूहिक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित फोटो प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने एक-एक कर प्रदर्शनी में लगी तस्वीरें देखी और सराहना व्यक्त की। कार्यक्रम में टाइपा के अध्यक्ष शाहिर सिद्दीकी ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत किया। इस मौके पर अध्यक्ष शाहिर सिद्दीकी ने कहा कि युवा छायाकारों की प्रतिभा, रचनात्मकता और दृष्टिकोण को दुनिया के सामने लाने के उद्देश्य से साल 2015 में एसोसिएशन का गठन किया गया था। जिससे हम देश भर के उन युवाओं को भी एक मंच प्रदान कर सकें जो पत्रकारिता के क्षेत्र में न होते हुए भी फोटोग्राफी को अपने जीवन में स्थान देते हैं। शाहिर सिद्दीकी ने बताया कि टाइपा के माध्यम से हमें अपने उद्देश्य को सफल करने में सफलता हासिल हुई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि फोटोग्राफी कोई आसान कार्य नहीं है। यह बेहद जोखिम भरा काम है। जो भी व्यक्ति इस प्रोफेशन में हैं वह बहुत मेहनत से अपनी जिम्मेदारी को निभाते हैं। सभी व्यक्ति खुद से मेहनत कर ही सफलता अर्जित करते हैं।

## 70 हजार की बाइक और दो लाख का चालान

**लखनऊ।** ऑनलाइन चालान में हो रही गड़बड़ियों का खामियाजा बेवजह वाहन चालक और स्वामी भुगतने को मजबूर हो रहे हैं। समाधान न निकलने के कारण अर्थदंड भुगत रहे हैं। मैनुअल चालान में अफसरों को संशोधन का अख्तियार होता है लेकिन ऑनलाइन चालान में कोई सुनने को राजी नहीं होता है। गाजियाबाद में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। 70 हजार रुपये की एचएफ डीलक्स बाइक का दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर दो लाख रुपये का चालान किया गया है। एक माह पूर्व पीड़ित बाइक बेचने गए तो इस चालान का पता लगा है। यातायात पुलिस कार्यालय में संपर्क करने पर मदद नहीं मिली है। यातायात पुलिस के मुताबिक एक्सप्रेस वे पर प्रतिबंधित दो पहिया वाहन चलाने की धारा में 20 हजार रुपये का चालान होता है। दो लाख रुपये का चालान कैसे हुआ, इसकी छानबीन की जा रही है।

कार्यालय नगर पंचायत, चोपन-सोनभद्र




आज़ादी का अमृत महोत्सव

15 अगस्त-2023, आजादी का अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर नगर पंचायत चोपन-सोनभद्र नगरवासियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ, तथा नगर वासियों से निम्न अपेक्षायें करता हूँ-

1. प्रतिबन्धित प्लास्टिक का प्रयोग कदापि न करें और न किसी को करने दें।
2. कूड़े को नालियों और रास्तों में न फेंके और न ही जलायें।
3. नगरवासी वृक्षारोपण कर नगर को प्रदूषण मुक्त करने में सहयोग करें।
4. डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन हेतु निकाय द्वारा संचालित वाहन में ही अपने घरों का कूड़ा दें।
5. अपने पालतु जानवरो (गाय व अन्य) को सड़क पर खुला न छोड़े।
6. सार्वजनिक भूमि, सड़कों, पटरियों एवं नालियों आदि पर अतिक्रमण न करें।
7. जल ही जीवन है। व्यर्थ में इसे बर्बाद न करें।
8. स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में सिटिजन फीडबैक में अपना सक्रिय योगदान दें।

यह नगर आपका है। इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में नगर पंचायत का सहयोग करें।



(देवहूती पाण्डेय)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चोपन
सोनभद्र।

समस्त सम्मानित सभासदगण
नगर पंचायत चोपन,
सोनभद्र



(उस्मान अली)
अध्यक्ष
नगर पंचायत चोपन
सोनभद्र।

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र कुमार
प्रधान
ग्राम पंचायत कुठौंन्द, विकास खण्ड- कुठौन्द, जनपद- जालौन

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
रंजीत सिंह
वन क्षेत्रीय अधिकारी
वन विभाग माधौगढ़ (जालौन)

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
विनोद कुमार राठौर
प्रधान
ग्राम पंचायत रोमई मुस्तकिल, विकास खण्ड- कुठौन्द, जनपद- जालौन

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत बाथम
प्रधान
ग्राम पंचायत वावली, विकास खण्ड- कुठौन्द, जनपद- जालौन

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 सुनीता बनौधा
मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका
जिला महिला अस्पताल उरई, जालौन

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नन्दराम अहिरवार
प्रधान अध्यापक
पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैवतपुरा
खंगारन पनवाड़ी जनपद महोबा

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आर. पी. सिंह
वरिष्ठ नेत्र सर्जन (गोल्ड मैडलिस्ट)
जिला नेत्र चिकित्सालय, उरई जालौन

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. मंगल महान
जिला महामंत्री
भाजपा जिला-महोबा

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश प्रसाद
मुख्य प्रबंधक
पंजाब नेशनल बैंक उरई, जालौन

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



शशि कुमार पाण्डेय
थाना प्रभारी
थाना पनवाड़ी

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
धरती पर है स्वर्ग वहां, हरे भरे है वृक्ष वहां



सुरजू प्रसाद
वन क्षेत्राधिकारी
घोरावल सोनभद्र

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रावत ग्रेनाइट
पप्पू महराज
जमाला पनवाड़ी

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. पीके विश्वास
दुद्धी सोनभद्र
नोट हमारे यहां बवासीर भगंदर हाइड्रोसील के बिना ऑपरेशन का सफल इलाज

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रिचा निगम
संवाददाता दैनिक भास्कर
पनवाड़ी महोबा

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जैसवार ओमप्रकाश
अवर अभियंता लघु सिंचाई
विभाग ब्लाक बभनी सोनभद्र

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
महेश कुमार
प्रधान
ग्राम पंचायत बिचौली, विकास खण्ड- कुठौन्द, जनपद- जालौन

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र सिंह राजावत — अध्यक्ष
संजय सिंह — सचिव
संकल्प : महिला उत्पीड़न रोकना व पिछड़ा एवं बीहड़ क्षेत्र का विकास करना
परमार्थ समाज सेवी संस्थान, उरई, जालौन

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देव प्रकाश मौर्या
ओबरा सोनभद्र

सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रजनी पत्नी बबलू रावत



ग्राम प्रधान
अलीपुरा
पनवाड़ी

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं



गौरव कुमार
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड नदीगाँव, कोंच (जालौन)

समस्त जनपद वासियों को स्वतंत्रता दिवस व रक्षा बंधन की
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ0 अवनीश कुमार
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
जिला अस्पताल उरई, जालौन

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सौरभ अग्रवाल
चोपन सोनभद्र

# हजरत शाह महबूब मीना की पुण्यतिथि पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित

## तरक्की और खुशहाली के लिए दीनी व दुनियावी तालीम जरूरी : मौलाना अरबाब फारूकी

गोंडा, समृद्धि न्यूज।






पूर्वी भारत की मशहूर खानकाह दरबार ए आलिया मीनाईया में हज़रत शाह महबूब मीना साहब बाबा जी की तारीख़े विसाल (पुण्यतिथि) पर प्रोग्राम जश्ने फ़ैज़ाने मुर्शिद सज्जादानशीन हज़रत शाह जमाल मीना साहब की सरपरस्ती में मनाया गया।

इस अवसर पर आल इंडिया मुक़ाबला क़रित एवं ऑल इंडिया मुसाबका खिताब (भाषण प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया जिसमें पूरे भारत से सैकड़ों प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपना ऑडियो क्लिप भेज कर हिस्सा लिया। उनमें से 20 मेधावियों को चुना गया।

मुक़ाबला क़रित में अब्दुल कादिर जिला बलरामपुर ने प्रथम, मोहम्मद अशद सादमानी झारखंड ने द्वितीय और मोहम्मद फरहान बद्र किछौछा अंबेडकर नगर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में मौलवी मोहम्मद मिन्नत रज़ा झारखंड ने प्रथम, मौलवी जाकिर आलम गया बिहार ने द्वितीय व खालिद रज़ा बरेली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अलावा मोहम्मद रय्यान संभल को विशेष पुरस्कार, अनवर अहमद, मोहम्मद नोमान रज़ा, मोहम्मद अलीम रज़ा, अहमद रज़ा, मोहम्मद माज़, मोहम्मद जुनैद, बरकत अली, सलमान, अकील रज़ा, मोहम्मद इल्यास, मोहम्मद जोहेब, फिदा मोहम्मद ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। दरबारे आलिया मीनाइया की तरफ से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 51000, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 25000, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 11000 एवं विशेष स्थान प्राप्त करने वाले को 7786 रूपये नगद पुरस्कार के साथ ट्राफी, प्रमाण पत्र, बैग एवं पुस्तकें आदि भेंट की गयीं। दिन में कुल शरीफ की महफिल हुई जिसमें अकीदतमंदों ने खिराजे अकीदत पेश किया। दुआख्वानी में मुल्क की तरक्की, खुशहाली एवं बीमारियों से छुटकारा की दुआ हुई।

रात्रि के जल्से में हिंदुस्तान के मुख्य वक्ता मौलाना अरबाब फारूकी ने अपने सम्बोधन में शिक्षा के महत्व पर लोगों का ध्यान केंद्रित कराते हुए दीनी और दुनियावी तालीम हासिल करने पर जोर दिया और लोगों से बाबा जी के बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। वहीं आलमी शोहरत याफ्ता शायर मोहम्मद अली फैजी ने अपने खूबसूरत आवाज में नात पढ़ा। इनके अलावा मुफ़्ती अमानुर्रब साहब व मौलाना मुज़क्किर हुसैन ने लोगों को बाबा जी के बारे में बताया।

इस अवसर पर क़ारी निसार अहमद मीनाई, डॉ लायक अली, रफ़ीक़ आलम मीनाई, बाबा फकीर मोहम्मद, बजरंगी बाबू, राजेंद्र मिश्रा, असित श्रीवास्तव, विभूति मणि त्रिपाठी, तबरेज़ आलम मीनाई, एहसान मीनाई समेत बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित रहे।

### धूमधाम से मनाया गया सिंधारा, तीज महोत्सव आज



गोंडा, समृद्धि न्यूज। दद्दा बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर गोंडा में शुक्रवार को धूमधाम से श्री रानी सती दादी का सिंधारा मनाया गया। कार्यक्रम में महिला भक्तों ने दादी के पैरों में मेंहदी लगाई। भक्तों ने दादी जी के भजनों पर नृत्य करके दादी को खूब रिझाया। और आज शनिवार को तीज महोत्सव का कार्यक्रम होगा, जो सांयकाल 4:00 बजे से शुरू होगा यह आयोजन श्री श्याम मंदिर महिला मंडल द्वारा होगा। महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल ने बताया तीज क्वीन प्रतियोगिता में 40 वर्ष से अधिक आयु की बहू बेटियां भाग ले सकेंगी। महिला मंडल की कोषाध्यक्ष वेनू मोदी ने बताया की गेम्स का भी आयोजन होगा जो कार्यक्रम स्थल पर गेम्स की जानकारी दी जाएगी। महिला मंडल की मंत्री पूनम मित्तल ने बताया की तीज महोत्सव पर हरियाली तीज पर आधारित सरप्राइस प्रश्नोत्तरी का कार्यक्रम होगी,और समाज की बहू बेटियां व बच्चे राधा कृष्ण के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला मंडल अध्यक्ष की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, वेनू मोदी, पूनम मित्तल,शारदा गर्ग, प्रीति अग्रवाल, सरोज गर्ग, गुंजन शाह, नीतू गर्ग ,प्रेमलता सिंघल,सरिता अग्रवाल, प्रीति तुलस्यान, ज्योति तुलस्यान, शगुन मित्तल, पुष्पा सोमानी, संतोष अग्रवाल, मीना अग्रवाल, सहित महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहीं।

# पुलिस अधीक्षक ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

- जवानों से दौड़ लगवा कर मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने का दिया संदेश

गोंडा, समृद्धि न्यूज।





शनिवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री अंकित मित्तल ने पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने शारीरिक दक्षता विकसित करने हेतु परेड को दौड़ लगवाई। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवायी तथा जवानों को शारीरिक रूप से फिट रहने का संदेश दिया तथा जवानों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम भी करवाया। परेड के उपरान्त पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर मोटर वाहन शाखा, जलपान गृह, आर ओ प्लांट वाटर तथा पुलिस कैंट्रीन आदि का निरीक्षण किया तथा आदेश कक्ष में गार्ड कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर शिल्पा वर्मा, क्षेत्राधिकारी लाइन चंद्रपाल शर्मा, प्रतिसार निरीक्षक, पीआरओ पु0अ0 व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### दबंग कर रहे नाली पर कब्जा, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। मोती गंज थाना क्षेत्र में कुछ दबंग लोग एक दलित की नाली पर जबरन कब्जा कर रहे है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है। मोती गंज थाना क्षेत्र के काजी देवर मोफ़िया गांव के निवासी विजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया है कि गांव के कोलिया में उस की पाइप लगी है। जिस को राजित राम सहित छह लोगों ने मिलकर नाली की पाइप को तोड़ डाला और उस पर अपना कब्जा कर के नीव भराने लगे। विरोध करने पर उस की पत्नी शांति देवी को मारने पीटने लगे। बचाने दौड़ी उस की भाभी जानकी पत्नी फूल चन्द्र, राधा पत्नी भान चन्द्र को भी मारा पीटा गया। पुलिस 112 को सूचना दिया इस के बाद भी कोई कार्यवाही नही किया। थाने पर भी उस की नही सुनी गई। एक तरफा कार्यवाही की गई। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है।

# चार निरीक्षकों सहित 57 उप निरीक्षकों का तबादला

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने जिले की कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए चार निरीक्षक सहित 57 उप निरीक्षक को ताश के पत्तों की तरफ फेट दिया।कुछ को पुलिस लाइन हाजिर किया तो कुछ को चौकी प्रभारी बनाया गया।

निरीक्षक दुर्ग विजय सिंह को निरीक्षक अपराध शाखा थाना खोडारे, वेद प्रकाश शुक्ल को अतिरिक्त निरीक्षक खोडारे, दिलीप कुमार सिंह को निरीक्षक यातायात, प्रमोद कुमार सिंह को प्रभारी डीसी आर बी के साथ ही अंगुष्ठ छाप नफीस सेल के भी प्रभारी बनाये गए। उप निरीक्षक में अजय कुमार को धाने पुर, उप निरीक्षक सन्तोष कुमार यादव को खरगूपुर ,उप निरीक्षक अजय पांडेय को कटरा बाजार, भा जीत सिंह उप निरीक्षके परस पुर, विश्वास कुमार चतुर्वेदी को उप निरीक्षक कौडिया, उप निरीक्षक बब्बन सिंह को इटिया थोक, राम भवन पासवान को मोती गंज ,धर्मेंद्र कुमार गौतम वजीर गंज थाना, उप निरीक्षक सर्वजीत गुप्ता को एस ओ जी स्वाट टीम, वीरेंद्र पाल चौकी को चौकी प्रभारी सेमरा बनाया गया। पिंटू कुमार यादव को चौकी प्रभारी गुरुनाक नगर कोतवाली, अभिषेक मिश्रा को पुलिस लाइन, शरद कुमार अवस्थी को चौकी प्रभारी पांडेय बाजार नगर कोतवाली, अश्वनी कुमार दुबे को पुलिस लाइन, जितेंद्र कुमार वर्मा को पुलिस लाइन, धनश्याम वर्मा को चौकी प्रभारी महराज गंज, वीरेंद्र कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी तिवारी बाजार कोतवाली देहात, संजीव सिंह चौकी प्रभारी सोनी गुमटी नगर कोतवाली, राजेन्द्र कनवजिया चौकी प्रभारी रोडवेज नगर कोतवाली, अमर सिंह चौकी प्रभारी सद्भावना, उदय नारायण तिवारी चौकी प्रभारी न्यायालय, पवन कुमार सिंह चौकी प्रभारी बाल पुर, नागेश्वर पटेल चौकी प्रभारी खोरहसा, राम आशीष मौर्य चौकी प्रभारी दर्जी कुवा, धीरेंद्र सिंह चौकी प्रभारी पथरी बाजार, प्रमोद कुमार सिंह चौकी प्रभारी भवनिया खुर्द इटिया थोक, राकेश कुमार ओझा थाना मनका पुर, योगेंद्र सिंह चौकी प्रभारी दतौली मनका पुर, शिव कुमार यादव चौकी प्रभारी जिगनी मनका पुर, अरविंद कुमार चौकी प्रभारी मछली बाजार, अंकित सिंह चौकी प्रभारी कस्बा मनका पुर, विनय कुमार पांडेय पुलिस लाइन, रजनीश द्विवेदी चौकी प्रभारी बभनान छपिया, राजेश कुमार दुबे चौकी प्रभारी मसकनवा, शिव लखन सिंह यादव चौकी प्रभारी सरयू घाट नवाब गंज , कामेश्वर राय चौकी प्रभारी कस्बा नवाब गंज, शेष नाथ पांडेय चौकी प्रभारी कोल्हम पुर नवाब गंज , साहेव कुमार चौकी प्रभारी ढेमवा घाट नवाब गंज, रवींद्र कुमार पुलिस लाइन प्रेम चंद्र गुप्ता पुलिस लाइन, गोपाल सिंह चौकी प्रभारी रगड़ गंज तरब गंज, केदार राम चौकी प्रभारी भान पुर तरब गन, सुनील कुमार तिवारी चौकी प्रभारी नियावा उमरी बेगम गज, विनय कुमार पांडेय पुलिस लाइन, सावन कुमार सिंह चौकी प्रभारी डुमरिया डीह वजीर गंज, संजीव चौहान चौकी प्रभारी बाल पुर कर्नल गंज, रमेश कुमार वर्मा चौकी प्रभारी चचरी कर्नल गंज, सुरेंद्र प्रताप सिंह चौकी प्रभारी भमभुवा, उमेश सिंह पुलिस लाइन, अरविंद कुमार सिंह चौकी प्रभारी धोबहा राय कटरा बाजार, सोम प्रताप सिंह चौकी प्रभारी पसका परस पुर, ब्रजेश कुमार गुप्ता चौकी प्रभारी शाह पुर परस पुर, नीरज सिंह चौकी प्रभारी कहोबा मोती गंज, लाल बिहारी पुलिस लाइन, राम दिनेश यादव को मांनीटरिंग सेल भेजा गया।

## खबरें एक नजर में

### टैंकर की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के दुलारपुर टोल प्लाजा के पास बाइक सवार चाचा भतीजे को टैंकर ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को कब्जे में ले लिया है। वहीं हादसे के बाद फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।दरगाह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुलारपुर के मजरा बगिया निवासी सद्दाम (35) पुत्र टेढ़े अपने भतीजे बलदेव (17) पुत्र गुल्ले के साथ शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए दरगाह स्थित मस्जिद गए थे। नमाज पढ़ कर चाचा भतीजे बाइक से वापस अपने गांव जाने लगे। बाइक सवार चाचा भतीजे गांव से पहले पड़ने वाले दुलारपुर टोल प्लाजा के पास पहुंचे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे टैंकर ने टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही चाचा भतीजे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी गांव पहुंची तो रोते बिलखते परिवार के लोग घटना स्थल पहुंचे। आसपास के लोगों की सूचना पाकर पहुंची दरगाह पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त टैंकर को कब्जे में ले लिया गया है। चालक फरार है, उसकी तलाश की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एम आर की मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। तरब गंज थाना क्षेत्र में एक 30 वर्षीय एम आर की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। तरब गंज थाना क्षेत्र के गौहनी गांव के निवासी रविनन्दन मिश्रा पुत्र नरेंद्र लाल मिश्रा एक दवा की कम्पनी में एम आर का काम करता था। गुरुवार के दिन ही दवा से सम्बंधित कार्य के लिए घर से निकला था। देर रात्रि करीब 9 बजे दवा का काम खत्म कर के वापस घर लौट रहा था। दुर्जन पुर बाजार के आस पास किसी अज्ञात वाहन ने उस को टक्कर मार दिया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया ।इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। मृतक रविनन्दन मिश्रा पेशे से एम आर का काम करता था। मृतक के पिता नरेंद्र लाल ने बताया कि तीन माह पूर्व 11 जून को उस की शादी हुई थी। सड़क दुर्घटना में मौत के बाद घर मे दु:खो का पहाड़ टूट पड़ा।

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के भटवलिया रेलवे लाइन के पास एक युवक की ट्रेन से कट कर दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के तिवारी पुरवा तुर्का डिहा निवासी 30 वर्षीया रवि कश्यप पुत्र हीरा लाल मजदूरी करता था है। गुरुवार को मजदूरी करने के लिए घर से निकला था। इस के बाद वापस घर लौट कर नही आया। गांव के ही कुछ लोगो ने उस के शव को देखा तो उस के चाचा राम लाल को इस की सूचना दिया। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के चुंगी नाका के पास एक 65 वर्षीय वृद्ध की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के नौशाहारा निवासी 65 वर्षीय फज्जु खा पुत्र नवाब खा गुरुवार की सुबह घूमने घर से निकला था। चुंगी नाका के पास किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। इलाज के लिए उस को जिला अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई।

### जनता ने खुली बैठक में चुनी कोटे की दुकान

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। निलंबित चल रही कोटे रमवापुर गोविंद की दुकान को आखिर कार प्रशासन के निगरानी में खुली बैठक की संपन्न हुई जिसमें ग्राम पंचायत के लाभार्थियों ने खुला समर्थन देकर दुकान का चयन किया। अवगत कराते चले की कई महीनों से कोटे की दुकान निलंबित चल रही थी। जिस की वजह रही की लाभार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।कई बैठक हुई पर चयन नहीं हो सका था। शुक्रवार को खुली बैठक किया गया। आरक्षण कोटे से बिकलांग सहित दो व्यक्तियों ने आवेदन किया।दीप चंद्र पाण्डेय और बिन्देश्री तिवारी के बीच प्रतिद्वंदिता रही। मौजूद अधिकारीगण द्वारा नाम पुकारा गया और हाथ उठाकर समर्थन मांगा गया। जिसमें दीप चंद्र पाण्डेय के तरफ 70 लोगों ने समर्थन दिया व बिन्देश्री तिवारी के तरफ शून्य मत रहा। विकास खण्ड अधिकारी द्वारा दीप चंद्र पाण्डेय को विजय घोषित किया गया। दुकान के चयन की प्रिक्रिया की जा रही है। जल्द ग्रामवासियों को परेसानियो से छूटकारा मिलेगा। पुलिस की मुस्तैदी रही जिससे किसी प्रकार का शरारती तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न नहीं किया जा सका।

# घर से लापता मासूम का कुएं में मिला शव

- चाचा ने लगाया रंजिश में बालिका को कुएं में फेके जाने और हत्या का आरोप

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के बेहटाभया गांव निवासी ढाई वर्षीय बालिका गुरुवार शाम को घर के सामने खेलते समय रहस्यमय हालत में गायब हो गई। कुछ देर बाद उसका शव गांव में स्थित कुएं से बरामद हुआ।

परिवार के लोगों ने रंजिश में बालिका को कुएं में फेंकने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रामगांव थाना क्षेत्र के बेहटाभया गांव निवासी अशोक कुमार की ढाई वर्षीय बेटी अंशिका गुरुवार शाम को घर के सामने खेल रही थी। खेलते समय बालिका रहस्यमय हालात में गायब हो गई। कुछ देर बाद ही परिवार के लोग बालिका की खोजबीन करने लगे। गांव के बाहर स्थित तालाब में बालिका का शव परिवार के लोगों ने उतराता देखा।

इस पर सभी रोने लगे। चीख सुनकर अन्य लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक अमितेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत बालिका के चाचा शोभाराम ने रंजिश में बालिका को कुएं में फेके जाने और हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

### आशुतोष द्विवेदी बने भारतीय नेवी में लेफ्टिनेंट

बहराइच, समृद्धि न्यूज। राज्य के होनहार वाशिंदे आज किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। बात अगर सैन्य क्षेत्र की करें तो भी न सिर्फ दुश्मन को करारा जवाब देने बल्कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने जान की बाजी लगाने वाले राज्य के वीर सपूतों के साहस, वीरता एवं बहादुरी की शौर्य गाथा न सिर्फ देश में बल्कि विदेशों में बड़े गर्व के साथ सुनाई जाती है।लखनऊ के मूल निवासी जनपद बहराइच के थाना पयागपुर में तैनात उपनिरीक्षक अजय कांत द्विवेदी के सुपुत्र आशुतोष द्विवेदी ने कड़ी मेहनत के बदौलत भारतीय नेवी में उप लेफ्टिनेंट पद के लिए क्वालीफाई किया है। जिनका प्रशिक्षण आई एन ए केरल में 20 जुलाई से शुरू होंगी। आशुतोष ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता अजय कांत व माता उमा देवी तथा गुरुजनों को दिया। चयन होने से क्षेत्र के लोगों में खुशियों का लहर है।





### सदभावना दिवस पर डीएम ने दिलायी प्रतिज्ञा

बहराइच, समृद्धि न्यूज। सदभावना दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट सभागार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना दिवस की प्रतिज्ञा दिलायी कि ''मैं जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता हूँ कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउंगा''। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सागर, मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, एसडीएम, बीडीओ व पशु चिकित्साधिकारी तथा ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान मौजूद रहे। इसी प्रकार जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में सद्भावना प्रतिज्ञा दिलासी गई।

# कम्युनिटी शेड का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

- बाढ़ के दौरान चैन के साथ रह सकेंगे पीड़ित परिवार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।





प्रत्येक वर्ष बाढ़ की विभीषिका का सामना करने वाले विकास खण्डों बलहा, मिहींपुरवा, शिवपुर, महसी, फखरपुर, कैसरगंज तथा जरवल के ग्रामवासियों की सुविधा के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत ब्लाक बलहा में 07, कैसरगंज में 02, महसी में 03 तथा मिहींपुरवा में 03 अदद कम्युनिटी शेड तथा 02 स्थानों पर हाट बाज़ार के शेड, फखरपुर के मंझारा तौकली में 05 शेड जिसमें एक पिंक शेड महिलाओं के लिए एवं एक शेड पशुओं के लिए तथा विकास खण्ड शिवपुर की पांच ग्राम पंचायतों में कम्युनिटी शेड का निर्माण कराया गया है। जहां पर पीड़ित परिवारों को छत, शौचालय, बिजली, पानी इत्यादि मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या रहेंगी। मनरेगा योजना के तहत विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत लगभग रू. 30 लाख 46 हज़ार की लागत से मंझारा तौकली (गांधीगंज) में निर्मित कम्युनिटी शेड का वृहस्पतिवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी ने उद्घाटन किया। उल्लेखनीय है कि यहां पर महिलाओं एवं पुरूषों के लिए 02-02 शेड तथा पशुओं के लिए 01 शेड का निर्माण किया गया है। पशुओं के लिए निर्मित शेड की क्षमता 50 पशुओं की है जबकि स्त्री एवं पुरूषों के लिए निर्मित प्रत्येक शेड की क्षमता 500-500 है। कम्युनिटी शेल्टर पर महिला एवं पुरूषों के लिए 03-03 शौचालय तथा 01-01 स्नानघर तथा पशुओं के लिए 150 कुण्टल क्षमता का भूसा स्टोर भी निर्मित किया गया है। यहां पर लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने हेतु 02 अदद नल की भी स्थापना की गई है। कम्युनिटी शेल्टर के उद्घाटन पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने ग्रामवासियों को शेल्टर होम निर्माण के लिए बधाई देते हुए कहा कि इससे बाढ़ के दौरान प्रभावित लोगों को आसानी होगी। डीएम ने ग्रामवासियों को आश्वस्त किया कि वह शीघ्र ही ग्राम में चौपाल भी आयोजित कर ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान कराया जायेगा। उच्च शिक्षा के लिए इण्टर कालेज स्थापना की मांग पर डीएम ने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर डीएम ने कम्युनिटी परिसर में पौध रोपण भी किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, डीसी एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा व मनरेगा के के.डी. गोस्वामी, बीडीओ फखरपुर शैलेन्द्र सिंह, चित्तौरा के संदीप त्रिपाठी, पूर्व प्रमुख मुन्ना सिंह सहित गणमान्य व संभ्रान्तजन तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# छत पर चढ़े किसान की करंट लगने से मौत

- छत से गुजरी है ग्यारह हजार की लाइन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के धनराजपुर गांव निवासी किसान शुक्रवार को छत पर चढ़ा। इसके बाद वह करंट की चपेट में गया। करंट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी थाने में दी गई है। अभी तक पुलिस नहीं पहुंची है। जरवल रोड थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत धनराजपुर नई बस्ती निवासी 55 वर्षीय बरसाती पुत्र वली मोहम्मद की छत से ग्यारह हजार लाइन गुजरी है। बरसाती के घर के पीछे उसका खेत है जहां पर उसकी पत्नी फहीमा काम कर रही थी।

शुक्रवार को सुबह 11 बजे फहिमा को खाना देने के लिए बुलाने के लिए किसान बरसाती छत पर चढ़े। तभी वह अंजाने में एचटी लाइन से टच हो गए। जिससे करंट लगने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। इससे परिवार में कोहराम मच गया।

परिवार के लोगों ने घटना की जानकारी थाने में दी। लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई भी पुलिस कर्मी मौके पर नहीं पहुंचा है। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। पुलिस को मौके पर भेजा जा रहा है। परिवार की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम को भेजा जाएगा।

# शमा फाउंडेशन की तरफ से बच्चों के लिए लगाई गई मस्ती की पाठशाला

- विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, वितरित किए पुरस्कार

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




शमा फाउंडेशन की और से गाँव में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिये बच्चों के लिए लगाई गई मस्ती की पाठशाला एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

कला प्रतियोगिता, मेहदी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और अपने हुनर से बैग, पुस्तक, मैडल, आदि ईनाम जीता। इसके इलावा कार्यक्रम में उपस्थित सभी बच्चों को बिस्किट, फ्रूटी, टाफी, मैडल, वर्णमाला और सामान्य ज्ञान की पुस्तक, कापियां,पानी की बोतल आदि वितरित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ शमा फाउंडेशन की प्रबंधक शमा परवीन ने बच्चों का हौसला बढ़ाया साथ ही अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का निवेदन किया।और घर भी बच्चे पुस्तक प्रतिदिन पढ़े इसके बारे में भी सफल विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि-एक व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज, और समाज से ये देश जुड़ा होता है। इसलिए बच्चों को किताबें पढ़ने के लिये हमेशा प्रेरित करे ताकि बच्चे पढ़ लिखकर अच्छे इन्सान बन देश का नाम रौशन कर सके।

**चार पंक्तियों से किया समापन**

हर दिल की आरजू है कि बच्चे पढ़ें सभी
तारे ज़मीं पे लाने की कोशिश करें सभी
मुझको यकीं है मुल्क का होगा विकास तब
हमराह सब को साथ में लेकर चलें सभी

# लड़की होने पर दूसरे शिशु जन्म पर भी मिलेगा पीएम मातृ वंदना योजना का लाभ

- योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण आवश्यक

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत प्रथम बार गर्भ धारण करने वाली महिला को तीन किस्तों में 5000 रुपए की धनराशि दी जाती थी। इसमें बदलाव करते हुए योजना को मिशन शक्ति के सामर्थ्य योजना में शामिल किया गया है। इसकी वजह से अब लाभार्थी को 3 किस्तों के बजाय 2 किस्तों में ही 5000 हजार रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं दूसरे पारे में शिशु लड़की होने पर शिशु जन्म के 270 दिनों के अंदर पंजीकरण कराने पर 6000 रुपए की धनराशि दी जाएगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सतीश कुमार सिंह ने दी। डॉ सतीश कुमार सिंह कि पोर्टल 2.0 पर लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए आशा एवं एएनएम को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके अलावा अब तक जनपद में प्रथम बार गर्भ धारण करने वाली 15 लाभार्थियों को तथा द्वितीय शिशु बालिका वाले 49 लाभार्थियों को पंजीकृत कराते हुए पेमेंट जनरेट कर एसएनओ अप्रूवल हेतु ऑनलाइन प्रेषित किया जा चुका है। कार्यक्रम सहायक दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि पोर्टल वर्जन 2.0 में लाभार्थी का पंजीकरण आशा/एएनएम के माध्यम से पोर्टल पर की जाएगी इसके अलावा लाभार्थी स्वयं भी PMMVY.NIC.IN पर विजिट कर स्वयं को पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण करने के लिए आवश्यक अभिलेख जैसे - एमसीपी कार्ड, बैंक पासबुक/चेक बुक, जन्म प्रमाण पत्र के साथ पहचान के लिए आधार कार्ड होना आवश्यक है। इसके अलावा पात्रता के लिए निम्न में से कोई एक प्रमाणपत्र जैसे -लाभार्थी का मनरेगा जॉब कार्ड, लाभार्थी का ई श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत (PMJAY) कार्ड, लाभार्थी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभार्थी हो, दिव्यांग प्रमाण पत्र 40 प्रतिशत, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति जनजाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र 8 लाख से कम अथवा बीपीएल राशन कार्ड धारक या लाभार्थी आशा/ आंगनबाड़ी के पद पर कार्यरत हो। इनमें से कोई भी एक प्रमाण पत्र होने पर योजना का लाभ लिया जा सकता है।

# घरों में घुसा बारिश का पानी, मुश्किल में जिंदगानी

- बरसात ने खोली नगर पंचायत के भ्रष्टाचार की पोल
- धरातल का खेल ईओ साहब मस्त अध्यक्ष हो रहे फेल

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने स्मार्ट शहरों और नगरों का एक सपना देखा था। नगर पंचायत लालगंज किस तरह उपेक्षा का शिकार हो रहा है कहीं न कहीं सूबे के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ के मंसूबों पर पानी फिरने और सरकार की छवि को धूमिल करने का काम किया जा रहा है। जिले में बरसात ने नगर निकायों से लेकर ग्राम पंचायतों के इंतजामों की पोल खोल दी है। बरसात के पानी में नाला सफाई के सभी दावे बह गये हैं। पानी कस्बों में दुकानों और घरों के अंदर घुस रहा है। आम आदमी परेशान है, आपको बता दें कि बीती रात हुई बारिश ने नगर पंचायत की पोल खोल दी। बारिश के पानी से सड़के तालाब में तब्दील हो गयी। वही कस्बे के लोगो के घरों में बारिश का पानी भर गया। जिससे जन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

### नालों पर अवैध अतिक्रमण के चलते नहीं हो पाई जलनिकासी



नगर पंचायत लालगंज के वार्ड सं. 12 घोसियाना मोहल्ले की जलनिकासी समस्या का समाधान नालों के ऊपर अवैध अतिक्रमण के चलते नहीं हो पा रहा है। नगर पंचायत लालगंज के घोसियाना, उसरवा, गुरूद्वारा रोड, लखनऊ रोड, राणा बेनी माधव मार्ग, रंगरेजाही आदि मोहल्ले के निवासियों को तेज बारिश की वजह से जलभराव का सामना करना पड़ा। मालुम हो कि उपरोक्त मोहल्लों के लगभग 500 परिवार जलनिकासी समस्या से जूझ रहे हैं। कारण यह है कि उपरोक्त जल निकासी वाले रास्ते पर अवैध तरीके से नालों के ऊपर आधा दर्जन मकान बना लिये गये हैं। जिसकी वजह से उक्त समस्या बनी हुयी है। कई बार अतिक्रमण को हटवाने के बाबत शिकायत भी की गयी। लेकिन चूड़ियां पहने नगर पंचायत प्रशासन उक्त अवैध अतिक्रमण को नहीं हटवा सका।

### सिर्फ कागजों पर हो रही नालियों की सफाई



मूसलधार बारिश ने नगर पंचायत लालगंज में पानी निकास व्यवस्था का पोल खोल दिया है। कस्बे में जगह-जगह पानी जमा हो गया। यूं कहा जाय की लालगंज पानी-पानी हो गया तो अतिश्योक्ति नहीं होगा। कस्बे की मेन रोड के अलावा अन्य मोहल्लों में सड़कें तालाब की तरह नजर आईं। सड़कों में पानी भरा होने से लोगों को आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ा। कागजों पर सफाई दिखाने के नाम पर लाखों रुपए का टेंडर निकालकर थैली भर ली जाती है। थोड़ी सी बारिश होने के बाद से सबसे ज्यादा परेशानी दुकानदारों को होती है। लेकिन नगर पंचायत सिर्फ तमाशबीन बना रहता है।

### बरदाही वासियों के लिये लाइलाज हुई जलभराव की समस्या



लालगंज कस्बे के बरदाही मोहल्ले में भी वैसे तो सड़क, नाली, की समस्याएं भी हैं, लेकिन सबसे बड़ी परेशानी बारिश में होती है। आलम यह है कि कस्बे में थोड़ी सी बारिश होते ही इस वार्ड की सड़कों और गलियों में इतना पानी भर जाता है कि घर से निकलना मुहाल हो जाता है। कारण यह है कि इस वार्ड में नगर पंचायत द्वारा जलनिकासी की व्यवस्था न होने के कारण बारिश भर इस परेशानी से वार्डवासी जूझते रहते हैं। इसके अलावा वार्डवासियों की शिकायत यह भी है कि नालियों की सफाई नहीं होती और वे गंदगी से बजबजाती रहती हैं। हर साल करोड़ों रुपए नाली – गली के निर्माण और सफाई के नाम पर खर्च किए गए। बावजूद इसके कस्बे बरदाही मोहल्ले में बरसात के दिनों में गंदगी का आलम व्याप्त रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हम लोगों ने तो उम्मीद ही छोड़ दी है।देखो शायद किसी जनप्रतिनिधि की नजर पड़े और विचार करें। अब देखना यह है कि खबर प्रकाशित होने के बाद कस्बे वासियों को इस समस्या से निजात मिलता है या पूर्व की तरह इस बार भी जलजमाव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ेगा?

> इस्माईल हवाईगीर के मकान के पास पुलिया से जहां तक नाला खुला है उसकी सफाई नगर पंचायत तो साल में एक बार करा देता है। लेकिन उसके आगे पाण्डेय कोठी तक नाले की सफाई आज तक नहीं की गयी है। नाले की सफाई ना होने की वजह से जलजमाव व जलभराव से लगभग 500 परिवार पीड़ित हैं। तेज बारिश ने लोगों के लिये मुसीबत खड़ी कर दी है। नगर पंचायत प्रशासन हर साल अस्थायी समाधान के तौर पर मडपम्प लगाकर निकासी करता था। गत दो वर्षों से वह भी नहीं कर रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत अभी हाल में ही अस्थायी समाधान हेतु विद्युत संचालित मडपम्प स्थापित किये जाने का टेण्डर किया है। लेकिन उक्त नाले की सफाई भी आवश्यक है।
>
> **राघवेंद्र सूर्यवंशी, सभासद**

## रणबाकुरों को नहीं रोक सकी थी अंग्रेजी हुकूमत

### सरेनी गोली कांड के शहीदों को किया नमन



**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

स्वाधीनता संग्राम में 18 अगस्त 1942 का सरेनी गोली कांड जिले के गौरवशाली इतिहास को प्रतिबिंबित करता है। देश को गुलामी की जंजीरों से आजाद कराने को हजारों की संख्या में देश भक्त तिरंगा फहराने के लिए सरेनी थाने की ओर बढ़े। पुलिस की गोलियां की तीव्रता भी उनके बढ़ते कदमों को रोक न सकीं। 18अगस्त सरेनी के ऐतिहासिक शहीद स्मारक पर शहीद दिवस के अवसर पर उनकी शहादत को श्रद्धा पूर्वक नमन किया गया। पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह,शहीद स्मारक सरेनी ट्रस्ट के महासचिव अशोक श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक हरिकेश सिंह,खंड विकास अधिकारी शिवबहादुर सिंह नायब तहसीलदार गौरव सिंह की अगुवाई में शहीद स्मारक सरेनी में सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की अशोक श्रीवास्तव की ओर से प्रस्तुत किए गए शोक गीत वो धन्य सरेनी के शहीद! आये थे करने बाजार यहां! करने अपना व्यापार यहां! जीवन देकर कर ली खरीद! वो धन्य सरेनी के शहीद÷ पर सभी की आंखें नम हुई। इसके उपरांत ए.बी.एस.पब्लिक स्कूल की छात्राएं अंजलि, आस्था व महक की ओर से प्रस्तुत की गई सरस्वती वन्दना से बच्चों के संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों बच्चों ने राष्ट प्रेम से ओतप्रोत गीत,नत्य प्रस्तुत किये।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मनाई नेताजी की पुण्यतिथि




**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** 18 अगस्त 2023 दिन शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय रामपुर सुदौली में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि बड़ी धूमधाम से मनाई गई नेता जी ने कहा था तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा आजाद हिंद फौज के समर्थक और महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि में बच्चों ने आज बहुत ही बेहतरीन प्रोग्राम किया जहां प्राथमिक विद्यालय में प्रोग्राम बड़ी धूमधाम से मनाया गया जहां प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार और सहायक अध्यापक अमित चौधरी छाया यादव ज्योति माली संतोषी देवी अर्चना श्रीवास्त विमला देवी शिव प्यारी सहायिका अर्चना अधिकारी,ऋक्षआशीष कुमारआदि लोग गण उपस्थित थे बच्चे बहुत ही उत्साहित दिखे जहां बच्चों ने नाच और गाना गाकर नेताजी की पुण्यतिथि मनाई और प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार जी की देखरेख में प्रोग्राम हुआ प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार प्राथमिक विद्यालय रामपुर सुदौली रायबरेली

### ऑटो पलटने से अधेड़ की मौत

**महराजगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** अमेठी जनपद के मोहनगंज थाना क्षेत्र के गोकुला गांव के पास बड़ी नहर की पटरी पर एक सवारी से भरा सीएनजी ऑटो पलट गया, जिसके नीचे दबाने से एक अधेड़ की मौत हो गई। अधेड़ रिश्तेदारी (सद्धुवाने) से अपनी ससुराल महराजगंज पत्नी को साथ लेकर रहा था।
घटना के बारे में मृतक मुर्सलिम (45) पुत्र ईशा निवासी बिंदागंज थाना जगतपुर की ससुराल महराजगंज कस्बे के वार्ड नंबर 8 पैगंबर नगर में है। मृतक की पत्नी मेहरुन्निसा ने बताया कि, उसका पति जगतपुर से तिलोई रिश्तेदारी (सद्धुवाने) में आया था, और इसके बाद उसे मायके छोड़ने साथ लेकर महराजगंज आ रहा था, तभी गोकुला के पास बड़ी नहर की पटरी पर एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में टेंपो असंतुलित होकर पलट गया और वह गहरी खाई में जा गिरा। टेंपो के साथ उसका पति भी खड्ड में जा गिरा और टेंपो के नीचे दब गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पत्नी मेहरून्निशा ने अपने मायके को फोन किया, तो यहां से लोग पहुंचे और ऑटो के नीचे दबे मुर्सलिम को निकाल कर महराजगंज सीएचसी लाए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया।

### बुजुर्ग महिला को कुल्हाड़ी मारने पर मुकदमा दर्ज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बुजुर्ग महिला को मारना पड़ गया महंगा कोतवाली पुलिस ने दर्ज किया दो लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा। बताते चलें नाली के विवाद में बुजुर्ग महिला को इतना मारा कि पहुंच गई अस्पताल बहु ने कोतवाली पुलिस से लगाई न्याय की गुहार। संध्या पत्नी धीरेंद्र कुमार निवासी ग्राम इन्दौरा थाना महराजगंज ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि विपक्षीगढ़ ओम प्रकाश पिता का नाम स्वर्गवासी राम लखन निवासी इन्दौरा सोनी पति का नाम ओमप्रकाश निवासी इन्दौरा। प्रार्थिनी की सास सुनीता पत्नी स्वर्गवासी राम नरेश को प्रतिपक्षीगणों ने मिलकर धारदार कुल्हाड़ी से मारपीट किया जिससे उसके सिर और पैर में चोट आई है। जिन्हें प्रार्थिनी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज रायबरेली मे दिखाया था उसके बाद उन्हें जिला अस्पताल डॉक्टरों द्वारा रेफर कर दिया गया है। विपक्षी सरंहग किस्म के व्यक्ति हैं प्रतिपक्षीगणों ने नाली पानी निकासी को लेकर रंजिश मानते थे प्रार्थिनी की सासु विधवा महिला है उनके पास एक लड़की है उक्त घटना आज सुबह 5 :00 बजे की है जब प्रार्थिनी की सास सुनीता देवी को दबंग मारने लगे तो आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया। वहीं कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मछली प्रसंस्करण एवं बीज संवर्धन पर गोष्ठी सम्पन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम कटरी गदनपुर आहार के मजरा चौगवां में फिश प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा मछली प्रसंस्करण एवं बीज संवर्धन विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर न्यू सीड संस्था के राजन तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत मछुआ समुदाय की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए एफएफपीओ का निर्माण किया गया है। जिसके तहत सरकार ब्लॉक स्तर पर अधिक से अधिक मत्स्य पालकों को जोड़ने का प्रयास कर रही है। संस्था के जिला समन्वयक पंकज सिंह ने कहा कि भारत सरकार के मत्स्य मंत्रालय द्वारा एपीओ का निर्माण बांगरमऊ ब्लॉक में किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मत्स्य पालक किसानों को जोड़कर मत्स्य पालन किया जाएगा। इसमें न्यूनतम 300 एवं 1000 किसानो को जोड़ा जाएगा और प्रदेश एवं केंद्रीय मत्स्य पालन विभागों द्वारा मत्स्य पालकों को कई अन्य योजनाओं का भी लाभ दिया जाएगा। मछुआ समुदाय के नेता कैलाश निषाद ने कहा कि मत्स्य पालन व्यवसाय से मात्र एक साल में ही लागत का दूना लाभ मिल सकता है। प्रदेश सरकार के मत्स्य पालन विभाग द्वारा कई योजनाओं के माध्यम से मत्स्य पालकों को 40 से 60 फीसदी सब्सिडी भी दी जा रही है। गोष्ठी में दीपक निषाद, राजेश, राजाराम पूर्व प्रधान, बहादुर, सुशील, चंद्रशेखर वर्मा, करन सिंह, धर्मराज कुशवाहा, गुड्डू, रामचंद्र कश्यप, सुरेश, शिवशंकर आदि किसान शामिल रहे।

## मिशन 2024 : लोक जागरण से जातीय जनगणना के रास्ते सियासी सफर पर सपा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में जुट गए हैं. यूपी में सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के बाद अब समाजवादी पार्टी भी मैदान में उतर चुकी है. सपा मुखिया अखिलेश यादव इस समय लोक जागरण यात्रा के जरिए चुनाव प्रचार करने जुट गए हैं।

इसी क्रम में सपा मुखिया शुक्रवार को बांदा से लखनऊ जाते समय खाजूर गांव स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय पहुंचे जहां सरेनी विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह की अगुवाई में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का स्वागत किया। मीडिया से रुबरु होते हुए सपा मुखिया ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि जनता को लगा कि बीजेपी वाले सोना देंगे, लोगों को लगा कि इनकी सरकार आएगी तो बिजली सस्ती मिलेगी और 24 घंटे बिजली मिलेगी।

वहीं अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग अधिकारियों से मिलकर सरकार चला रहे. ये जो अधिकारी हैं बदल जाते हैं. जब दूसरी सरकार आएगी तो उनके पीछे मुकदमे लगा देंगे. मुख्य सवाल ये है कि इस सरकार में अन्याय बढ़ा है. जब तक रणनीति बनाने में हम लोग कामयाब नहीं होंगे तब तक बीजेपी का मुकाबला नहीं कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है जिस तरह से महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार है और सरकार का समस्या न स्वीकार करना, इनके पतन का कारण बनेगा।

### अखिलेश ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

अखिलेश यादव ने कहा कि निजीकरण जितना बढ़ाया जाएगा तो हमारे आपके अधिकार छीन जाएंगे। भाजपा के लोग झूठा प्रचार कर रहे हैं। बिना आंकड़ों के भाजपा सबका साथ सबका विकास का दावा कर रही है। कहा कि डीजल, पेट्रोल, सिलिंडर, आटा आदि की कीमत बढ़ रही है। बेरोजगारी चरम पर हैं। बीजेपी सरकार कहती है कि 100 में केवल 4 बेरोजगार हैं। आज गांव में चले जाओ किसी को नौकरी और रोजगारी सरकार नहीं दे पा रही है। प्रदेश को समाज को अगर कोई सुधार सकता है तो वो समाजवादी लोग है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** पैसा निकलवाने गए बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत जानकारी के अनुसार चांदा टीकर निवासी कुंज बिहारी उम्र 73 वर्ष पुत्र स्वर्गीय सुख चरन बैक आफ बड़ौदा में पैसे निकलवाने के लिए बहाई गए थे और वहीं पर संदिग्ध परिस्थितियों में उनकी मौत हो गई इसकी सूचना वहां मौजूद लोगों ने परिजनों को दी मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले गए जहां पर डाक्टरों ने परीक्षण के दौरान मृत घोषित कर दिया इस दुखद घटना से घरवालों का रो रो कर बुरा हाल है।

## नि:शुल्क महिला चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




महिलाओं की स्वास्थ्य समस्याओं को ध्यान में रखते हुए डलमऊ विकास क्षेत्र के मखदुमपुर उर्फ शेखनपुर में अत्रि फाउंडेशन के तत्वाधान में नि:शुल्क महिला चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

चिकित्सा शिविर का उद्घाटन करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट राजेश त्रिपाठी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाएं अपनी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए संकोच करती हैं अपनी समस्याओं को परिवार में भी खुलकर नही बताती हैं जिससे उन्हें गम्भीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। ऐसी समस्याओं के समाधान के लिए गांव में शिविर का आयोजन किया गया है। चिकित्सा शिविर में मिथिला वूमेन्स हेल्थ केयर सेंटर रायबरेली की महिला चिकित्सक डा. शिल्पी सिंह ने महिलाओं के स्वास्थ्य की नि:शुल्क जांच और नि:शुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गयी अत्रि फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश त्रिपाठी और प्रधान प्रतिनिधि बनवारी लाल ने चिकित्सक डा. शिल्पी सिंह का आभार जताते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ऐसी पहल आवश्यक है हम प्रयास करेंगे कि नियमित रूप से शिविर का आयोजन होता रहे। इस अवसर पर रत्नेश त्रिपाठी, अर्पित त्रिपाठी, श्रेया, विनोद मौर्या, गोपी मौर्या, पंकज त्रिपाठी, गौरव चौधरी और अखण्ड प्रताप सिंह ने सहभागिता की।

## पोस्ता छिलका के साथ एक गिरफ्तार



**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा अपराध नियंत्रण एव वांछित, ईनामिया अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अवैध असलहो की तस्करी तथा अवैध मादक पदार्थ द्रव्यों की बिक्री व तश्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के दृष्टिगत बुधवार को लालगंज पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर अम्बरपुर मोड मेन रोड लालगंज के पास से अभियुक्त रामचन्द्र पुत्र स्व0 भगवानदीन निवासी पिलखा थाना लालगंज को 1100 ग्राम अवैध पोस्ता छिल्का के साथ गिरफ्तार कर स्थानीय थाना पर एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

## ग्राम चौपाल में कर्मचारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में हुआ ग्राम चौपाल का आयोजन कर्मचारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्या और किया निदान। सरकार का उद्देश्य है कि फरियादियों को न्याय मिले और किसी को किसी प्रकार की समस्या न होने पाए लोगों को ब्लॉक और तहसील के चक्कर न काटने पड़े इसके लिए योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सुल्तानपुर ग्राम पंचायत में ग्राम विकास अधिकारी वैभव मिश्रा की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को लेकर मौजूद कर्मचारियों को बताया वही मौजूद कर्मचारियों ने समस्याओं को सुनकर उनका निदान भी किया और जिनकी समस्याओं का निदान नहीं हो पाया उसके लिए उन्हें कर्मचारियों द्वारा निदान की विधि बताई गई। राजस्व विभाग विद्युत विभाग शिक्षा विभाग सहित अन्य विभाग के कर्मचारियों ने मौजूद ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर ग्राम प्रधान संतलाल लोधी शिक्षा विभाग आंगनवाड़ी लेखपाल सफाई कर्मचारी विद्युत विभाग व अन्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## नवविवाहिता को उतारा मौत के घाट

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

आसीवन थाना क्षेत्र में नवविवाहिता को ससुरालीजनो ने दहेज की मांग पूरी न करने पर गला दबाकर मार दिया और शव को फांसी पर लटकाकर घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही शव को नीचे उतार लिया गया। मृतका के पिता ने पति, सास, देवर, ननंद सहित छः लोगों के खिलाफदहेज हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने मुकद्दमा दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है और शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पाठकपुर गांव निवासी सुरेश ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि एक साल पहले पुत्री ज्योति की शादी खरगौरा गांव निवासी लेखराज पुत्र परसुराम के साथ हुई थी जिसके पांच माह का पुत्र छोटू है। शादी में अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था इसके बावजूद भी ससुरालीजनो द्वारा चारपहिया वाहन की मांग लगातार की जा रही थी। बुधवार को बेटी को लेने उसकी ससुराल गया था जहां बेटी ने घर ले जाने की बात कही अन्यथा की स्थिति में ससुरालीजनो द्वारा हत्या की बात मृतका ने पिता से कही थी। शाम तक रुकने के बाद भी जब ससुरालीजनो ने बेटी को विदा नही किया तो वापस लौट आया। शुक्रवार की सुबह सूचना मिली तो वह बेटी की ससुराल पहुंचा और पति लेखराज, सास सीमा, देवर सचिन, ननंद अंजू, मंजू, संजू के खिलाफतहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेजहत्या का मुकद्दमा दर्ज कर लिया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्र ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर छः ससुरालीजनो के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

### घर पर चढ़ाई कर मारपीट का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बारासगवर थाना क्षेत्र के धानीखेड़ा निवासी प्रेमशंकर मिश्रा ने गांव के ही 8 लोगों के विरुद्ध घर में चढ़कर मारपीट, गाली, धमकी तथा बचाने दौड़े दलित के साथ मारपीट करने का मामला पंजीकृत कराया है। धानीखेड़ा निवासी प्रेमशंकर मिश्रा ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार सुबह 7.30 बजे घर के दरवाजे सफाई कर रहे थे तभी गांव के निवासी आदित्य सिंह, लल्लन सिंह, लल्लू सिंह, विवेक सिंह, मनीष सिंह, आशीष सिंह, लखन सिंह, कोमल सिंह ने हमला बोल दिया जिससे उसे गंभीर चोटे आई। घर में काम करने वाले जितेंद्र रावत बचाने दौड़े तो उनके साथ भी मारपीट की। थानाध्यक्ष बृजमहन सैनी ने बताया कि नामित 8 लोगों के विरुद्ध मारपीट गाली-गलौज धमकी तथा दलित उत्पीडन का मामला पंजीकृत कर लिया गया है।

## जल प्रलय : कई गांव बाढ़ के पानी से बने टापू

- आधा सैकड़ा घरों के अन्दर घुसा पानी, किसान पलायन को मजबूर



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ क्षेत्र में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। करीब एक दर्जन गांव बाढ़ के पानी से टापू बन गए हैं और करीब आधा सैकड़ा घरों के अंदर बाढ़ का पानी घुस गया है। बाढ़ग्रस्त गांवों के दर्जनों किसानों का अपनी गृहस्थी समेट कर अन्यत्र पलायन करने का सिलसिला जारी है।

गंगा नदी में जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। बाढ़ के पानी से उमरिया भगवंतपुर, मल्लाहनपुरवा मार्ग पूरी तरह डूब गया है और मार्ग के ऊपर नाव चल रही है। ग्राम कटरी गदनपुर अहार के मजरा नयापुरवा, भिखारपुरवा, हरीगंज, दुल्लापुरवा व धन्नापुरवा तथा ग्राम फरीदपुर कट्टर के मजरा मल्लाहनपुरवा व कुशालपुरवा टापू में तब्दील हो गए हैं। क्षेत्र की जीवनरेखा कहे जाने वाले जगत नगर-सहजनी मार्ग के कई स्थानों पर बाढ़ का पानी ऊपर से गुजरने लगा है। उधर बाढ़ का पानी गंगा के तटवर्ती गांव चौगवां, अहिरन पुरवा, पूराहास, भुड्डा, खैरुद्दीनपुर, सेतुआही, ठकुरियापुरवा, कुंसी, रतईपुरवा, भगवंतपुरवा, बगिया, गढ़ेवा, गहरपुरवा व बदले पुरवा सहित करीब आधा सैकड़ा गांवों के नजदीक पहुंच चुका है। कई गांवों में तो सैलाब ग्रामीणों के घरों के अंदर दाखिल हो गया है। ग्रामीण अपनी गृहस्थी समेटकर ऊंचे स्थानों पर पलायन कर रहे हैं। गंगा तटवर्ती गांव खैरुद्दीनपुर के प्रधान सुरेश निषाद और कटरी गदनपुर आहार के प्रधान जितेंद्र कुमार के अनुसार यदि गंगा नदी का जलस्तर दो फिट और बढ़ा तो सैलाब कटरी क्षेत्र में कहर बरपा सकता है और बाढ़ के पानी से अन्य सैकड़ों गांव घिर सकते हैं। बाढ़ से कटरी क्षेत्र की सैकड़ों बीघा मक्का, ज्वार, बाजरा, धान व मूंगफली की फसलों के अलावा सब्जियों की फसल पानी में डूबकर बर्बाद हो चुकी है।

### सर्पदंश से वृद्धा की मौत



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** औरास थाना क्षेत्र के के शनूखेड़ा गांव निवासी 75 वर्षीय रामदेवी पत्नी स्व0 सुखलाल गुरुवार शाम को कस्बा औरास में बने बेटे भइयालाल के खाली पड़े मकान में साफ-सफाई कर रही थी तभी कमरे में किसी जहरीले कीडे ने उसके हाथ मे काट लिया।

सूचना पर पहुंचे स्वजनों ने उसे इधर-उधर झाड़फूंक के चक्कर में लेकर घूमते रहे। देररात हालत बिगड़ने पर सीएचसी लेकर जा रहे थे तभी उसकी मौत हो गई। स्वजनों ने बिना पोस्टमार्टम के ही शुक्रवार शाम अंतिम संस्कार कर दिया।

## विशम्भर दयाल त्रिपाठी डिग्री कालेज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी नि:शुल्क

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर रुरी स्थित श्री विशंभर दयाल त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को विभिन्न कम्पटिशन की तैयारी एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण नि:शुल्क कराया जायेगा। इच्छुक छात्र-छात्राएँ प्रातः दस बजे से ढाई बजे तक महाविद्यालय आकर अपना रजिस्टेऊशन करा सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त दुबे ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को कम्पटीशन की तैयारी करने के लिए दूर शहर में जाना पड़ता है। जहाँ उनके अभिभावकों को मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है लेकिन अब उन्हें ऐसा नहीं करना पड़ेगा। प्राचार्य ने बताया कि किसी भी सरकारी नौकरी को पाने के लिए अब वे अपने क्षेत्र में स्थापित इस महाविद्यालय के योग्य प्रोफेसरों से आकर संपूर्ण आधुनिक सुविधाओं के साथ अपने को पूर्ण सामर्थवान् बना सकते हैं। डॉ. दुबे ने आगे बताया कि आज का युग कम्प्यूटर युग है। आज के विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर सीखना परम् आवश्यक हो गया है। इस आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह भी निर्णय लिया गया है कि ग्रामीण परिक्षेत्र के उन छात्र-छात्राओं को जो कक्षा ग्यारह व बारह में अपनी पढ़ाई कर रहे हैं उन्हें त्रैमासिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण नि:शुल्क दिया जायेगा। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक के निर्देशन एवं कुल सचिव डॉ अनिल यादव के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय विकास परिषद् के निदेशक डॉ. आर. के द्विवेदी के प्रोत्साहन से संचालित राजकीय महाविद्यालय में वे सभी सुविधाएं देने के प्रयास किये जायेगे जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक रुप से समृद्ध किया जा सके।

# स्वास्थ्य योजना में धांधली

राजग सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट में गंभीर अनियमितताओं व कमियों का उजागर होना गंभीर मसला है। इससे जहां देश के करोड़ों लोगों के इलाज के लिये लायी गयी योजना की सार्थकता पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं केंद्र सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के दावे पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। ऐसे में इस स्वास्थ्य योजना में धांधली करने वालों के खिलाफ समय रहते सख्त कार्रवाई वक्त की जरूरत है। वर्ष 2018 में जोर-शोर से लाई गई इस महत्वाकांक्षी जन स्वास्थ्य योजना को व्यापक पैमाने पर जनहित में बताया गया था। जिसका मकसद था कि देश के गरीब व कमजोर वर्गों को महंगे इलाज के खर्च से बचाने के लिये उनका चिकित्सा व्यय कम किया जाएगा। पिछले सप्ताह संसद में पेश की गई नियंत्रक और महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट में बताया गया कि ऐसे करीब साढ़े तीन हजार कथित मरीजों के इलाज पर लगभग सात करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जिन्हें योजना के डेटा बेस में पहले मृत दिखाया गया था। यह तथ्य भी कम चौंकाने वाला नहीं है कि योजना के तहत साढ़े सात लाख लाभार्थियों को एक ही मोबाइल नंबर से जोड़ा गया था। वहीं एक हजार दो सौ से अधिक लाभार्थियों को एक ही फर्जी आधार नंबर से जोड़ा गया। जाहिर है कई स्तर पर सुनियोजित तरीके से धांधली को अंजाम दिया गया। निश्चित तौर पर इस योजना के त्रुटिरहित क्रियान्वयन व निगरानी की जिम्मेदारी जिन संस्थाओं को दी गई थी, उन्होंने सजग व सतर्क होकर अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। अन्यथा धांधली का स्तर इतना व्यापक नहीं हो सकता था। संसद में कैग की रिपोर्ट का खुलासा होने के बाद सरकार ने लोकसभा को सूचित किया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण यानी एनएचए द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन न करने तथा संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण देश के 210 अस्पतालों को योजना के पैनल से हटा दिया गया। साथ ही 188 अन्य अस्पतालों के लाइसेंस निलंबित कर दिये गये। निस्संदेह, जनविश्वास की प्रतीक इस जन स्वास्थ्य योजना में बड़ी धांधली की व्यापक पैमाने पर जांच की जानी चाहिए। जाहिरा तौर पर कई स्तरों पर लापरवाही और दायित्वों के निर्वहन में चूक के चलते शातिर लोग इस योजना में धांधली करने में सफल हुए। जिसकी निगरानी में राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरणों की भी बड़ी भूमिका होती। वैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण यानी एनएचए को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत धोखाधड़ी और दुरुपयोग का पता लगाने व रोकथाम का दायित्व सौंपा गया था। लेकिन भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की जांच रिपोर्ट के खुलासे के बाद स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण अपने दायित्वों के फुलप्रूफ निर्वहन में विफल रहा है। निस्संदेह, दूसरी ओर कैग की ऑडिट रिपोर्ट भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार को भी असहज करने वाली है, जिसने बार-बार भ्रष्टाचार को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी थी। दुर्भाग्यपूर्ण है समाज में जीवन मूल्यों का किस हद तक पतन हो चला है कि देश के कमजोर व गरीब वर्ग के लिये लाई गई प्रमुख कल्याण योजना को पलीता लगाने से गुरेज नहीं किया जा रहा। ये अपराधी तत्व अपने इन कृत्यों से गरीब कल्याण के लिये लाई गई ऐसी योजना को कमजोर ही बना रहे हैं, जो देश के 55 करोड़ लोगों को सेहत का सुरक्षा कवच प्रदान करती है। निस्संदेह, इस घोटाले को अंजाम देने के लिये व्यापक पैमाने पर सांठगांठ की गई होगी। ऐसे में अस्पताल के कर्मचारियों, बिचौलियों और सरकारी अधिकारियों के बीच सांठगांठ का पता लगाने के लिये गहन स्तर की जांच कराया जाना वक्त की सख्त जरूरत है। साथ ही इस योजना से जुड़ी तमाम खामियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाना चाहिए। अन्यथा भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्र सरकार की लड़ाई की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। खासकर लोकसभा चुनाव से पूर्व के राजनीतिक परिवेश में इससे सरकार की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

# चांद के बाद अब सूर्य पर नजर

आकाश चोपड़ा

**इसरो के वैज्ञानिकों ने तमाम बाधाओं के बावजूद भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। अब यह आकाशीय घटनाओं और जीवन के अध्ययन के करीब पहुंच रहा है। साल 1969 में इस इन्कोस्पार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो का रूप धारण कर लिया। वर्तमान में इसरो दुनिया की 6 सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है। इसरो के चलते भारत की अंतरिक्ष में धाक बन चुकी है। इसरो ने एक के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान-3 अगर चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतर जाता है तो यह एक और महान उपलब्धि होगी। चन्द्रयान-3 के बाद अब इसरो अपना सोलर मिशन लांच करने जा रहा है। भारत का पहला सोलर मिशन यानी सूर्य की स्टडी करने वाले स्पेसक्राफ्ट आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग सितम्बर में होगी। इसरो के अनुसार अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के पहले लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। एल1 बिंदु के आसपास उपग्रह बिना किसी बाधा के लगातार सूर्य को देख सकेगा। सूर्य के केंद्र से पृथ्वी के केंद्र तक एक सरल रेखा खींचने पर जहां सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल बराबर होते हैं, वह लैग्रेंज बिंदु कहलाता है। सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी की तुलना में काफी अधिक है इसलिए अगर कोई वस्तु इस रेखा के बीचों-बीच रखी जाए तो वह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से उसमें समा जाएगी। लैग्रेंज बिंदु पर सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल समान रूप से लगने से दोनों का प्रभाव बराबर हो जाता है। इस स्थिति में वस्तु को न तो सूर्य अपनी ओर खींच पाएगा, न पृथ्वी अपनी ओर खींच सकेगी और वस्तु अधर में लटकी रहेगी। लैग्रेंज बिंदु को एल-1, एल-2, एल-3, एल-4 और एल-5 से निरूपित किया जाता है। इसरो एल-1 लैग्रेंज बिंदु के आसपास आदित्य-1 को स्थापित करना चाहता है। आदित्य-1 उपग्रह की मदद से सूर्य के सबसे भारी भाग का अध्यन करेगा।**



मानव हमेशा अंतरिक्ष, चांद और सूरज के प्रति जिज्ञासू रहा है और उसने हमेशा ही अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए अनुसंधान जारी रखा। आजादी के बाद से अब तक भारत ने अंतरिक्ष का सफर शानदार तरीके से तय किया है। साइकिल व बैलगाड़ी से शुरू हुई हमारी अंतरिक्ष यात्रा मंगल और चांद तक पहुंच गई है। इसका श्रेय देश के प्रतिभावान और काबिल वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को जाता है। आज भारत मानव को अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है लेकिन यह यात्रा इतनी आसान नहीं थी। साल 1947 में जब देश आजाद हुआ तब स्थिति इतनी करुण थी कि हमारे पास खाने के लिये पर्याप्त अनाज भी नहीं था, अंतरिक्ष की कल्पना करना तो बहुत दूर की बात थी लेकिन हम साहस के साथ सभी चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ते रहे।

अंततः साल 1962 में वह घड़ी आई जब भारत ने अंतरिक्ष का सफर करने का फैसला किया और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति की स्थापना की। इसरो के वैज्ञानिकों ने तमाम बाधाओं के बावजूद भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को दुनिया में शीर्ष पर पहुंचा दिया है। अब यह आकाशीय घटनाओं और जीवन के अध्ययन के करीब पहुंच रहा है। साल 1969 में इस इन्कोस्पार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो का रूप धारण कर लिया। वर्तमान में इसरो दुनिया की 6 सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसियों में से एक है। इसरो के चलते भारत की अंतरिक्ष में धाक बन चुकी है। इसरो ने एक के बाद एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। चंद्रयान-3 अगर चांद की सतह पर सफलतापूर्वक उतर जाता है तो यह एक और महान उपलब्धि होगी। चन्द्रयान-3 के बाद अब इसरो अपना सोलर मिशन लांच करने जा रहा है।

भारत का पहला सोलर मिशन यानी सूर्य की स्टडी करने वाले स्पेसक्राफ्ट आदित्य-एल1 की लॉन्चिंग सितम्बर में होगी। इसरो के अनुसार अंतरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के पहले लैग्रेंज प्वाइंट (एल1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया जाएगा। एल1 बिंदु के आसपास उपग्रह बिना किसी बाधा के लगातार सूर्य को देख सकेगा। सूर्य के केंद्र से पृथ्वी के केंद्र तक एक सरल रेखा खींचने पर जहां सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल बराबर होते हैं, वह लैग्रेंज बिंदु कहलाता है। सूर्य का गुरुत्वाकर्षण बल पृथ्वी की तुलना में काफी अधिक है इसलिए अगर कोई वस्तु इस रेखा के बीचों-बीच रखी जाए तो वह सूर्य के गुरुत्वाकर्षण से उसमें समा जाएगी। लैग्रेंज बिंदु पर सूर्य और पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण बल समान रूप से लगने से दोनों का प्रभाव बराबर हो जाता है। इस स्थिति में वस्तु को न तो सूर्य अपनी ओर खींच पाएगा, न पृथ्वी अपनी ओर खींच सकेगी और वस्तु अधर में लटकी रहेगी।

लैग्रेंज बिंदु को एल-1, एल-2, एल-3, एल-4 और एल-5 से निरूपित किया जाता है। इसरो एल-1 लैग्रेंज बिंदु के आसपास आदित्य-1 को स्थापित करना चाहता है। आदित्य-1 उपग्रह की मदद से सूर्य के सबसे भारी भाग का अध्यन करेगा। इससे कॉस्मिक किरणों, सौर आंधी और विकिरण के अध्ययन में मदद मिलेगी। अभी तक वैज्ञानिक सूर्य के कोरोना का अध्यन केवल सूर्यग्रहण के समय में ही कर पाते थे। इस मिशन की मदद से सौर वालाओं और सौर हवाओं के अध्ययन में जानकारी मिलेगी कि ये किस तरह से धरती पर इलेक्ट्रिक प्रणालियों और संचार नेटवर्क पर असर डालती है। इससे सूर्य के कोरोना से धरती के भू चुम्बकीय क्षेत्र में होने वाले बदलावों के बारे में घटनाओं को समझा जा सकेगा। इस सोलर मिशन की मदद से तीव्र और मानव निर्मित उपग्रहों और अन्तरिक्षयानों को बचाने के उपायों के बारे में पता लगाया जा सकेगा। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के अनुसार वह इसरो के अगले इंटरप्लेनेटरी मिशन - सौर मिशन आदित्य एल1 के लिए ट्रैकिंग सहायता प्रदान करेगी। आदित्य-एल1 का नाम हिंदू सूर्य देवता और अंतरिक्ष यान के भविष्य के घर के नाम पर रखा गया है। वहीं एल1 - पृथ्वी-सूर्य प्रणाली का पहला लैग्रेंज बिंदु है। ईएसए ने कहा, यह कई गुणों का अध्ययन करेगा, जैसे कि कोरोनल मास इजेक्शन की गतिशीलता और उत्पत्ति। आदित्य के प्रक्षेपण के बाद निसंदेह अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की दखल और बढ़ जाएगी। सूर्य मिशन बहुत महत्वपूर्ण है और वैश्विक अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी तरह का एक विशिष्ट मिशन है इसलिए इसरो के वैज्ञानिकों को इस मिशन से भारी उम्मीदें हैं। अब तक सिर्फ अमेरिका, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी और जापान ने सूरज के अध्ययन के लिए स्पेसक्राफ्ट भेजे हैं। इस मिशन की सफलता इसरो के लिए संभावनाओं के नए दरवाजे खोल देगी। इस अनंत आकाश में मौजूद अन्य चमकते तारों के बारे में पता करने की जिज्ञासा को और गति मिलेगी।

अगर सूर्य की ऊर्जा और उसके रहस्यों से पर्दा हटा पाने में कुछ भी सफलता मिली तो यह मानव सभ्यता का कायाकल्प करने वाला अध्याय होगा। इससे मानव अन्य ग्रहों और आकाश गंगाओं तक पहुंचने के अपने अभियान को अगले कदम तक ले जा सकेगा।

विचार

# नारी सम्मान की न्यायिक शब्दावली

न्यायिक प्रक्रिया के दौरान नारी का सम्मान बनाये रखने के लिये सुप्रीम कोर्ट ने नई शब्दावली दी है। अनेक ऐसे शब्द जो नारी की गरिमा को गिराने वाले होते हैं, उसकी बजाय शीर्ष अदालत ने सम्मानजनक शब्द दिये हैं। एक हैंडबुक के जरिये सर्वोच्च अदालत ने जो शब्द इस्तेमाल में लेने के लिये कहा है, आशा है कि अब कचहरी पहुंचने वाली महिलाओं को न्याय पाने के लिये अपनी प्रतिष्ठा के साथ समझौता नहीं करना होगा।

शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, यौन उत्पीड़न, प्रताड़ना, सम्पत्ति, विवाद होने पर बच्चों की कस्टडी आदि कई तरह के मुकदमों की सुनवाई के दौरान महिला पक्षकारों का बेहद अपमानजनक भाषावली से सामना होता है जिसके कारण उसके लिये न्याय को भूलकर अपनी प्रतिष्ठा को बचाना प्राथमिकता बन जाता है। पुरुष प्रधान समाज द्वारा रचित महिलाओं की आबरू को तार-तार करने वाले कई शब्द, वाक्य और मुहावरे समाज में खूब प्रचलित हैं। महिलाओं को संबोधित करने वाले ऐसे रुढ़िवादी शब्दों को अदालत की शब्दावली से हटाकर सुप्रीम कोर्ट ने जो नये शब्द दिये हैं, उम्मीद की जानी चाहिये कि वे कचहरी की जिरह और दस्तावेजों में ही सीमित न रहकर पूरे समाज में इस्तेमाल होंगे ताकि औरतों को कोर्ट ही नहीं वरन पूरे समाज में अपमानित हुए बिना संबोधित होने का मौका मिले। हमारे यहां महिलाओं के स्थान के बारे में चाहे जितनी महिमा गाई जाये, सच्चाई यही है कि भारतीय समाज औरतों को वह सम्मान नहीं देता जिसकी आधी आबादी हकदार है। बहुत से देशों का भी यह हाल हो सकता है। यह किसी एक धर्म या वर्ग से जुड़ी महिलाओं की भी बात नहीं है। थोड़े से अंश को छोड़ दिया जाये तो ज्यादातर महिलाएं देश में लैंगिक असमानता का शिकार हैं। फिर वे चाहें निम्न वर्ग की हों या मध्य वर्ग अथवा उच्च वर्ग की। शिक्षा ने कुछ फर्क जरूर डाला है पर असलियत यही है कि ज्यादातर महिलाएं अपने वाजिब अधिकारों की तरह ही सम्मान से काफी दूर हैं। पहले पिता या भाई के नियंत्रण में रहती स्त्रियां बाद में पति और अंततरू बुढ़ापे में पति के साथ रहते हुए या विधवा के रूप में पुत्रों पर आश्रित जीवन जीती हैं। उनकी भौतिक जरूरतों को लेकर होने वाली दुश्वारियां तो अपनी जगह पर हैं, घर हो या बाहर, वे आजीवन जिल्लत भरा जीवन जीती हैं। उन्हें जिन शब्दों से संबोधित किया जाता है वह अक्सर अपमानजनक होता है।

घरों के बाहर भी महिलाओं को लेकर कोई बहुत अच्छी भाषा का उपयोग नहीं होता। जो महिलाएं समाज में प्रचलित भाषा को चुपचाप सुन लेती हैं वे अच्छी मानी जाती हैं क्योंकि यह मानकर ही चला जाता है कि उनका जीवन इसी के लिये बना हुआ है या उनके प्रति ऐसे वाक्यों या शब्दों का प्रयोग गैरवाजिब नहीं है। फिर, यदि औरत न्याय की दहलीज तक पहुंचने वाली हो तो, पुरुष का अहम अधिक आहत होता है। ऐसी औरतों के लिये कटुतर व ज्यादा अपमानजनक शब्द प्रयोग में लाये जाते हैं। ये शब्द लोक व्यवहार से चलकर कानूनी प्रक्रिया में दाखिल हो गये हैं। रुढ़िवादी भाषा महिला को उसके हक की लड़ाई में कमजोर कर देती है। औरतों को अपमानित करने वाला कानूनी दांव-पेंच शब्दों तक सीमित न रहकर महिला के विचारों और पोशाकों तक पहुंच जाता है। बलात्कार से पीड़ित महिला को इंसाफ पाने या दिलाने के लिये दामिनी मूवी की तरह उस पीड़ादायी घटना का सिलसिलेवार वर्णन करना होता है जो बलात्कार से कहीं अधिक दर्दनाक होता है या फिर पिंक फिल्म की भांति महिला पक्षकार को नाइट पार्टी का आदी साबित कर चरित्रहीन बतलाया जाता है।

सुप्रीम कोर्ट ने भारत को सभ्य समाज बनने के रास्ते पर एक और कदम चलाया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तैयार की गई एक हैंडबुक बुधवार को जारी की। इसका उद्देश्य महिलाओं के लिये प्रयोग में लाये जाने वाले शब्दों पर रोक लगाना है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे जजों और वकीलों को लैंगिक रुढ़िवादी शब्दों के इस्तेमाल से बचने में सहायता मिल सकेगी। हैंडबुक में दिये गये शब्द अब से अदालतों में जिरह करने के दौरान और उनके फैसलों में उपयोग में लाये जायेंगे। अनेक ऐसे शब्दों को वर्जित कर महिलाओं के लिये सम्मानजनक जो शब्द इस हैंडबुक में बतलाये गये हैं, उनमें कुछ प्रमुख इस प्रकार हैं- अब तक प्रचलित प्रास्टिट्यूट, हूकर या रंडी के स्थान पर सेक्स वर्कर, अडल्ट्रेस या अफेयर (व्यभिचारिणी) की बजाय शादी से इतर संबंध तथा हाउस वाइफ के बदले होममेकर शब्द का इस्तेमाल होगा। ऐसे ही, कैरियर वूमन, इंडियन या वेस्टर्न वूमन, पवित्र महिला, स्लट या फूहड़ के स्थान पर केवल महिला शब्द का प्रयोग होगा। बिन ब्याही मां को मां तथा कीप या मिस्ट्रेस को गैर मर्द से संबंध कहना होगा। बाल वेश्या को ऐसी बच्ची जिसकी तस्करी की गई, जन्म से लड़का-लड़की के स्थान पर जन्म के समय निर्दिष्ट लड़का या लड़की, स्त्रैण (जब अपमान के उद्देश्य से इस्तेमाल में लाया गया हो) के बदले लिंग तटस्थ शब्द जैसे आत्मविश्वासी या जिम्मेदार लफ्जों का प्रयोग होगा। भड़काऊ कपड़े केवल कपड़े कहे जायेंगे और ये महिला की इच्छा के द्योतक नहीं होंगे। उनकी न का अर्थ न ही होगा।

आशा है कि महिलाओं को जो सम्मान शीर्ष अदालत दिलाना चाहता है वह सिर्फ मुकदमों की जिरह, सुनवाई और फैसलों में ही सीमित न रहे। कोर्ट परिसरों के बाहर भी समाज औरतों को वास्तविक सम्मान देगा ताकि हम लैंगिक समानता से युक्त समाज रच सकें। कोर्ट द्वारा दिखाया गया नारी सम्मान का रास्ता आम लोगों को कुछ तो सिखायेगा।

साहित्य



## जिसके सम्मोहन में पागल...

अदम गोंडवी

जिसके सम्मोहन में पागल, धरती
है, आकाश भी है।
एक पहेली-सी ये दुनिया, गल्प
भी है, इतिहास भी है।

चिन्तन के सोपान पर चढ़कर
चाँद-सितारे छू आए,
लेकिन मन की गहराई में माटी
की बू-बास भी है।

मानव-मन के द्वन्द्व को आख़िर
किस साँचे में ढालोगे,
महारास की पृष्ठभूमि में 'ओशो'
का संन्यास भी है।

## झरोखा



अमृत की बूँदें बरसी थीं तब हमने
मुँह फेर लिया,
आज ख़ुशी से ज़हर पी रहे और
इसका एहसास भी है।

इन्द्रधनुष के पुल से गुज़रकर उस
बस्ती तक आए हैं,
जहाँ भूख की धूप सलोनी चंचल है
बिन्दास भी है।

कंक्रीट के इस जंगल में फूल
खिले पर गन्ध नहीं,
स्मृतियों की घाटी में यूँ कहने को
मधुमास भी है।



## राशिफल

**मेष:-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**वृष:-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुन:-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्क:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्या:-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**तुला:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में न जियें।

**वृश्चिक:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्टा करें। आलस्य त्यागें।

**धनु:-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकर:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभ:-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मीन:-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी। महत्वपूर्ण दायित्वों की पूर्ति के लिए प्रयत्न तीव्र होगा।

# फोटो और फोटोग्राफी

डॉ. नन्दकिशोर साह

तस्वीर को हकीकत में बनाने का श्रेय फ्रेंच वैज्ञानिक जोसेफ नाइसफोर और लुइस डॉगेर को ही जाता है। इन्होंने डॉगोरोटाइप प्रक्रिया का आविष्कार 1820 के करीब किया था। यह फोटोग्राफी की सबसे पहली प्रक्रिया है। इसकी मदद से ही दुनिया का पहला तस्वीर 1826 में कैप्चर की गई। पहली तस्वीर लेने में 8 घंटे लगे थे। इसे जोसेफ नाइसफोर ने अपने घर की खिड़की से लिया था। 1855 में जेम्स क्लर्क मैक्सवेल द्वारा सुझाए गए तीन-रंग विधि द्वारा बनाई गई।

पहली रंगीन तस्वीर, 1861 में थॉमस सटन द्वारा ली गई थी। विषय एक रंगीन रिबन है, जिसे आमतौर पर टार्टन रिबन के रूप में वर्णित किया जाता है। पहला रिफ्लैक्स कैमरा 1928 में टीएलआर के रूप में आया। यह काफी पॉपुलर हुआ। सन् 1933 में एसएलआर का डिजाइन बनना शुरू हुआ, जिसमें 127 रॉलफिल्म लगी हुई थीं। 3 साल बाद 135 फिल्म्स के साथ एक नया मॉडल आया। मोबाइल फोन ने फोटोग्राफी कला का विस्तार किया है। आम जनमानस की सोच इनमें दिखती है। हर फोटो कुछ कहती है। चित्र जनसंप्रेषण के सशक्त माध्यम होते हैं। चित्रों की प्रमाणिकता को साबित करने की जरूरत नहीं पड़ती। चित्र खुद-ब-खुद प्रमाण होते हैं। चित्र मानव की सौंदर्यानुभूति की विशिष्ट प्रस्तुति भी होते हैं।



प्राचीन काल से ही मनुष्य ने अपने भावों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया है। विविध प्रागैतिहासिक और प्राचीन कालीन गुफा तथा भित्तिचित्र इसके सशक्त उदाहरण है। मनुष्य जीवन और प्रकृति से जुड़ी जिन उपस्थिति को देखता है और जो उन्हें आकर्षित करती है, उसे वह चित्रों के रूप में उतार लेता है।

चित्रकारी मानव की मूल प्रवृत्ति रही है। लेकिन सजीव फोटो उतारने का काम कैमरे की मदद से किया जाता है। फोटो जीवंत इतिहास होते हैं। मानव की सौंदर्यानुभूति को सहेज कर रखने का काम करते हैं। फोटो को शब्दों का विकल्प भी कहा गया है। एक फोटोग्राफ एक हजार शब्दों की व्याख्या कर देता है। चित्र अभिव्यक्ति का ऐसा माध्यम है, जहां शब्दों की जरूरत नहीं होती। तस्वीर एक साथ कहानी कहने और गवाही देने का कार्य करती है। कभी-कभी जिंदगी से जुड़े चित्र इतनी गहरे मन में उतर जाते है कि व्यक्ति सोचने पर विवश हो जाता है। हमें संसार के बारे में गहराई से सोचने पर मजबूर कर देते हैं। कैमरा तस्वीर खींचने में क्षण भर ही तो लगाता है। कितना सत्यवादी होता है। जैसा देखता है वैसा ही फोटो लेता है। आपकी आंखों से देखता है और आपके मस्तिष्क की सोची हुई बात को अंकित करता जाता है। उसे दुख-सुख, छोटा-बड़ा, अमीर-गरीब, सुंदर-कुरूप का बिल्कुल ही भान नहीं होता। तस्वीरें भी कैमरे की तरह कभी झूठन हीं बोलती। अपनी कहानी खुद कहती है। केवल वर्तमान की ही नहीं वरन भूत और भविष्य की भी कहानी कह देती है। तस्वीर कभी बोलती नहीं, चाहे जितनी भी जीवंत प्रतीत हो। जीवित हो या मृत, हर दृष्टि से तस्वीर सदैव निर्जीव ही है। जीवित या मृत व्यक्ति के छायाचित्र में कोई अंतर नहीं होता। दोनों ही स्थिति में छायाचित्र हमेशा मुक, अविचल और स्थित होता है। तस्वीर केवल सुख ही नहीं बल्कि दुख के क्षणों को भी स्मरण करा देती है। यदि छाया चित्र बोलता है सांत्वना देता है, वह केवल तस्वीर देखने वाले व्यक्ति की खुद की सोच पर निर्भर करता है। फोटोग्राफी विशिष्ट कलात्मक विद्या है जो अतिरिक्त सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता की मांग करती है। कैमरे के माध्यम से भावना को आंदोलित कर सकने वाले लक्षणों को कैद करना आसान काम नहीं है।

एक सजीव फोटोग्राफ पाने के लिए अनेक चित्र खींचना पड़ता है। इंतजार करना पड़ता है। इसलिए फोटोग्राफर के लिए धैर्यवान होना अत्यंत आवश्यक है। सही चित्र को उसके आकर्षक रूप में प्राप्त करने और प्रस्तुत करने के लिए तकनीकी दक्षता तथा रंग, प्रकाश का ज्ञान भी फोटोग्राफर के लिए जरूरी है। फोटो समाचार पत्र को आकर्षक तथा विश्वसनीय बनाते हैं। फोटो प्रामाणिक इतिहास होते हैं। बीते हुए समय के चित्र से जीवंत और विश्वसनीय प्रमाण और कुछ भी नहीं हो सकता। चित्रों की अपनी भाषा होती है जिसको समझने के लिए किसी संकेत चिन्ह की जरूरत नहीं पड़ती। चित्र अपने आप में मानवीय अनुभूति को उद्वेलित कर उसकी भावुकता को प्रवाह देने में सक्षम होते हैं। समाचारों की दृष्टि से चित्रों का विशेष महत्व होता है। फोटो समाचार की विश्वसनीयता और जीवन्तता को बढ़ाते हैं। विवादास्पद बातों पर फोटो द्वारा की गई अभिव्यक्ति निर्णायक होती है। पाठक फोटो युक्त समाचार को ज्यादा सुगमता पूर्वक ग्रहण करते हैं तथा यह उनके मस्तिष्क पटल में अपेक्षाकृत दीर्घ अवधि तक सुरक्षित रहता है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# व्यापारियों-उद्यमियों की समस्या समाधान के लिए हर संभव प्रयास : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने यह निर्देश दिये कि निजी शॉपिंग कॉम्पलेक्स में यदि स्वीकृत नक्शे के अनुसार महिला एवं पुरूष शौचालय नहीं बनाये गये हैं, तो उनके विरूद्ध जांच कर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि शहर के मुख्य बाजार में लगने वाले पटरी बाजार के स्थान सम्बन्धी प्रकरण को उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में सम्बन्धित विभागीय अधिकारी सर्वे कर शीघ्र आख्या प्रस्तुत करें।

जिलाधिकारी अविनाश कुमार आज कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बंधु की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह, उपायुक्त उद्योग, क्षेत्रीय प्रबन्धक-यूपीसीडा, अग्निशमन अधिकारी सहायक श्रमायुक्त, एलडीएम, आईटीआई प्रधानाचार्य, एआर कोआपरेटिव के अतिरिक्त विभिन्न व्यापारी एवं औद्योगिक व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं उद्यमी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभाग पूरी निष्ठा के साथ कार्य सम्पन्न करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि निजी शॉपिंग कॉम्पलेक्स में यदि स्वीकृत नक्शे के अनुसार शौचालय आदि सुविधाये सुचारू नहीं है तो ऐसे काम्पलेक्स के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि समस्त उप जिलाधिकारियों को इस सम्बन्ध में अवगत करा दिया जाये, साथ ही साथ अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को भी इस सम्बन्ध में समुचित निर्देश जारी कर दिये जाये। उन्होने कहा कि पटरी बाजार से सम्बन्धित व्यापारियों एवं उद्यमियों की शिकायत या समस्या का समाधान करने के लिए हर सम्भव प्रयास किये जाये।



▸ निजी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में यदि स्वीकृत नक्शे के अनुसार शौचालय आदि सुविधायें सुचारू न होने पर होगी कार्यवाही

जिलाधिकारी ने बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड, बाराबंकी में आवासीय फायर स्टेशन के निर्माण एवं विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं की प्रगति पर चर्चा के दौरान क्षेत्रीय प्रबन्धक, यूपीएसआईडीसी के बैठक में उपस्थित न रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके विरूद्ध शासन में अनुशासनात्मक कार्यवाही करने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिये साथ ही प्रोजेक्ट मैनेजर से भी स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कुर्सी रोड में अवस्थापना सुविधाओं सम्बन्धी प्रशासनिक भवन एवं ट्रक टर्मिनल आदि निर्माण कार्य के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये कि वे कार्य में तेजी लाये तथा शीघ्र कार्य पूर्ण करने का प्रयास करें। जिलाधिकारी ने ग्वारी रोड स्थित जर्जर मार्ग को दुरूस्त करने, पुर्ननिर्माण, मरम्मत आदि से सम्बन्धित कार्यो के लिए सम्बन्धित अधिकारी से कहा कि शासन स्तर पर पैरवी कर इस कार्य के लिए धनराशि अवमुक्त करने के प्रयास किये जाये। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न विभागों द्वारा हस्ताक्षरित ग्रीन एवं येलो कैटेगरी के एमओयू के क्रियान्वयन के लिए मुख्य विकास अधिकारी दो टीमों का चयन कर कार्य को पूर्ण करने में सक्रिय योगदान करें। जिलाधिकारी ने लखनऊ बाराबंकी रोड सफेदाबाद में जहां पर कई फैक्ट्रियां व गांव है, के हाईवे रोड के दोनों ओर जल निकासी की व्यवस्था के लिए नाले के निर्माण के सम्बन्ध में एनएचएआई को तत्काल पत्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने उद्यमी संगठनों/उद्यमियों से अपेक्षा की कि वे अधिकाधिक संख्या में अपने प्रतिष्ठानों का पोर्टल पर पंजीयन कराये तथा अधिक से अधिक संख्या में अप्रेंटिसशिप अभ्यर्थियों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षण व रोजगार का अवसर प्रदान करें। जिलाधिकारी ने श्रमिक पंजीकरण योजना के अन्तर्गत निर्देश दिये कि जनपद में बन रही पानी की टंकियों एवं रेलवे के श्रमिकों को भी श्रम पंजीकरण योजना में शामिल किया जाये।

# जहर खुरानी का शिकार हुआ युवक, बस चालक ने लावारिस दशा में छोड़ा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



गोला गोकर्णनाथ से लखनऊ के लिए रवाना हुआ एक युवक जहरखुरानी गिरोह का शिकार हो गया। लखनऊ से आई एक बस के चालक द्वारा युवक को लावारिस अवस्था में नहर कॉलोनी के पास उतार दिया गया। खरसिया गांव निवासी अर्जुन त्रिवेदी द्वारा युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदर गढ़ पहुंचाया गया जहां पर उपचार चल रहा है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह 10:30 बजे के करीब लखनऊ की ओर से आई परिवहन निगम के बस द्वारा एक युवक को अर्थ अर्धबेहोशी की अवस्था में नहर कॉलोनी भट्ट खेड़ा के पास उतार दिया गया।। इधर से निकले अर्जुन त्रिवेदी द्वारा कोतवाली पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी गई परंतु कोई व्यवस्था ना होने पर स्वयं प्राइवेट साधन से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। कपड़ों से निकले आधार कार्ड में युवक की पहचान अरविंद कुमार पुत्र दाताराम निवासी धौरहरा अहमदनगर खीरी के रूप में हुई। युवक ने बताया कि वह गुरुवार को गोला गोकर्णनाथ से लखनऊ आने के लिए बस में सवार हुआ था और उसके बाद उसके साथ क्या हुआ यह नहीं बता पाया। गोला से लखनऊ के लिए बस में सवार हुआ युवक किन परिस्थितियों में लखनऊ से सुल्तानपुर जा रही बस मे सवार हो गया इसका पता नहीं चल पाया।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में व ग्राम प्रधान शिवा मिश्रा के संयोजन में आयोजित की गई ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं। सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी।शुक्रवार को विकास खंड सिरौलीगौसपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरदरी पंचायत भवन में ग्राम चौपाल आयोजित की गई। गांव की समस्या, गांव में समाधान के उद्देश्य से आयोजित इस चौपाल की अध्यक्षता एडीओ पंचायत आनंद कुमार सिंह ने किया।चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया। सभी से आह्वान किया गया कि किसी को भी अब परिवार रजिस्टर नकल जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र लेने के लिए ब्लाक नही आना है।अपने ग्राम पंचायत कार्यालय आकर पँचायत सहायक से मिलकर आवेदन करना है जिससे एक सप्ताह में उनको प्रमाण पत्र ग्राम पँचायत कार्यालय से ही मिल जायेंगे।इस अवसर पर पँचायत सचिव राजेश कुमार ने लोगो को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को पढ़ कर सुनाया।इस मौके पर तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### नकब लगाकर लाखों की चोरी

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात एक मकान में नकब लगाकर चोर पचास हजार की नगदी और लाखों के आभूषण उठा ले गए।सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की है। थाने से संबद्ध दिलावलपुर पुलिस चौकी के हाजीपुर गांव निवासी बृजराज के मकान में बीती रात पीछे की दीवार में चोरों ने नकब काट दी।नकब के रास्ते अंदर दाखिल हुए चोर बक्से में रखी पचास हजार की नगदी और सोने चांदी के कीमती आभूषण बटोर ले गए।घटना के समय गृहस्वामी परिवार के साथ गहरी नींद में सोया था। आज सुबह उसे घटना की जानकारी हुई।पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी।पीड़ित ने बताया कि मजदूरी करके एक एक रुपया उसने भैंस खरीदने के लिए जोड़कर रखा था।

### एसडीएम से अवैध कब्जा हटाने की मांग

**सिद्धौर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** असंद्रा थाना क्षेत्र के पूरे जमाशाह मजरे रसूलपुर गांव निवासी नसीम ने उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट को पत्र देकर गांव के ही कुछ लोगों पर अवैध कब्जे की नीयत से जमीन पर रखे छप्पर को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार आबादी की जमीन पर वह दशकों से काबिज है। आरोप है कि इस जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से बीते दिनों गांव के ही सदाराम आदि ने उसका छप्पर तोड़ डाला और अपना छप्पर रखने लगे। विरोध करने पर उसे मारने के लिए दौड़ा लिया।थाने पर शिकायत करने पर पुलिस ने उभय पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई तो की लेकिन विपक्षी जमीन पर अवैध कब्जा करने को आमादा हैं।पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### सर्पदंश की शिकार महिला ट्रामा रेफर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** घर से बोरी निकालने गई एक महिला सर्पदंश की शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार थाना एवं ग्राम असंद्रा निवासी 32 वर्षीय महिला अफसाना बानो पत्नी छोटे शुक्रवार की शाम लगभग 6-30 बजे कमरे से बोरी निकालने गई थी कि की तभी सर्पदंश की शिकार हो गई। जानकारी होने पर परिजन आनन-फानन में हैदरगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आए जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद महिला को गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### नेत्र शिविर में 70 मरीजों का परीक्षण

**बिसवां, सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** प्रमुख समाज सेवी डॉक्टर लतीफ अहमद पूर्व जिला पंचायत सदस्य व फिरोज कौसर सिद्दीकी एडवोकेट के सौजन्य से पंचायत भवन मढ़िया सेमरी में आँख अस्पताल सीतापुर की टीम द्वारा नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 70 मरीजों को डॉक्टर पंकज कुमार मौर्य और उनकी टीम ने परीक्षण किया और 6 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए आंख अस्पताल सीतापुर ले गये। इस मौके पर टीम पर्थ पांडे, सत्य प्रकाश, कृति, निशा सिंह, कृपाल, अमर सिंह, शहनवाज अहमद और रफीक मेम्बर बिसवॉ, सतीश कुमार, अन्नू राम, मिथुन, अतुल कुमार, इंद्रजीत दीपू कन्हैया, मेदन लाल व बहुत से गणमान्य लोग मौजूद रहे। समाज सेवी डॉक्टर लतीफ अहमद को प्रशिस्त पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।

# ग्रामीण महंगे दामों पर दवा लेने को मजबूर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिले के वी आई पी क्षेत्र के रूप में माने जाने वाले कोठी क्षेत्र से इलाज कराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी कस्बा पहुंच रहे मरीजों व उनके तीमारदारों के साथ डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा जबरदस्त खेल खेला जा रहा है। जहां प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग को लगातार निर्देशित किया जा रहा है कि बाहर से मरीजों को दवाएं न लिखी जाए। वही दूसरी ओर सीएचसी कस्बा कोठी के चिकित्सकों द्वारा क्षेत्र से आए मरीजों को धड़ल्ले से बाहर की दवाएं लिखी जा रही है। बताया जाता है कि चिकित्सकों द्वारा लिखी गई दवाएं पूरे कोठी कस्बा बाजार में किसी भी मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध नहीं है। चिकित्सक द्वारा अस्पताल के बाहर से लिखी दवा सीएचसी कोठी गेट पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर ही मिलती है सीएचसी के डॉक्टरों एवं मेडिकल स्टोर संचालकों की करतूतों के चलते मरीज और तीमारदार महंगे दामों पर दवाएं खरीदने को विवश है। ऐसा ही एक मामला सीएचसी कोठी पर देखने को मिला। मरीज किरन कुमारी सीएचसी पर संचालित ओपीडी में बैठे चिकित्सक से दवा कराने आई थी। ओपीडी में मौजूद एक डॉक्टर द्वारा उन्हें बाहर की दवाई लिख दी गई।

पीड़िता किरन कुमारी ने बताया कि वह डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं का पर्चा लेकर पूरे कोठी बाजार में स्थित मेडिकल स्टोरों पर घूमती रही, लेकिन उन्हें दवा नहीं मिल सकी। मेडिकल स्टोर तथा अन्य लोगों के बताने के बाद जब वह उक्त मेडिकल स्टोर पहुंची तो डॉक्टर द्वारा लिखी दवा मिली तो लेकिन काफी महंगे दामों में स्टोर संचालक द्वारा दी गई। जब बाहर से महंगी दवा लिखे जाने के संबंध में डॉक्टर से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा नहीं सभी मेडिकल स्टोर पर दवा उपलब्ध है। स्थानीय लोगों की माने तो सीएचसी कोठी गेट पर स्थित उक्त मेडिकल स्टोर को यहां के डॉक्टरों का संरक्षण प्राप्त है। सीएचसी कस्बा कोठी के द्वारा लिखी गई दवाओं से ही उनकी मेडिकल स्टोर का कारोबार काफी तेजी से फल फूल रहा है।

### अजय राय के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों में खुशी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ कांग्रेस नेताअजय राय को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष बनाये जाने पर हैदरगढ़ के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। पूर्व प्रदेश सचिव शुएब अहमद शिब्बू ने कहा कि अजय राय के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पूर्वांचल में पार्टी को ताकत मिलेगी और भूमिहार ब्राह्मण वोट कांग्रेस के पाले में आएगा।श्री राय को संगठन का अच्छा अनुभव है और यह बहुत संघर्षशील नेता हैं जो पार्टी के काम आएगा व आगामी 2024 के चुनाव में पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी व 2019 से ज़्यादा सीटें जीत कर आएगी। इस अवसर पर सियाराम यादव सरवर सिद्दीकी अंकुर यादव महमूद अली शिव नारायण रावत सुशील वर्मा सूरज दीक्षित प्रदीप सिंह राज कुमार सिंह असगर अली आदि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व सोनिया गांधी प्रियंका गांधी राहुल गांधी पी एल पुनिया व मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई दी है।

# हैदरगढ़ कैसरबाग बस सेवा बहाली के लिए मुखर हुई आवाज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा हैदरगढ़ कैसरबाग के बीच चलने वाली बस सेवाओं को बंद कर दिए जाने से हैदरगढ़ वासियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने जहा निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर बस सेवाओं को पुनः शुरू कराए जाने की मांग की है, वही भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत को पत्र देकर बंद बस सेवाओं को पुन चालू कराये जाने की मांग की हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि हैदरगढ़ क्षेत्र के सैकड़ों यात्री नौकरी पढ़ाई इलाज के लिए प्रतिदिन हैदरगढ़ से यात्रा करते हैं परंतु निगम द्वारा कैसरबाग डिपो की बसे बंद कर दिए जाने से यात्रियों को दर दर भटकना पड़ रहा है। डग्गामार वाहनों से तमाम दिक्कते उठाकर यात्रा करनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई दशकों से परिवहन निगम द्वारा हैदरगढ़ लखनऊ मार्ग पर पड़ने वाले विभिन्न कस्बो के बीच आवागमन को सुगम बनाने के लिए कैसरबाग बस अड्डे से लेकर हैदरगढ़ बस स्टेशन तक कैसरबाग डिपो की बस संचालित की जा रही थी, परंतु इसी साल की शुरुआत में क्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में तैनात मनोज पुंडीर द्वारा इस मार्ग पर राजस्व घाटे की तोहमत लगाकर गत 13 अगस्त को इस रोड पर चलने वाली सभी बस सेवाओं को बंद करके दूसरे रूट पर लगा दिया गया। इसके बाद से हैदरगढ़ वासियों में परिवहन विभाग के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

वही विभाग द्वारा बन्द की गई हैदरगढ़ से कैसरबाग बसों को पुनः संचालित कराने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक दिनेश रावत को को मांग पत्र दिया गया, इस मौके पर भाजपा नेता विक्की पांडे दुर्गेश पाण्डेय,राहुल दीक्षित,विवेक गुप्ता, हिमांशु सिंह आदि मौजूद रहे।



### चैयरमैन ने लिखा आरएम को पत्र

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा हैदरगढ़ कैसरबाग के बीच चलने वाली बस सेवाओं को बंद कर दिए जाने से हैदरगढ़ वासियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र लिखकर बस सेवाओं को पुनः शुरू कराए जाने की मांग की है। क्षेत्रीय प्रबंधक को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा कि हैदरगढ़ क्षेत्र के सैकड़ों यात्री नौकरी पढ़ाई इलाज के लिए प्रतिदिन हैदरगढ़ से यात्रा करते हैं परंतु निगम द्वारा कैसरबाग डिपो की बसे बंद कर दिए जाने से यात्रियों को दर दर भटकना पड़ रहा है। डग्गामार वाहनों से तमाम दिक्कते उठाकर यात्रा करनी पड़ रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले कई दशकों से परिवहन निगम द्वारा हैदरगढ़ लखनऊ मार्ग पर पड़ने वाले विभिन्न कस्बो के बीच आवागमन को सुगम बनाने के लिए कैसरबाग बस अड्डे से लेकर हैदरगढ़ बस स्टेशन तक कैसरबाग डिपो की बस संचालित की जा रही थी, परंतु इसी साल की शुरुआत में क्षेत्रीय प्रबंधक के रूप में तैनात मनोज पुंडीर द्वारा इस मार्ग पर राजस्व घाटे की तोहमत लगाकर गत 13 अगस्त को इस रोड पर चलने वाली सभी बस सेवाओं को बंद करके दूसरे रूट पर लगा दिया गया। इसके बाद से हैदरगढ़ वासियों में परिवहन विभाग के विरुद्ध जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है।

# सद्भावना दिवस पर ली प्रतिज्ञा



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अपर मुख्य सचिव उप्र शासन राष्ट्रीय एकीकरण अनुभाग, से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को जिले में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का जन्मदिवस सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अन्य अफसरों व कर्मियों और मौजूद लोगों को सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा कराई। इस अवसर पर सभी अफसरों व कर्मियों ने शपथ ली कि मैं प्रतिज्ञा करता हूं कि जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म या भाषा का भेदभाव किए बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाऊंगा।

इस मौके पर डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डिप्टी कलेक्टर विधेश, राजीव निगम, कलेक्ट्रेट तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अन्य कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अति कुपोषित बच्चों को सीएमओ ने भेंट की पोषण किट

▸ प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण
▸ विद्यालय में मिल रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं ली जानकारी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र खेतौसा और प्राथमिक विद्यालय खेतौसा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अति कुपोषित दो बच्चों को पोषण किट दी गई, तो वहीं प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कायाकल्प इंडिकेटर सहित अन्य बिंदुओं का निरीक्षण किया।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र खेतौसा और प्राथमिक विद्यालय खेतौसा विकास क्षेत्र फूलबेहड़ का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पर दो अति कुपोषित बच्चों उजमा बानो और सैफ के परिवार को पोषण किट भेंट की गई है। साथ ही उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकत्री को निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले सभी बच्चों के स्वास्थ्य की निगरानी रखी जाए। जरूरत पड़ने पर पीएचसी व सीएचसी से संपर्क किया जाए और परिवार को भी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाए। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय खेतौसा का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने मिड डे मील, शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई व्यवस्था व कायाकल्प इंडिकेटर के अनुरूप व्यवस्थाओं को देखा और प्रभारी प्रधानाध्यापिका से विद्यालय में मिल रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं की जानकारी करी। साथ ही उन्होंने विद्यालय में पढ़ कर रहे नन्हे मुन्ने बच्चों से भी बातचीत की और उनसे सवाल जवाब भी किए। इस दौरान उनके साथ डीपीएम अनिल यादव व सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी मौजूद रहीं।




# ग्राम चौपाल में शिकायतों का हुआ निस्तारण

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लॉक मोहम्मदी में मुख्य विकास अधिकारी के दिशा निर्देशन विकासखंड अधिकारी मोहम्मदी के नेतृत्व में गांव चौपाल का लगातार आयोजन हो रहा है ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बहादुर नगर में ग्राम विकास अधिकारी मनोज यादव की अध्यक्षता में गांव चौपाल का आयोजन हुआ जिसमें राजस्व निरीक्षक एवं कृषि विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही मौके पर पंचायत विभाग की दो शिकायत प्राप्त हुई दोनों शिकायतें परिवार रजिस्टर नकल से संबंधित थी जनता तुरंत निस्तारण ग्राम विकास अधिकारी द्वारा कर दिया गया प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से संबंधित दर्जनों शिकायतें अधिकारियों को मिली जिसमें कई किसानों की ईकेवाईसी और किसी का रजिस्ट्रेशन नहीं था जिनको तुरंत पीएम किसान पोर्टल पर अपलोड करा दिया गया गांव चौपाल लगने के बाद ग्राम वासियों ने अधिकारियों के काफी सराहना के और मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी का आभार व्यक्त किया कि इस तरीके के गांव चौपाल का आयोजन लगातार होता रहे जिससे ग्राम वासियों को कोई दिक्कत न हो।

# एसडीएम ने कटान प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

,शुक्रवार को तहसील धौरहरा के ग्राम समदहा में शारदा नदी द्वारा कटान की सूचना पर एसडीएम धौरहरा धीरेंद्र सिंह ने बाढ़खंड के सहायक अभियंता और अवर अभियंता संग स्थलीय निरीक्षण किया। एसडीएम ने उपस्थित ग्राम प्रधान व अन्य ग्रामीणों से संवाद किया तथा उनको पूर्णतः आश्वस्त किया कि कटानरोधी कार्य कराकर हर संभव सहायता की जाएगी। ग्रामीणों से वार्ता कर उनको कटान रोकने के लिए प्रभावी कार्य किए जाने के लिए भरोसा दिलाया। एसडीएम ने ग्रामवासियों से संवाद करके उनका फीडबैक जाना।

▸ ग्रामीणों को हर संभव मदद के लिए किया आश्वस्त



आश्वस्त किया प्रशासन ग्रामवासियों की हर संभव मदद के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। बाढ़ खंड के अफसरों को तत्काल कटानरोधी कार्य करने हेतु निर्देशित किया। एसडीएम ने निर्देश दिए कि फ्लड प्रोटक्शन मेटेरियल का पर्याप्त स्टॉक विकेन्द्रीयकृत तरीके से रखें। आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाही करे। निदेश दिया कि प्रोटक्शन कार्य में प्रयुक्त होने वाले फ्लड फाइटिंग मेटेरियएल आदि की समुचित व्यवस्था कर ली जाय ताकि रात्रि के समय में त्वरित कार्रवाई कर बचाव कार्य किया जा सके।

### एसपी ने कवच आउट पोस्ट का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक श्री गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना चंदनचौकी क्षेत्रान्तर्गत इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गश्त किया गया। गश्त के दौरान बॉर्डर क्षेत्र के विभिन्न आवागमन के मार्गों पर भ्रमण कर इन क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु प्रभावी योजना बनाकर नियमित रूप से सघन चेकिंग कराकर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही आवागमन करने वाले समस्त व्यक्तियों की रजिस्टर में एंट्री करने के निर्देश दिए गए।

# 25,000 का इनामिया अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

**पुलिस** अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में चोरी/नकबजनी की घटनाओं के त्वरित अनावरण एवम् अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है उक्त दिये गये निर्देशो के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी क्राइम यादवेंद्र यादव के नेतृत्व में एसओजी व थाना तालगांव की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा चोरी/नकबजनी के अभियोग में

▸ नगदी, मोबाइल व अवैध शस्त्र बरामद



प्रकाश में आये वाछिंत चल रहे थाना रेउसा के 25,000/- रूपये के इनामिया शातिर अपराधी तोताराम पुत्र कामता प्रसाद पासी नि0ग्राम कोड़वा धमधमपुर थाना रेउसा जिला सीतापुर को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी है। जिससे एक अदद तमंचा, 02 अदद खोखा कारतूस, 02 अंदद जिंदा कारतूस 315 बोर, 9,500/-रुपये नगदी, एक अदद वीवो मोबाइल बरामद हुआ है। अभियुक्त का एक बड़ा गिरोह है जो शाम को मोटरसाईकिलों से भिन्न भिन्न क्षेत्रों में निकल कर रैकी करके मकानों में चोरी करते हैं। अभियुक्त के पास बरामद वीवो मोबाइल थाना रेउसा क्षेत्रांतर्गत एक घर से चोरी में मिला था तथा करीब एक माह पूर्व थाना तालगांव अंतर्गत ग्राम बहबूदपुर में गांव के बाहर बने एक घर से अभियुक्त व उसके साथियों द्वारा चोरी की गयी थी जिससे संबंधित कुल 9,500/- रुपये बरामद हुए हैं। एसओजी व थाना तालगांव की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सलेमपुर मोड़ के पास मोटरसाइकिल से जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया तो उनमें पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर करते हुए दोनो भागने का प्रयास करने लगे, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गयी कार्यवाही के दौरान एक अभियुक्त के बायें पैर में गोली लगी। अभियुक्त का नाम तोताराम पुत्र कामता प्रसाद पासी नि0ग्राम कोड़वा धमधमपुर थाना रेउसा जिला सीतापुर ज्ञात हुआ, जिससे चोरी हुए 9,500 रुपये नगदी व एक अदद मोबाइल वीवो तथा एक अदद तमंचा व दो अदद जिन्दा कारतूस व दो अदद खोखा कारतूस बरामद हुए है। अभियुक्त को तत्काल इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है।

# योजनाओं से लाभान्वित किये गये लाभार्थी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

डीएम की अभिनव पहल पर जिले में प्रत्येक वृहस्पतिवार को संचालित किये जाने वाला 'सेवा से संतृप्तिकरण' अभियान अपने द्वितीय पड़ाव पर न्याय पंचायत माधवपुर वासियों के द्वार पहुंचा। विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत चौधरी सिया राम इण्टर कालेज परिसर में आयोजित अभियान से न्याय पंचायत की समस्त ग्राम पंचायतों फखरपुर, परशुरामपुर, घासीपुर, मूसेपट्टी, माधवपुर, खालिदपुर, मलुकपुर, बटुरहा, बहेलिया, ततेहरा व मंझौरा को संतृप्त किया गया। अभियान के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जन स्वास्थ्य हेतु आयुष्मान कार्ड बनाने, लक्षित वर्ग का टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, परिवार नियोजन, चश्मा वितरण तथा हेल्थ कैम्प के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जबकि खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा वंचित पात्र लोगों के राशन कार्ड जारी तथा अपात्र लोगों का नाम पात्रता सूची से डिलीट करने की कार्यवाही की गई। श्रम रोज़गार विभाग द्वारा इच्छुक एवं पात्र लोगों के जाब कार्ड बनाये गये। कृषक दुर्घटना योजना के तहत स्वीकृति पत्र इत्यादि का वितरण के साथ मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत 10 ग्रामवासियों को गोदान भी किया गया।

**आवश्यक सूचना**

यह कि मैं अशरफी लाल मौर्या आयु 63 वर्ष पुत्र मथुरा प्रसाद निवासी ग्राम गोला कुआँ थाना काकोरी परगना तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ का मूल निवासी हूँ। मैंने उपरोक्त कुलदीप मौर्या व दीपक मौर्या पुत्रगण अशरफी लाल मौर्या व पुत्रवधूगण बहू श्रीमती वन्दना मौर्या पत्नी कुलदीप मौर्या व श्रीमती किरन मौर्या पत्नी दीपक मौर्या निवासीगण ग्राम गोला कुआँ थाना परगना तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ को मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है जिसका चाल चलन बहुत ही खराब है आय दिन मारता पीटता है। जिसके कृत्यों से परेशान होकर मैं अपनी चल अचल सम्पत्ति और परिवार से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उपरोक्त लोगों से मैं कोई भी वास्ता नहीं रखूंगा।

# अवैध अतिक्रमणों पर त्वरित कार्रवाई में न बरतें लापरवाही: मंडलायुक्त

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**मंडलायुक्त** झांसी मण्डल झांसी डॉ. आदर्श सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक जोगिन्दर कुमार की अध्यक्षता में झांसी मंडल के तीनों जनपदों (झांसी, जालौन एवं ललितपुर) की कर करेत्तर राजस्व वसूली, विकास कार्य व कानून व्यवस्था की प्रगति की मंडलीय समीक्षा बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मी बाई सभागार में आयोजित की गई।

मंडलीय समीक्षा बैठक के अंतर्गत सर्वप्रथम कर करेत्तर व राजस्व वसूली समीक्षा की गई जिसमें वाणिज्य कर विभाग में जनपद झांसी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अंतर्गत जनपद जालौन, आबकारी विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली में तेजी लाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अपने वार्षिक लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राजस्व में प्रगति लाये साथ ही बड़े बकायेदारों को नोटिस निर्गत कर वसूली की जाये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग अपने-अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की जाये। उन्होंने तीनों जनपदों के अपर जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अवैध अतिक्रमण पर त्वरित कार्यवाही की जाये। इसके उपरांत विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की समस्त योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्राथमिकता में हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुये कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहने पाये। उन्होंने परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि जिन वाहन स्वामियों के रजिस्ट्रेशन अवधि समाप्त हो चुकी है ऐसे समस्त वाहन स्वामियों को नोटिस निर्गत किये जाये जिससे वाहन स्वामी यथाशीघ्र पंजीकरण करा सकेगे। उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी जालौन को निर्देशित किया कि तीन रिक्त दुकानों का जल्द ही आवंटन करना सुनिश्चित करें। उन्होने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन को आधार कार्ड अनिवार्य रूप से प्रगति के साथ लिकिंज कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सिंचाई विभाग, सेतु निगम, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज विभाग, कौशल विकास मिशन आदि विभागों की गहन समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी जालौन चाँदनी सिंह, जिलाधिकारी झांसी रबीन्द्र कुमार, जिलाधिकारी ललितपुर आलोक सिंह, नगर आयुक्त झांसी पुलकित गर्ग, संयुक्त विकास आयुक्त झांसी ऋषि मुनि उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी झांसी जुनैद अहमद, मुख्य विकास अधिकारी जालौन भीमजी उपाध्याय, मुख्य विकास अधिकारी ललितपुर कमलाकांत पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) जालौन संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) झांसी राम सुरेश वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) ललितपुर अंकुर श्रीवास्तव, झांसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष आलोक यादव आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।




### गोल्डन कार्ड बनाने में न बरती जाये लापरवाही

उरई। मंडलीय समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि आयुष्मान भारतध्प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (गोल्डन कार्ड) समस्त पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता के आधार पर गोल्डन कार्ड बनाया जाये, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना से लाभार्थी 5 लाख तक का निःशुल्क ईलाज करा सके। उन्होंने निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत सहायक आदि के द्वारा गोल्डन कार्ड तेजी से बनाये जाये, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

### भूमाफिया, शराब माफिया, खनन माफियाओं को चिन्हित कर करें दंडनात्मक कार्रवाई : जोगिंदर कुमार

**उरई।** इसके पश्चात कानून व्यवस्था की समीक्षा के अंतर्गत निर्देशित किया कि जनपद में कानून व्यवस्था की स्थिति को कायम रखने के लिए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के विरुद्ध प्राथमिकता के साथ सुसंगत धाराओं में कार्यवाही अमल में लायी जाए। पुलिस उप महानिरीक्षक जोगिन्दर कुमार ने कहा कि महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं की शिकायतों को प्राथमिकता से संज्ञान में लेते हुए संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंनं कहा कि तीनों जनपदों में भू-माफिया, शराब माफिया, खनन माफिया आदि माफियाओं को चिन्हित कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जनपदों के बॉर्डरों पर अवैध शराब तस्करी न होने पाये, अवैध शरब माफियों पर शिकंजा कसने के लिये आबकारी विभाग व पुलिस विभाग निरंतर अभियान चलाकर ऐसे माफियाओं को पकड़कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि बिना हैलमेंट व ओवर स्पीड, सीट बेल्ट प्रयोग न करने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करें, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।

### गौशालाओं में छायादार वृक्षों का रोपण हो सुनिश्चित

**उरई।** मंडलायुक्त ने निराश्रित गोवंश की समीक्षा के तहत निर्देशित किया कि प्रति एक गौशाला में निराश्रित गौवंशों को अभियान चलाकर संरक्षित किया जाये, गौशालाओं में गौवंशों के लिये पर्याप्त हरा चारा, भूसा, पानी, टीन शेड आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि तीनों जनपद की गौशालाओं में छायादार वृक्षों का रोपण भी किया जाये, रोपित वृक्षों की सुरक्षा हेतु ट्री-गार्ड लगाना सुनिश्चित करें।

### ऑपरेशन कायाकल्प की प्रगति धरातल दिखनी चाहिए

**उरई।** मंडलीय समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय के निरीक्षण में प्रगति लाई जाए जिससे पठन-पाठन के कार्य में वृद्धि हो सके तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित प्राथमिक विद्यालयों में फर्नीचर एवं शौचालय की उपलब्धता पूर्ण कराई जाए।

## खबरें एक नजर में

### सीएमओ के निर्देश के बावजूद मरीजों को बाहर की लिखी जा रही दवाइयां

**दुद्धी सोनभद्र।** स्थानीय सीएचसी तैनात चिकित्सकों द्वारा मरीज़ो को बाहर की दवाइयां लिखी जा रही है जिससे मरीज के तीमारदारों के जेबों पर बोझ पड़ रहा है । स्थानीय मेडिकल संचालको से सेटिंग गेटिंग। ऊंचे मुनाफा वाली दवाएं चिकित्सक लिख रहे जिससे मरीज़ो के तीमारदार दवाइयां नही खरीद पा रहे है। जबकि करीब एक माह पूर्व सीएमओ अश्विनी कुमार ने सख्त निर्देश दिए थे कि अस्पताल के डॉक्टर ओपीडी के दौरान सिर्फ अस्पताल की सरकारी दवाएं लिखे इसके अलावा जो दवाएं नही है उसे जनऔषधि केंद्र पर दवाएं लिखे ,इसके बावजूद भी चिकित्सक हॉस्पिटल के बाहर की दवाएं लिख रहे हैं। शुक्रवार को अपने घर के बच्चे को उपचार हेतु लाये दिघुल निवासी एहतेशामुद्दीन ने आरोप लगाया कि उन्होंने एक चिकित्सक से चिकित्सीय परामर्श ली जिसमें 4 दवाएं लिखी गयी एक दवा ही अस्पताल से मिली अन्य दवाएं बाहर से लेने को बोला गया। उन्होंने कहा कि जब सीएमओ साहब ने अस्पताल की दवाइयां लिखने को बोला है तो चिकित्सक बाहर की दवा क्यों लिख रहे है यह समझ से परे है।

### चाभियां व अभिलेख हस्तगत कराने की मांग को लेकर एसडीएम को दिया पत्र

**कोंच (जालौन)।** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में प्रबंध समिति और प्राचार्य के मध्य विवाद काफी दिलचस्प मोड़ पर पहुंच गया है। प्रबंध समिति द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य बनाए गए डॉ. टीआर निरंजन ने शुक्रवार को कई प्राध्यापकों के साथ जाकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया और महाविद्यालय के अभिलेख तथा चाभियां उन्हें हस्तगत कराने की मांग की। मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में प्रबंध समिति और प्राचार्य के मध्य चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रबंध समिति द्वारा कार्यवाहक प्राचार्य बनाए गए डॉ. टीआर निरंजन ने शुक्रवार को एसडीएम अतुल कुमार को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि प्रबंध समिति द्वारा प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार को गत जून माह में निलंबित कर दिया गया था और उनको निर्देशित किया गया था कि महाविद्यालय के कक्षों की चाभियां, अभिलेख सहित प्राचार्य का संपूर्ण प्रभार वरिष्ठतम प्राध्यापक डॉ. टीआर निरंजन को सौंप दें। डॉ. टीआर ने प्रार्थना पत्र में बताया कि डॉ. नरेश कुमार ने प्रभार नहीं सौंपा जिसकी शिकायत पूर्व में जिलाधिकारी व कोतवाली पुलिस को भी लिखित रूप से की गई थी। इसके अलावा एसडीएम द्वारा महाविद्यालय में बैठक कर डॉ. नरेश कुमार को निर्देशित किया गया था इसके बाबजूद डॉ. नरेश कुमार प्राचार्य का संपूर्ण प्रभार नहीं सौंप रहे हैं जिससे महाविद्यालय का कार्य तो प्रभावित हो ही रहा है, शिक्षकों कर्मचरियों का वेतन भी निर्गत नहीं हो पा रहा है। डॉ. टीआर ने उक्त मामले को लेकर एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उक्त संबंध में एसडीएम ने कहा है कि इस मामले में वह क्या कर सकते हैं, महाविद्यालय की समस्त संपत्ति प्रबंध समिति के अधिकार क्षेत्र में है, वो जैसे चाहे हस्तगत करें।

### समाजवादी नेता मधु को चौथी पुण्य तिथि पर दी श्रद्धांजलि

**जालौन (उरई)।** समाजवादी नेता व समाजसेवी मधु प्रकाश श्रीवास्तव की चौथी पुण्य तिथि के मौके पर सपा नेताओं ने जिला उपाध्यक्ष दीपू त्रिपाठी के आवास पर पहुंचकर उन्हें याद किया और उनके श्रद्धांजलि देते हुए उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मधु प्रकाश श्रीवास्तव की चौथी पुण्यतिथि के मौके पर जिला उपाध्यक्ष दीपू त्रिपाठी के आवास पर श्रृद्धांजलि सभा संपन्न हुई। जिसमें नगर के सपा नेताओं सहित उनके करीबियों ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस दौरान लोगों ने मधु प्रकाश श्रीवास्तव के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा की एवं नगर के विकास में उनकी भूमिका के बारे में भी चर्चा की गई। दीपू त्रिपाठी ने कहा कि वह काफी मिलनसार और सर्वदलों में अपनी पैठ रखते थे। उनके व्यक्तित्व का ही असर था कि कोई उनका विरोधी नहीं था। कभी कोई भी उनके सामाजिक अथवा व्यक्गित जीवन में उंगली नहीं उठा पाया यही कारण था कि वह सभी के प्रिय थे। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष गौरीश द्विवेदी, विनय श्रीवास्तव, नरसिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जाकिर सिद्दीकी, गजराज कुशवाहा, हरिश्चंद्र यादव, रामदास यादव, रिंकू गुर्जर, बबलू बाबा, सलीम मंसूरी, महाते यादव, असवेंद्र पांचाल, पवन दुबे, राज मंसूरी, अमित सक्सेना, दादू पटेल, पप्पू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### कर्नल ईश्वरी सिंह कालेज के एनसीसी कैडेटों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जालौन (उरई)।** कर्नल ईश्वरी सिंह इंटर कॉलेज स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम संपन्न हुए और एनसीसी कैडेट ने गांव में तिरंगा रैली निकाली। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 58 बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल नीलेश कर्नल ईश्वरी सिंह इंटर कॉलेज शेखपुर बुजुर्ग पहुंचे। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट विवेक कुमार कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने पूर्व विधायक संतराम सिंह सेंगर की उपस्थिति में पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। एनसीसी कैडेट्स ने गांव में तिरंगा रैली निकाली। लेफ्टिनेंट विवेक कूलश्रेष्ठ ने कहा कि जिन वीरों ने अपनी जान की बाजी लगाकर देश को स्वतंत्रता दिलाई, हम सभी का कर्तव्य है उन्हें याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त करें। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रेमनाथ, शशांक शेखर सिंह, रितुराज, ईशब शाह, विनायक, आयुष, मोहिनी, नंदिनी, सोनिका आदि मौजूद रहे।

### नौकरी तलाशने की कहकर निकला अधेड़ का शव फांसी पर लटका मिला

**जालौन (उरई)।** घर से नौकरी की तलाश में अहमदाबाद जाने की बात कहकर निकले अधेड़ ने गांव के पास खेत में नीम के पेड़ से लटककर जान दे दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी विजय सिंह (38) पुत्र वीरेंद्र सिंह के पास पिछले कुछ समय से काम नहीं था। परिवार चलाने के लिए वह नौकरी की तलाश में भटक रहे थे। बीती 16 अगस्त को उन्होंने घर पर बताया कि अहमदाबाद में काम मिल सकता है। इसलिए वह नौकरी की तलाश में अहमदाबाद जा रहे हैं। 16 अगस्त की शाम ही वह घर से अहमदाबाद जाने की बात कहकर निकल गए। शुक्रवार की सुबह उनका शव गांव के बाहर नीम के पेड़ पर रस्सी से फांसी के फंदे पर लटका मिला। गांव के कुछ किसान जब वहां से निकले तो विजय सिंह के शव को देखा। जिसकी सूचना उन्होंने परिजनों और कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और शव का पेड़ से उतरवाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि वह अहमदाबाद जाने की बात कहकर गए थे। लेकिन अहमदाबाद न जाकर उन्होंने फांसी क्यों लगा ली समझ नहीं आ रहा है। बता दें, विजय की पत्नी रिंकी की भी तीन वर्ष पूर्व जहरीले कीड़े के काटने से मृत्यु हो चुकी है।

# हौसला बुलंद आधा दर्जन चोरों ने नगर के कई घरों को बनाया निशाना, हुए असफल

- कालोनियों में पुलिस गस्त की रहवासियों ने किया मांग

**चोपन/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**नगर में** इन दिनों लगातार चोरियों की वारदात हो रही हैं जिससे नागरिकों में दहशत व्याप्त है। तीन दिन पूर्व ही जहां प्रीतनगर में चोरों ने धावा बोला था वहीं फिर एक बार नगर के अवकाश नगर व गौरव नगर में चोरों ने चोरी का प्रयास किया। लगातार चोरियों की वारदात से यह साफ है कि नगर में चोरों का गिरोह सक्रिय है। लेकिन फिर भी पुलिस के हाथ नही आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में अब पुलिस द्वारा रात्रि गश्त मात्र औपचारिक ही नजर आ रही है। गौरतलब हो कि नगर के अवकाश नगर में शुक्रवार की भोर में हौसला बुलंद लगभग आधा दर्जन चोरों ने मकान में घुसने का प्रयास किया एन वक्त पर गृह स्वामी के जागने पर भागते हुए चोरों ने पत्थर से हमला कर दिया जिससे गृहस्वामी का भतीजा घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामकृष्ण सिंह उर्फ जीतू सिंह के अवकाश नगर स्थित मकान में शुक्रवार की रात लगभग 3ः00 बजे चोर बाउंड्री कूदकर अंदर घुस गए और खिड़की से अंदर झांकने का प्रयास कर ही रहे थे की ठीक उसी समय जीतू सिंह के भतीजे अभिषेक की नींद खुल गई और वह बाथरुम जाने के लिए उठा तो बाहर आहट होने पर उसने देखा कि तीन चार लोग घर के बाहर मौजूद थे जिसके बाद उसने शोरगुल किया जिसके कारण चोर भागने लगे घर के लोगों ने कुछ दूर तक पीछा भी किया लेकिन वे लोग पलट कर पथराव करने लगे जिसमें एक बड़ा पत्थर जीतू सिंह के भतीजे अभिषेक के आंख के ऊपर लगा और वह बुरी तरह से घायल हो गया आनन फानन में लोग उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोपन पहुंचे जहां उसे प्राथमिक उपचार किया गया। गृहस्वामी द्वारा घटना की सूचना स्थानीय थाने को दी गई। इसी क्रम में चोर रेल कर्मचारी इंटरमीडिएट कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य अमरेश चंद्र पांडे की वाउंड्री फांदकर के घर में घुसने का प्रयास किए लेकिन वहां भी असफल हुए यही नहीं नगर में हार्डवेयर तथा परचून की दुकान चलाने वाले संजय अग्रवाल के घर में भी इसी रात धावा मारा उनके घर में घुसकर अलमारियों में रखे कपड़े और सामानों को इधर-उधर बिखेर दिए लेकिन कुछ प्राप्त न होने की स्थिति में उसी स्थिति में छोड़कर के वहां से भी चलते बने लोगों का मानना है कि इधर कुछ दिनों से पुलिस की गस्त ढिला पड़ गया है जिसके वजह से चोरों के हौसले बढ़े हुए हैं मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह जांच पड़ताल में जुट गए।



# बंदरों व कुत्तों के हमले में डेढ़ दर्जन लोग हुए जख्मी, दहशद दिखी

**कोंच(जालौन)।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बंदरों और कुत्तों के आतंक से हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। सैंकड़ों की संख्या में बन्दर और कुत्ते आए दिन बच्चों से लेकर बड़े बूढ़ों पर हमला कर रहे हैं जिससे लोग जख्मी हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन से लेकर वन विभाग आँखों पर पट्टी बांधे हुए नजर आ रहा है। शुक्रवार की सुबह अपने कार्य से तहसील परिसर पहुंची 50 वर्षीय महिला अक्सरी पत्नि शहजाद खां निवासी ग्राम तूमरा और 25 वर्षीय युवक दीपक पुत्र राजू निवासी चाँदनी पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया जिससे उक्त दोनों जख्मी हो गये। जख्मी अवस्था में दोनों ने सीएचसी पहुंचकर रैबीज इंजेक्शन लगवाये और मरहम पट्टी करवाई। इसी तरह अलग अलग अन्य स्थानों पर भी बंदरों और कुत्तों के हमले में जख्मी हुए 75 वर्षीय लल्लूराम पुत्र नाथूराम निवासी कोंच, 18 वर्षीय शिवानी पुत्री राकेश निवासी कोंच, 4 वर्षीय देवांशी पुत्री मोहन निवासी अखनीबा, 23 वर्षीय आरती पत्नि रोहित निवासी सुलखना, 28 वर्षीय देवेन्द्र पुत्र बलराम निवासी दोहर, 57 वर्षीय श्रीचंद्र पुत्र छिंगे निवासी कोंच, 12 वर्षीय रक्षा पुत्री ज्ञान सिंह निवासी क्योलारी ने भी शुक्रवार को सीएचसी पहुंचकर रैबीज के इंजेक्शन लगवाये। बंदरों और कुत्तों का आतंक घर की छतों, सड़क अथवा गलियों में ही नहीं है बल्कि भीड़ भाड़ वाले तहसील, ब्लॉक, सीएचसी, नगर पालिका सहित लगभग सभी सरकारी कार्यालय के परिसरों से लेकर स्कूलों में भी देखा जा सकता है। ऐसा नहीं है कि बंदरों का आतंक हाल फिलहाल ही देखने को मिल रहा हो, बंदरों का ये आतंक बीते कई वर्षों से व्याप्त है और कई घटनाएं भी बीते वर्षों में घटित हुई हैं इसके बाद भी इन उत्पाती बंदरों को पकड़ने की कोई कार्यवाही नहीं की जा सकी है। सरकारी कार्यालयों में तो कई बार जरूरी दस्तावेज भी इन बंदरों ने नोंच डाले और घर की छतों पर बच्चों के खेलने पर भी बंदरों ने ग्रहण लगा दिया है।

# मेडिकल कालेज के छात्र-छात्राओं ने योग प्रतियोगिता में मारी बाजी

**उरई (जालौन)।** राजकीय मेडिकल कालेज जालौन उरई में ''मेरी माटी मेरा देश'' आजादी के अमृत महोत्सव अवसर पर योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डीन प्रधानाचार्य डा. आरके मौर्य, आरएमसी जालौन की अध्यक्षता एवं प्रिंसिपल डा. रीना कुमारी कालेज ऑफ नर्सिंग के मार्गदर्शन में आयोजित की गयी। योग प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी छात्रों को संबोधित करते हुये बाइक प्रिंसिपल आरएन कुशवाहा राजकीय मेडिकल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि यदि बच्चे प्रतिदिन योग करें तो वह अनेकों प्रकार की बीमारियों से दूर रह सकते है। उन्होंने छात्रों को हर रोज नियम से योग अभ्यास करने की भी सलाह दी। कार्यक्रम की शुरूआत में सौभाग्य दीक्षित द्वारा सूर्य नमस्कार के फायदे भी बताये। छात्र-छात्राओं की प्रतियोगिता अलग-अलग करायी गयी जिसमें छात्र प्रथम अभय, द्वितीय शिवम, तृतीय अनुज व छात्राओं में प्रथम आयी अमिसा, द्वितीय आलका



व तृतीय स्थान पर ज्योति रही। बाद में डीन/प्रिंसिपल डा. आरके मार्य, आरएन कुशवाहा सीएमएस, डा. प्रशांत निरंजन, नॉडल आफीसर डा. शैलेंद्र प्रताप प्रधानाचार्य कालेज ऑफ नर्सिंग डा. रीना कुमारी, उप प्रधानाचार्या उमा माहेश्वरी, सागर दीक्षित, सौभाग्य दीक्षित के साथ नर्सिंग फैकल्टी व नर्सिंग के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। अंत में सीएमएस डा. प्रशांत निरंजन, डा. रीना कुमारी, डा. सिद्दीकी, ब्लड विभागाध्यक्ष डा. प्रगनेश, अस्थिया विभाग अध्यक्ष उप प्रधानाचार्य उमा माहेश्वरी, नर्सिंग कालेज द्वारा छात्र-छात्राओं को मेडल देकर पुरुस्कृत किया गया।

# मांगे पूरी नहीं हुई तो चलता रहेगा धरना प्रदर्शन

- रॉबर्ट्सगंज स्थित पीडब्ल्यूडी परिसर में एक इ्यूसी धरना प्रदर्शन कर बुलंद की आवाज
- मांगे पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र धरना प्रदर्शन आंदोलन की चेतावनी

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**पीडब्ल्यूडी** नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ व अन्य कर्मचारियों द्वारा रॉबर्ट्सगंज स्थित पीडब्ल्यूडी परिसर में दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन पर किया विरोध प्रदर्शन अपनी मांगों को लेकर बुलंद की आवाज।

वही जिला अध्यक्ष सुरेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र के अधीन कार्यरत राजेंद्र चौकीदार के वेतन निर्धारण आदेश व्यवस्थापन लिपिक एवं खंडी लेखा अधिकारी द्वारा शासनादेश के अनुसार आदेश तैयार कर हस्ताक्षर कर दिया गया है उक्त आदेश को अधिशासी अभी पंत अपने हाथवादी रवैया के कारण आदेश पारित नहीं कर रहे हैं संघ के पल्ला एवं व्यक्तिगत अनुरोध के बावजूद कार्रवाई पूर्ण न होने एक साथ नियुक्त किए गए अन्य कर्मचारियों से राजेंद्र चौकीदार का वेतन कम मिलने के कारण आर्थिक नुकसान हो रहा है विवश होकर धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है जब तक मांगे पूरी नहीं होंगी तब तक धरना प्रदर्शन यूं ही जारी रहेगा यह संघ द्वारा निर्णय लिया गया है कि तत्काल वेतन निर्धारण आदेश को पारित नहीं किया गया तो वृहद आंदोलन कार्रवाई करने को मजबूर होना पड़ सकता है आवश्यकता पड़ने पर भूख हड़ताल भी किया जा सकता है सांकेतिक धरना प्रदर्शन के समर्थन में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज कर्मचारी महासंघ के विभिन्न कर्मचारी मौजूद रहे। इस मौके पर जिला मंत्री रामवृक्ष प्रसाद, राजेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, आंगनबाड़ी संघ के जिला अध्यक्ष प्रतिमा सिंह, बलिराम सिंह, विश्वनाथ प्रसाद, साधना विश्वकर्मा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



### बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे होकर औरैया की ओर से आकर झांसी की ओर जा रहे बाइक सवारों को अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारी। हादसे में बाइक सवार एक मजदूर युवक की मौत हुई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। बिहार के सीतामढ़ी क्षेत्र के नंदवारा निवासी मजदूर प्रमोद कुमार (28) व उनका साथी मुकेश कुमार शुक्रवार की दोपहर बाइक से औरैया की ओर से झांसी की ओर जा रहे थे। औरैया रोड पर यमुना का पुल बंद होने से दोनों बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे होकर जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक किमी संख्या 209 पर पहुंची तभी पीछे की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों युवक बाइक समेत सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से निकल रहे यूपीडा के कर्मचारी अपनी कार से दोनों को सीएचसी लेकर आए।

# देश के स्वाभिमान और अस्मिता से जुड़ी है पावन खिण्ड दौड़: अनिल ओक

- सोनभद्र के इस आयोजन से पूरा देश प्रेरणा लेगा: रमेश जी
- अखण्ड भारत और हिन्दू साम्राज्य की स्थापना के लिए शिवाजी ने 52 किलोमीटर की लगाई थी दौड़

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**ग्रीस** और एथेंस से जुड़ी मैराथन दौड़ का न तो कोई सांस्कृतिक इतिहास है न ही उस दौड़ से कोई संदेश मिलता है, जबकि इतिहास के पन्नों में दर्ज वीर शिवाजी द्वारा देश के लिए 52 किमी की दौड़ देश की आत्मा और स्वाभिमान से जुड़ी है। यह कहना था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख अनिल ओक का जो मुख्य वक्ता के रूप में सभा को संबोधित कर रहे थे। शहीद उद्यान ट्रस्ट और क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वाधान में रॉबर्ट्सगंज के राज सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनिल ओक ने कहा कि हम सब को दूसरे देश की मैराथन दौड़ को नहीं ढोना चाहिए , और छत्रपति शिवाजी के त्याग और 600 सैनिकों के बलिदान से जुड़ी अपनी मिट्टी से जुड़ी पावन खिण्ड दौड़ को अपनाना चाहिए जिसमें भारतीयता और देश के लिए मर मिटने का जज्बा परिलक्षित हो रहा है। विषय प्रवर्तन करते हुए शहीद उद्यान ट्रस्ट के चेयरमैन और वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव समाप्त हो गया है, अब देश अमृत काल में प्रवेश कर गया है। वीर शिवाजी की स्मृतियाँ अमृतकाल में बुनियादी विचारों का सृजन करेंगी जिससे देश परमगौरव को प्राप्त करेगा । श्री चतुर्वेदी ने वीर शिवाजी पर आधारित महानाट्य जाणता राजा और पावन खिण्ड दौड़ का जिक्र करते हुए कहा कि ये दोनों आयोजन वीर शिवाजी के व्यक्तित्व और कृतित्व को नजदीक से जानने का अवसर प्रदान करेंगे । समाज इससे प्रेरणा ग्रहण करेगा। आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गयी, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओमप्रकाश त्रिपाठी ने रुद्राक्ष की माला और राहुल श्रीवास्तव ने अंगवस्त्रम द्वारा अतिथियों का सम्मान किया । इस अवसर पर विंध्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या ने वीर शिवाजी की पेंटिंग और विजय शंकर चतुर्वेदी ने काष्ठमूर्ति से बनी शिवाजी की प्रतिमा अनिल ओक जी को भेंट की । सोनभद्र में प्रभु श्रीराम के संदर्भ , स्वतंत्रता आंदोलन और सोनभद्र व सनोज तिवारी द्वारा लिखित पुस्तक गुप्त काशी भी अतिथियों को भेंट की गयी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे भोलानाथ मिश्र ने आयोजन के विषय में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि जनजातीय गौरव दिवस, 15 नवम्बर के दिन आयोजित होने वाली इस दौड़ में युवक - युवतियां दोनों भाग लेंगे, धर्मशाला चौराहे से प्रारंभ होकर यह दौड़ शहीद उद्यान पर समाप्त होगी। जल्दी ही इसकी योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। अध्यक्षीय उदबोधन करते हुए राहुल श्रीवास्तव ने कहा वीर शिवाजी के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर सम्पूर्ण समाज को बदला जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर घोषणा करते हुए कहा कि 26 नवम्बर को वाराणसी में आयोजित होनेवाले महानाट्य जाणता राजा को देखने के लिए एक लाख रुपए का टिकट खरीदकर वनवासी बन्धुओं को वाराणसी भेजेंगे। डॉ अंजली विक्रम सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार प्रकट किया। राज बैंकवेट हाल में कोई भी कुर्सी खाली नहीं दिखी। उस समय पूरा परिवेश द्रवित हो उठा जब अनिल ओक जी ने कविता के माध्यम से वीर शिवाजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। शहीद उद्यान ट्रस्ट के सचिव राकेश कुमार त्रिपाठी उर्फ शिशु ने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम पर शीघ्र एक बुकलेट जारी की जाएगी।



### क्या है पावन खिण्ड दौड़

भारत को मुगल साम्राज्य से मुक्ति दिलाने के लिए महाराष्ट्र के पन्हालगढ़ से विशालगढ़ तक 52 किमी की दौड़ वीर शिवाजी ने दुर्गम रास्ते को तय करते हुए बरसाती रात्रि के कुछ घण्टों में पूरी की थी। वे गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच गए थे लेकिन रास्ते में मुग़लसेना से लड़ते हुए 600 मराठी सैनिको ने बलिदान दिया। इस प्रेरणादायी गौरवगाथा के स्मरण के लिए पहली पावन खिण्ड दौड़ कानपुर में आयोजित की गयी थी, सोनभद्र में देश की दूसरी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक रमेश जी के अनुसार आने वाले समय में यह दौड़ भारत की पहचान बताएगी और प्रमुख दौड़ बन जाएगी। उन्होंने कहा कि सोनभद्र सौभाग्यशाली है कि उसे इस दौड़ को आयोजित कराने का मौका मिला। पूरा देश सोनभद्र के इस आयोजन से मार्गदर्शन प्राप्त करेगा।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाने वाले छह लोग गिरफ्तार

महोबा। समृद्धि न्यूज



**महोबा** पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है, थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का किया भण्डाफोड़, अवैध शस्त्र फैक्ट्री का संचालन करने वाले 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 निर्मित शस्त्र व 05 अर्धनिर्मित शस्त्रों सहित भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, के निर्देश पर जब कोतवाली प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम को ग्राम- बरातपहाड़ी में अवैध रुप से संचालित शस्त्र फैक्ट्री की सूचना पर दबिश के दौरान पुलिस टीम द्वारा 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है गिरफ्तार अभियुक्तगणों के कब्जे से भारी मात्रा में निर्मित अवैध शस्त्र तथा कुछ अर्ध निर्मित शस्त्र बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार अभियुक्तगणों का विवरण क्रमशः 1. गुलबदन राजपूत पुत्र रामसेवक उम्र 33 वर्ष 2. राजू विश्वकर्मा पुत्र हरिया उम्र 52 3. पप्पू कुशवाहा पुत्र परशु उम्र 35 वर्ष 4. सत्यनारायण पुत्र शिवनारायण उम्र 31 वर्ष 5. सत्यदेव पुत्र शिवनारायण उम्र 21 वर्ष 6. बाबू कुशवाहा पुत्र मस्तराम उम्र करीब 29 वर्ष जो अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रहे थे, जिनको गिरफ्तार किया गया।

### मानसिक तनाव में युवक ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

**फतेहपुर।** जिले के थरियांव थानां क्षेत्र के इकारी गांव के समीप खेत मे लगे नीम के पेड़ पर युवक ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। फाँसी लगाने की जानकारी मर्तक के परिजनों को हुई तो घर मे कोहराम मच गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल कर रही है।

# उद्योग व्यापार मंडल ने थानाध्यक्ष को किया सम्मानित

इटावा। समृद्धि न्यूज



**स्वतंत्रता** दिवस पर जनपद के थानाध्यक्ष को व्यापारी की चोरी का खुलासा करने माल बरामद करने सहित तमाम मामलों में सिल्वर मेडल देकर अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जॉन कानपुर द्वारा सम्मानित किया गया।

चकरनगर के व्यापारी कैलाश जैन के यहां करोड़ों की चोरी होने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने माल बरामद करने व चोरी का पर्दाफाश किए, जाने की मांग वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा से की थी जिस पर तत्काल थाना अध्यक्ष दीपक कुमार द्वारा व्यापारी का माल बरामद करा कर चोरी का पर्दाफाश किया गया था 3 बच्चे जो गायब हो गए थे उन्हें 72 घंटे में बरामद की कर घर वापस कराया गया वर्ष 2022 में बाढ़ आने पर आम जनमानस की सेवा की गई इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए शासन ने थाना अध्यक्ष दीपक कुमार को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया। शासन द्वारा सम्मान मिलने के बाद आज उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने थानाध्यक्ष दीपक कुमार को फूल मालाओं से शाल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना, जिला महामंत्री सुनीत सिंह चौहान, जिला उपाध्यक्ष हैदर कुरैशी, नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत कुमार पांडे, नगर उपाध्यक्ष राजीव पाल, शैलेंद्र सिंह राजावत, नगर महामंत्री रमेश यादव, इकदिल नगर अध्यक्ष रंजीत सिंह राठौर, महिला नगर अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

फतेहपुर। समृद्धि न्यूज



**शुक्रवार** को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसवा का जिलाधिकारी श्रुति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित रजिस्टर में डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रियंका श्रीवास्तव, एसटीएलएस देवेन्द्र के अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर, पंजीकरण कक्ष, दवा भंडारण, दवा वितरण कक्ष, ओपीडी, ड्रेसिंग रूम, कुष्ठ रोग, टीबी, पैथोलॉजी, कोल्ड चैन कक्ष, स्टोर रूम, प्रसव कक्ष आदि को देखा। उन्होंने पंजीकरण कक्ष में आज आए हुए मरीजों की संख्या को देखा, दवा वितरण कक्ष में वितरित की गई दवाओं, भंडारण कक्ष में दवाओं की उपलब्धता एवं वैधता को देखा, जहां सभी दवाएं वैध पायी गयी। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी को निर्देशित किया कि उपभोग/वितरित की गयी दवाओं की रिपोर्ट से अवगत कराए। एमओवाईसी द्वारा बताया गया कि इस केन्द्र के अंतर्गत 58 ग्राम सभाएं आती है जिसमे 204 आशा कार्यकत्री कार्यरत है, इनकी बैठकें नियमित की जाती है। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों में लगने वाले बीएचएनडी दिवस का रैंडम निरीक्षण कर रिपोर्ट से अवगत कराए। साथ ही ऐनम, आशा कार्यकत्रियों के उपकरण की उपलब्धता की भी जांच कर ले। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी कक्ष में ब्लड की सभी जांच के लिए उपकरण की व्यवस्था कराए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया और मरीजों को बाहर की दवा न लिखी जाय, स्वस्थ्य केन्द्र में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अशोक कुमार, प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 अनुपम सिंह सहित चिकित्सक/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उदी में निकली 201 फिट ऊंची तिरंगा यात्रा

उदी/इटावा। समृद्धि न्यूज

**आजादी** की अमृत महोत्सव के उपलक्ष में पंडित रामनरेश एक्सीलेंट इंटर कालेज द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।जो विद्यालय से शुरू होकर शहीद स्मारक उदी मोड़ चौराहा पहुंची जहां शहीद स्मारक पर विद्यार्थियों ने शहीदों को पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी और उनके इस बलिदान को कभी न भूलने वाला भविष्य भी बनाया।

तिरंगा यात्रा वापस विद्यालय पर आकर समाप्त हुई फिर विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई और यह पेड़ भी किया गया कि हम मिलकर भारत के गौरव को हमेशा नए शिखर पर पहुंचाएं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक राज नारायण शुक्ला प्रधानाचार्य अनुराग शुक्ला तेज प्रताप शर्मा आरपी सिंह धर्मेंद्र पंकज पांडे एवं समस्त स्टाफ स्टाफ क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# फंगल संक्रमण को खत्म करने के लिये अपनाएं जरूरी टिप्सः डॉ. निशी यादव, त्वचा विशेषज्ञ

इटावा। समृद्धि न्यूज



फंगल संक्रमण को पहचानना मुश्किल नहीं है लेकिन सही इलाज के अभाव में यह एक गंभीर रूप ले लेती है। फंगस के कई रूप हो सकते हैं। जैसे कि त्वचा और नाखूनों के सतही संक्रमण को संक्रमण का सबसे आम रूप माना जाता है, जो दुनिया में किसी भी उम्र की 20-25 प्रतिशत आबादी को प्रभावित करता है। अधिकांश मामलों में फंगल संक्रमण को लोग अधिक गंभीरता से नहीं लेते हैं, जबकि ध्यान नहीं देने पर यह असाध्य रूप ले सकता है। कई बार इसका उपचार कराने के बाद भी यह दोबारा वापस आ जाता है। ऐसा तब होता है, जब प्रभावित व्यक्ति ने डॉक्टर की बताई गई दवा का पूर्ण रूप से सेवन नहीं किया अथवा सुधार होने पर उसका इस्तेमाल करना बंद कर दिया हो। जबकि ऐसा करना फंगल की स्थिति को खराब कर सकता है।

ऐसी स्थिति के लिये त्वचा विशेषज्ञ डॉ. निशी यादव जरूरी टिप्स देते हुए कहती हैं कि अगर आपके डॉक्टर ने फंगस के इलाज के लिये आपके लिये कोई दवा दी है, तो उनके निर्देशों का अच्छी तरह पालन करें। ऐसा इसलिये जरूरी है कि कई बार त्वचा के ऊपर के संक्रमित दाने गायब होने के बाद भी इसके अंदरूनी हिस्से में फंगल संक्रमण मौजूद हो सकता है। इसलिए जब तक आपके डॉक्टर निर्देश दें तब तक क्रीम लगाना जारी रखें। डॉ. निशी आगे कहती हैं कि रोगी की स्थिति पर उसके उपचार की समय सीमा तय होती है। सूखी त्वचा बनाए रखने के लिये हमेशा साफ कपड़े पहने, सूती और लिनेन के कपड़े आरामदायक होते हैं, इसलिये जितना संभव हो इन्हीं का प्रयोग करें। डॉक्टर निशी के अनुसार अगर इलाज के दौरान अगर आप अपनी त्वचा में किसी तरह का बदलाव देखते हैं तब डॉक्टर से अवश्य सलाह लें।

# मानसिक बीमारी से ग्रसित लड़की से कराई युवक की शादी, फिर हड़पी नकदी व जेवरात

महोबा। समृद्धि न्यूज

**जनपद** महोबा के थाना कबरई के मुहल्ला विशालनगर निवासी राजबहादुर वर्मा पुत्र सूरा ने बताया कि उसके पुत्र आकाश की शादी ममता पुत्री बृजभान निवासी ग्राम छानीखुर्द बिंवार हमीरपुर के साथ वर्ष 2018 में हुई थी। बृजभान ने उनसे यह बात छिपाए रखी कि उनकी पुत्री मानसिक रूप से कमजोर है और अच्छे बुरे का ज्ञान नहीं है और वह पागल है। शादी के बाद जब परिवार के लोगों को इसकी जानकारी हुई तो ममता के पिता व भाई विक्रांत से कहा कि उनके साथ धोखा किया गया है। इस पर इन लोगों ने कहा कि अब शादी हो चुकी है उसे छोड़ोगे तो दहेज के मुकदमे में फंसा देंगे। राजबहादुर ने अपनी बहू का इलाज ग्वालियर में कराया लेकिन उसकी स्थिति ठीक नहीं हुई। इसी बीच, वर्ष 2019 में बृजभान के घर में शादी थी। इसके बाद उसका पिता आया और ममता को ले जाने को कहा। यह भी कहा कि शादी है तो पुत्री को जेवर पहनाकर विदा कर दो। उसके पास आर्थिक परेशानी है और 50 हजार रुपए भी दे दो। इसके बाद उसने शादी में चढ़ाव का जेवर व 50 हजार रुपए दे दिए। राजबहादुर एक माह बाद ममता को लेने गया तो वह घर पर नहीं थी। बताया गया कि वह रिश्तेदारी में गई है। इसके बाद जेवर मांगे तो बुरा भला कहकर उन्हें भगा दिया। 11 जून 2023 की समय करीब सात बजे बृजभान व विक्रांत दो साथियों के साथ आए और कहा कि ममता को उनके घर नहीं भेजना है लिखा-पढ़ी कर लो।धमकी दी कि जेवर भी नहीं देंगे और उनकी बात नहीं मानी तो जान से मार देंगे। अन्य लोग आ गए और जेवर व रुपए वापस देने को कहा।

## खबरें एक नजर में

### किसानों का सर्वांगीण विकास सरकार का मुख्य लक्ष्यः चक्रपाणि त्रिपाठी

**चरखारी महोबा।** बहुउद्देशीय सहकारी समिति धनुषधारी चरखारी में आयोजित किसान जागरुकता गोष्टी में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों का सर्वांगींण विकास सरकार का मुख्य लक्ष्य है। किसान को समय पर उत्तम बीज व खाध का वितरण करवाना एवं किसानों को कम ब्याज पर कर्षि ऋण उपलब्ध कराना सहकारी समिति का महत्वकांक्षी लक्ष्य है। सभी किसान जो सहकारी समिति के सदस्य नहीं है वे अतिशीघ्र सहकारी समिति के सदस्य बन कर्षि योजनाओं का लाभ लें। धनुषधारी साधन सहकारी समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह सेंगर ने कहा कि सभी किसानों के लिये डीएपी व यूरिया की पर्याप्त मात्रा समिति के पास उपलब्ध है सभी किसानों को खाद दी जायेगी। इस मौके पर यशवीर सिंह, बैंक डायरेक्टर महेन्द्र गुरुदेव,जाहर सिंह यादव,बैंक मैनेजर कमलेश कुमार,सचिव लालूराम आदि रहे।

### बुंदेलखंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा युवा संवाद भारत @2047 कार्यक्रम का आयोजन

**महोबा।** युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार बुंदेलखंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा युवा संवाद भारत ञ्च2047 कार्यक्रम का आयोजन राजकीय मुकुंदलाल इंटर कॉलेज, महोबा में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ से सी.आर.पी.एफ. उप. नि. सुरेन्द्र बहादुर सिंह एवं प्रधानाचार्य देवेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा आयोजक बुंदेलखंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष दीपचन्द्र द्वारा बताई गई। संदर्भ व्यक्ति के रूप में प्रवक्ता देवेन्द्र कुमार, दिलीप कुमार एवं दया वर्मा रहे। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र महोबा से नवल अहिरवार, जितेंद्र कुमार, कालेज के सभी प्रवक्ता, बुंदेलखंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी से चंद्रकेतु इत्यादि गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवा संवाद भारत ञ्च2047 से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम एवं युवा संवाद, चित्रकला कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रवक्ता राजकिशोर यादव द्वारा किया गया।

### गौशाला में अन्ना मवेशी संरक्षित करने की डीएम से लगाई गुहार

**हमीरपुर।** सुमेरपुर विकास खंड के सिमनौडी गांव के ग्रामीणों ने अन्ना गोवंस द्वारा काश्तकारों की फसलों को चौपट कर देने की शिकायत डीएम से की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से गांव में बनी गौशाला में अन्ना पशुओं को संरक्षित करने की मांग की है। बता दे कि सुमेरपुर विकास खंड क्षेत्र के सिमनौडी गांव के ग्रामीणो ने डीएम को दिए पत्र में आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में बनी गौशाला की ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा कभी देखरेख नहीं की जाती है। और ना हीं पशुओं को अवरुद्ध किया जाता है। जिससे गौशाला के जानवर छुट्टा घूम कर काश्तकारों की फ़सल चौपट करने में लगे है। कहा कि इस बावत जब उन्होंने प्रधान व सचिव से कही तो उन्होंने बात नहीं सुनी। ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से गौशाला में पशुओं को संरक्षित कराने की डीएम से गुहार लगाई है। इस मौके पर रज्जन यादव, संजय यादव, शिवाकांत, रामबाबू, रामराज, धर्मेंद्र, रामलखन, विवेक यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शनी

**हमीरपुर।** नव भारतीय किसान संगठन अरा. के कार्यकर्त्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित गोल चबूतरे पर प्रदर्शन किया।इस दौरान माइक परमीशन को लेकर एसडीएम से उनकी झड़प भी हुई। उन्होंने अपनी 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन डीएम को सौंपा। नव भारतीय किसान संगठन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष राकेश वर्मा की अगुवाई में कार्यकर्त्ता गोल चबूतरे में एकत्र हुए। जहां विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान पहुंचे सदर एसडीएम प्रेम प्रकाश पाठक ने बगैर परमीशन लगाए गए लाउड स्पीकर को हटाने के लिए कहा तो कार्यकर्त्ताओं ने झड़प कर ली। डीएम को दिए ज्ञापन में कहा कि जिले में आवारा पशुओं तथा नीलगायों से फसलों की सुरक्षा गम्भीर बनी हुई है। गरीब किसान आत्महत्या को मजबूर हैं। प्रत्येक तहसील में नकली खाद, बीज तथा कीटनाशक दवायें आदि की शिकायतें निरन्तर आ रही है। उपकृषि निदेशक को निर्देश दे जांच कराकर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# अधिशासी अधिकारी ने निर्माण कार्य की जांच की

इटावा। समृद्धि न्यूज



**कस्बा** बकेवर के मोहल्ला अम्बेडकर नगर में हो रहे गली के निर्माण में मानक विहीन कार्य की सभासद द्वारा शिकायत होने पर शुक्रवार को अधीशाषी अधिकारी व जे?ई मौके पर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे व कुछ खामिया पाये जाने पर उन्होने नाराजगी प्रकट की साथ ही ठेकेदार को सही ढंग से निर्माण कार्य करने की चेतावनी भी दी।

कस्बा बकेवर के मोहल्ला अंबेडकरनगर के सभासद विकास रमन द्वारा जिलाधिकारी को शिकायत पत्र में बताया कि अंबेडकरनगर में नूरी मस्जिद से लेकर महेन्द्र दोहरे के प्लाट तक हो रहे सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घाटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। उक्त शिकायत का संज्ञान लेते हुऐ अधीशाषी अधिकारी संजय पटेल व जे?ई राजेश दीक्षित ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। वहीं अधीशाषी अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिल रही थी जिसका संज्ञान लेकर अम्बेडकर नगर में चल रहे सड़क निर्णाण कार्य का निरीक्षण किया मौके पर खराब ईट मिली उक्त को लेकर ठेकेदार को ईट हटाने का निर्देश दे दिया गया है। खराब ईट का प्रयोग ढलान बनाने के लिऐ किया जा रहा था प्रथम दृष्टिया भ्रम की स्थिति हो रही थी जिसका मौके पर निस्तारण किया गया है बाकि गली के हो रहे निर्माण कार्य का समय समय पर निरीक्षण जेई द्वारा किया जाता रहेगा। निरीक्षण के दौरान सभासद पुष्पेन्द्र त्रिपाठी, सभासद दीपक राजपूत, सभासद अमर सिंह सभासद मोहम्मद कामिल सहित अन्य सभासद मौके पर उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने सारस संरक्षण की दिशा में सरकारी बेरुखी पर तीखी नाराजगी जताई

जैतपुर महोबा। समृद्धि न्यूज



**जैतपुर** छैमाई माता मंदिर तालाब के पास घायल सारस को गायब करने पर वन जीव संरक्षण अधिनियम के तहत जिम्मेदार वन अधिकारियों पर मुकदमा कायम करने की मांग की गई

जैतपुर दौरे पर आयी सीमा पटनाहा ने बेलासागर तालाब का मुआयना किया उन्होंने छैमाई माता मंदिर न्यास के द्वारा किए जा रहे कार्यो की मुक्त कंठ से सराहना की पहाड़ पर किए गए बृहद पैमाने पर पौधारोपण पर प्रसन्नता जताई न्यास संस्थापक डॉक्टर सतीश सिंह राजपूत ने बताया कि विशाल सरोवर बेला सागर में सारस होने की पुष्टि उन्होंने की थी वन विभाग को अवगत भी कराया था पर वन अफसरों ने इसे अफवाह बता कर पल्ला झाड़ लिया था। एक माह पूर्व शिकारियों के प्रहार से घायल सारस का न सिर्फ इलाज किया बल्कि उसे वन विभाग के अफसरों को सौंप दिया अब घायल सारस गायब है वन विभाग के अफसर कुछ बता भी नहीं रहे हैं। उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता सीमा पटनाहा ने शिकायत को गंभीरता से लिया कहा वह न्यायालय में इस पर केस फाइल करेंगी नोटिस भेज वह वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही करायेगी। सीमा पटनाहा ने स्पष्ट किया कि स्थानीय जनप्रतिनिधि व वन अधिकारियों की मिली भगत से ही कागजी पौधारोपण किया जा रहा है यही कारण है कि 39 फ़ीसदी के सापेक्ष केवल 9 फ़ीसदी वन क्षेत्र ही बचा है उन्होंने बीते 25 वर्षों में किए गए पौधरोपण का रिजल्ट ना आने की कारणों का पता लगाने को माननीय न्यायालय में केस फाइल करने का भरोसा दिलाया इस मौके पर डॉ सतीश सिंह राजपूत हरीसिंह राजपूत विजय साहू सुभाष राजपूत कमलेश विश्वकर्मा कृष्ण कुमार कुमार अरजरिया एडवोकेट रघुवीर राठौर सहित संरक्षण न्यास के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन ने किशोर को रौंदा, गम्भीर घायल

**इटावा।** सिक्सलेन हाईवे पर बकेवर से कोचिंग पढ़कर अपने घर जा रहे एक किशोर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी घटना में साइकिल सवार किशोर गम्भीर रुप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल किशोर को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। घटना में घायल किशोर गम्भीर घायल बताया जा रहा है। किशोर का नाम पता नही चल सका। बकेवर थाना क्षेत्र के सिक्सलेन हाईवे पर शुक्रवार की शाम बकेवर से कोचिंग पढ़कर घर वापस जा रहा था सोवरन सिंह महाविद्यालय के समीप से हाईवे पार करने के दौराने अज्ञात वाहन सबार ने साइकिल सबार किशोर के टक्कर मार दी जिसके चलते किशोर गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना स्थल से गुजर रहे लोगों ने घटना की सूचना बकेवर थाना पुलिस को दी मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज ब्रजेश सिंह गौर व थानाध्यक्ष अमीत मिश्रा मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंचे और घायल किशोर को उपचार हेतु एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक

इटावा। समृद्धि न्यूज



**जिलाधिकारी** अवनीश राय की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा सेम और मैम बच्चों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सेम और मैम बच्चों पर विशेष ध्यान देने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि समस्त एमओआईसी स्वयं जाकर मैम और सेम बच्चों को देखें एवं जिले में रैंकिंग खराब पाए जाने पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि सितंबर में प्रगति अवश्य की जाएगी।उन्होंने एमओआईसी जसवंतनगर के अनुपस्थित पाए जाने पर 1 दिन के वेतन काटने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 0 प्रतिशत आने पर सभी एमओआईसी के खिलाफ कार्यवाही की जाए अन्यथा की स्थिति में मुख्य चिकित्सा अधिकारी स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के संचालन एवं कंप्यूटर की उपलब्धता के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने समस्त एमओआईसी को नियमित रूप से पैथोलॉजी, एक्स-रे ,अल्ट्रासाउंड जांच को नियमित रूप से कराए जाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी समस्या का सामना ना करना पड़े। उन्होंने लक्ष्य के सापेक्ष सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव की संख्या कम होने पर समस्त एमओआईसी को आशा के साथ बैठकर गर्भवती महिलाओं को सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने हेतु प्रेरित किया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम, सीएमएस सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### खेतो में काम कर रहे किसान को जहरीले सांप ने काटा, जिला अस्पताल में भर्ती

**फतेहपुर।** जिले के असोथर थाना क्षेत्र के द्वारिकापूरी मजरे कधिया गाँव के समीप खेतों में काम करने गए किस को काम करते समय किसी जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात किसान ने आकर अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस किसान को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के द्वारिकापूरी मजरे कधिया गांव निवासी रामनारायन का 60 वर्षीय पुत्र रामसुमेर खेतों में काम करने गया था। तभी खेत में काम करते समय उसको किसी जहरीले सांप ने काट लिया। सांप काटने की बात रामसुमेर ने आकर अपने परिजनों को बताई तो तुरंत परिजनो ने घटना की सूचना सरकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस किसान को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर रामसुमेर को भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप मनाया गया, दिलाई शपथ

फतेहपुर। समृद्धि न्यूज



पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी के जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने के लिए शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष 19 व 20 अगस्त को अवकाश होने के कारण सद्भावना दिवस प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन 18 अगस्त को विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चंद्रौल ने कहा कि सदभावना दिवस मनाने का विचार सभी धर्म, भाषा, और क्षेत्र के लोगों के मध्य राष्ट्रीय एकीकरण /सम्प्रदायिक सदभाव को बढ़ावा देना है। उन्होंने विकास भवन के अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

शपथः मै प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावनात्मक, एकता और सदभावना के लिये कार्य करूंगा / करूंगी। मै पुनः प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मै हिंसा का सहारा लिये बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाउगा / सुलझाउगीं। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी,जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), ए0आर0कॉपरेटिव, सहित विकास भवन के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बाइक सवार पिता पुत्री को ट्रक ने मारी टक्कर गंभीर रूप घायल

**सुमेरपुर।** कस्बे के नगर पंचायत के पास हाईवे पर बाइक से जा रहे पिता पुत्री को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए प्राइवेट चिकित्सक के पास चले गए। कस्बे के गुरगुज थोक के छोटी मस्जिद के पास रहने वाले इसरार निसार खान की पुत्री अर्शी खानम बांदा जनपद के जसपुरा क्षेत्र के कनाखेरा में सीएचओ पद पर कार्यरत है। शुक्रवार को सुबह इसरार अपनी पुत्री को कस्बे के बस स्टैंड में छोड़ने के लिए बाइक से जा रहा था। तभी नगर पंचायत के पास हाईवे पर मुख्यालय की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद पिता पुत्री इलाज के लिए प्राइवेट चिकित्सक के पास चले गए।





# तीनों तहसीलों में उर्वरक की दुकानों पर हुई छापामार कार्रवाई

- अनिमितता पाए जाने पर छिबरामऊ में दो दुकानों पर की गई निलम्बन की कार्रवाई

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**




**शासन** के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा गठित टीमों ने जनपद की तीनों तहसीलों में उर्वरक की दुकानों पर छापामार कार्यवाही की। जिससे दुकानदारों में हड़कम्प मचा रहा। जानकारी के अनुसार छिबरामऊ तहसील में उप कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने टीम के साथ छापा मारा। वहीं तहसील तिर्वा में जिला कृषि अधिकारी एवं अपर जिला कृषि अधिकारी ने तथा कन्नौज तहसील में भूमि संरक्षण अधिकारी एवं उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी ने छापामार कार्रवाई की। इस दौरान 26 दुकानों का निरीक्षण किया गया तथा डीएपी एनपीके एवं जिंक के कुल 7 नमूने लिए गए। जिनको जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। छिबरामऊ में कटियार फर्टिलाइजर तथा जयगुरुदेव फर्टिलाइजर की दुकानों को अनियमितताओं के कारण निलंबित किया गया। इसके अलावा तिर्वा तहसील में अवस्थी खाद भंडार, मुखिया खाद भंडार, द्विवेदी खाद भंडार को नोटिस जारी किया गया। इन सभी के यहां पॉस मशीन में यूरिया अधिक दिख रही थी और मौके पर कम पाई गई। जांच करने के पश्चात अनियमितता पाए जाने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि पॉस मशीन में देखरेख स्टॉक के बराबर ही भौतिक रूप से दुकान में होना चाहिए। क्योंकि पॉस मशीन में ज्यादा दिखने पर जनपद को उर्वरकों की आपूर्ति में समस्या आती है। इसके अलावा सभी विक्रेता स्टॉक एवं रेट बोर्ड स्टॉक वितरण रजिस्टर से सभी अभिलेखों में अंकन रखें। अधिकारियों ने कहा कि जनपद में यूरिया एवं डीएपी एनपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# गुरु-शिष्य के रिश्ते को कलंकित करने वाले शिक्षक को सात वर्ष की सजा

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

- फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाई सजा, 25 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया

**गुरु-शिष्य के** रिश्ते को कलंकित करने वाले शिक्षक को फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सात वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट ने 25 हजार का अर्थदण्ड भी लगाया है।

मामला गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव कहा है। गांव निवासी किशोरी जोकि एक इंटर कॉलेज में 12वीं क्लास की छात्रा थी। बीते वर्ष जुलाई 2017 को उसने इंटरमीडिएट में एडमिशन लिया था। उसी वक्त श्याम देवी जनता इंटर कॉलेज नंदपुर में पढ़ाने वाला शिक्षक निवासी सिकन्दरपुर क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया अभय उर्फ आदित्य छात्रा के सम्पर्क में आ गया। शिक्षक अभय कैमेस्टी, फिजिक्स और पढ़ता है। उसने छात्रा को पास कराने के लिए कोचिंग पढ़ने को राजी कर लिया। स्कॉलरशिप का फार्म भरवाने के बहाने के छात्रा की मार्कशीट और पासबुक ले ली। परीक्षा में पास कराने के एवज में प्रधानाचार्य को 18 हजार रुपये देने की बात कहते हुए छात्रा से रुपए ले लिए। उसके बाद भी टीचर ने छात्रा को पासबुक व अन्य कागज वापस नहीं लौटाए। छात्रा ने अपने परिजनों से शिकायत करने की बात कही तो टीचर ने कुछ कागजों में साइन करने के बाद कागज लौटाने की शर्त रख दी। छात्रा ने कागजों में साइन कर दिए। बाद में टीचर ने बताया कि जिन कागजों पर साइन करवाये थे, वो कोर्ट मैरिज के कागज थे। जिसके बाद उसे चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। बेहोश होने पर छात्रा का रेप किया और मोबाइल से विडियो बना लिए। ब्लैकमेल करते हुए उसके साथ कई बार रेप किया। परेशान होकर छात्रा ने 17 फरवरी 2019 को छिबरामऊ कोतवाली में अभय उर्फ आदित्य के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवा दी थी। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर फास्ट ट्रैक कोर्ट फर्स्ट के अपर सत्र न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह ने अभय उर्फ आदित्य को दोषी करार दिया। उसे 7 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

# एसडीएम ने बाढ़ आपदा क्षेत्र में कैम्प लगाकर वितरित की राहत सामग्री

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



राहत सामग्री वितरित करते सदर उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार

**डीएम** के निर्देश पर शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया। वहीं कटरी क्षेत्र गंगपुर के पंचायत भवन में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को 100 पैकेट राशन सामग्री वितरित की।

शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार ने बाढ ग्रस्त कटरी क्षेत्र के गंगपुर स्थित पंचायत भवन में राहत कैम्प लगाकर बाढ़ आपदा से प्रभावित ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की। राहत सामग्री में लाई, आलू, भुना चना, बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, साबुन, आटा, चावल, दाल, हल्दी, मिर्च, मसाला, तेल, नमक आदि सामग्री के किटों को ग्रामीणों में वितरित करते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि कि बाढ़ पीड़ितों का सहारा सरकार बनी हुई है। बाढ़ पीड़ितों की हर सम्भव मदद के लिए जिला प्रशासन तैयार है। उन्होने कहा कि गांव में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। ग्रामवासी खान-पान में विशेष सफाई रखें, जिससे बीमारियां उत्पन्न न हो पाएं। उन्होंने गांव में शुद्ध पेय जल, अस्थाई शौचालय एवं प्रकाश की अच्छी से अच्छी व्यवस्था होने की बात कही। इस मौके पर राजस्वकर्मी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर रोजगार सेवकों ने वीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज**

**रोजगार** सेवकों ने पाँच सूत्रीय मांग को लेकर खण्डविकास अधिकारी को ज्ञापन दिया। गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव को 5 सूत्री मांगों को लेकर रोजगार सेवको ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने मांग की कि मनरेगा कर्मियों के लिए एचआर पाल्सी एक माह में लाई जाए, रोजगार सेवकों की सेवा समाप्ति से पहले उपयुक्त मनरेगा की सहमति लेना अनिवार्य होनी चाहिए, ग्राम रोजगार सेवकों के जॉब चार्ट को ग्रामीण विकास विभाग के अन्य कार्य में जोड़ा जाए, इसके साथ ही अन्य प्रदेशों की सरकार के तर्ज पर मानदेय में बढ़ोतरी की भी मांग की है। इस मौके रोजगार सेवक शैलेश कटियार, अतुल मिश्रा, शिवेंद्र यादव, मूलचंद, विवेक पाठक, प्रमोद यादव, कमलेश कुमार, सुशांत कटियार, बजरूल हसन आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## युवक सहित बरामद किया चोरी गया टेंपो

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान नगर से चोरी गए टैंपो को बरामद करते हुए युवक को हिरासत में लिया है। कोतवाली पुलिस पकड़े गए अभियुक्त के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। बीते गुरूवार को नगर के तिराहे से समधन निवासी मोहम्मद अरशद हुसैन का टैंपो चोरी हो गया था। कोतवाली प्रभारी जेपी शर्मा के नेतृत्व में कस्बा प्रभारी अजब सिंह ने टीम के साथ शुक्रवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने फर्रुखाबाद रोड से चोरी किए गए टेंपो को मुफीद खान पुत्र अतीक खान निवासी भोजपुर थाना कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद से बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के विरूद्ध कार्रवाई की है।

## वृद्ध जेब से रुपए चुराने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बैंक से रुपये निकाल कर घर जा रहे वृद्ध की दो अज्ञात बाइक सवारों ने जेब काट ली और हजारों रूपये पार कर दिए। पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात लड़कों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नदसिया निवासी शंभू दयाल ने बताया कि गुरूवार की दोपहर वह बैंक से रुपये निकालकर घर आ रहा था। तभी स्कूल के सामने तिराहा पर दो अज्ञात बाइक सवारों ने उसे रोक लिया और बाइक पर बैठा लिया। इसी दौरान उसकी जेब काटकर रखे 50000 रूपये चोरी कर लिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने दो अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मकान के विवाद में युवकों से की मारपीट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** साथी के साथ मकान खाली कराने गए युवक से किराएदारों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी रावेंद्र गुप्ता पुत्र ओम हरिओम गुप्ता ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में कहा है कि उसका मकान नगर के मोहल्ला रामकृष्ण नगर में है। जिसे उसने किराए पर सर्वेश प्रजापति को दे रखा है। लेकिन जब वह अपना मकान खाली करवाने के लिए गए तो सर्वेश, सर्वेश का पुत्र व बहन एवं उसकी पत्नी मंजू देवी ने उसके व उसके साथी अशीष गुप्ता से गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## भूमि विवाद को लेकर मां-बेटे को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भूमि विवाद को लेकर गांव के लोगों ने गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी आमिर पुत्र जैशू ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि भूमि विवाद को लेकर गांव के लोग उसके दरवाजे पर आए और गाली गलौज की। विरोध करने पर उससे मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव में आई उसकी मां परवीन बेगम को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के शिकायती पत्र पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## अवैध शराब सहित पुलिस ने दो को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गश्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को अवैध शराब सहित धर दबोचा। जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है। शुक्रवार को उपनिरीक्षक मोहम्मद तौकीर ने लालपुर तिराहा से अनीभोज जाने वाले मार्ग से उत्तम कुमार और गोविंद निवासी अनिभोज को 10 लीटर अवैध के साथ धर दबोचा। कोतवाली पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध दफा 60 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सुभाष चन्द्र बोस को बच्चों ने दी श्रद्धांजलि



सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बच्चे

**गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**सुभाष** चन्द्र बोस की पुण्य तिथि पर सावरकर हेल्प फाउंडेशन द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संचालक संदीप चतुर्वेदी ने नेताजी के जीवन के विषय में बच्चों को बताया। कई बच्चों ने भी उनके जीवन पर अपने विचार रखे।

शुक्रवार को ग्राम ज्ञानपुर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में डॉ. योगेश शर्मा ने बच्चों को सुभाष चंद्र बोस जी के आदर्शों को जीवन में उतारने और अच्छे नागरिक बनने को कहा। इसी के साथ डॉ. सचिन द्विवेदी ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बदलते मौसम में सावधानियां बरतने की जानकारी दी। सभी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और नेताजी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सौरभ सविता, ऋषि कुशवाहा, रजत चतुर्वेदी, प्रतीक कौशल, आनंद शुक्ला, जितेंद्र कुशवाहा, शुभम, अमन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में लगाया गया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

- निशुल्क चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया
- प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने वृद्धजनों को उनके अधिकारों के बारे में दी विधिक जानकारी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



वृद्धाश्रम में वृद्धजनों से वार्ता करतीं प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल समृद्धि न्यूज

**जिला** विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में शुक्रवार को प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल की अध्यक्षता में वृद्धा आश्रम में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर तथा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में अपर जिला जज एवं प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने वृद्धजनों को उनके निःशुल्क अधिकारों के विषय पर जानकारी दी। बताया कि यदि वृद्धजनों की संपत्ति पर किसी ने अतिक्रमण या कब्जा कर लिया है जो वृद्धजन पैसों की कमी के कारण अपना अधिकार नहीं प्राप्त कर पा रहे है तो वह निःशुल्क विधिक सहायता के लिये एडीआर सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। चिकित्सा शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. अर्जुन सिंह सारंग, ईएनटी विशेषज्ञ डा. मोनिका सचान ने वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान चिकित्सकों ने वृद्धाश्रम में उपस्थित 49 वृद्धजनों का निःशुल्क नेत्र एवं कानों की समस्या का परीक्षण किया। जिसमे आँखो की रोशनी की समस्या ग्रसित 35 वृद्धजनों का परीक्षण कर चश्मे हेतु नम्बर पाये जाने पर चश्मा लगाये जाने एवं 12 वृद्धजनों को मोतियाबिंद के इलाज हेतु आपरेशन की सलाह दी गयी। जिला अंधता निवारण समिति के द्वारा उनको निःशुल्क चश्मा दिलाये जाने तथा निःशुल्क आपरेशन जल्द ही कराये जाने का आश्वासन दिया गया। डा. मोनिका द्वारा 06 वृद्धजनों को कान की मशीन लगवाये जाने हेतु सलाह दी गयी। समाज कल्याण विभाग की मदद से कान की मशीन उपलब्ध कराई गई, जिसे वितरित किया गया।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्री किसी के जीवन के साथ खिलवाड़ न करें: डीएम

- पोषाहार वितरण की समय से की जाए फीडिंग, सैम व मैम बच्चों को चिन्हित कर समुचित इलाज मुहैया कराये
- औपचारिकता दिखाने वाले एमओआईसी से स्पष्टीकरण मांगे सीएमओः डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी** शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक में कहा कि समस्त आंगनवाडी कार्यकत्रियों के छोटे-छोटे समूह बनाकर उन्हें प्रशिक्षित किया जाये। प्रशिक्षण हेतु एक कार्यक्रम बनाए तथा उन्हें पहले से ही अवगत भी करायें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाडी सहायिका की टीम बनाकर जिस ग्राम में ज्यादा संख्या में सैम बच्चे पाये जा रहे है उस ग्राम का डोर टू डोर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करे।

डीएम ने निर्देश दिये कि बच्चों का चिन्हित कर लंबाई, वजन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि सही से होना चाहिए। जनपद में 10 आंगनवाडी केन्द्र ऐसे है जहां पर सबसे अधिक बच्चे सैम के पाये गये है। कहा कि एनीमिया के रोगियों को आवश्यकतानुसार दवायें उपलब्ध करायी जाये। सीडीपीओ कन्नौज, उमर्दा, हसेरन, छिबरामऊ, जलालाबाद पुनः सर्वे कर फीडिंग सुनिश्चित करायें। श्री शुक्ल ने कहा कि समस्त सीडीपीओ कार्य मे उदासीनता न बरतें। पोषण ट्रैकर एप्प पर सभी गर्भवती, धात्री व कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों की फीडिंग शत-प्रतिशत सुनिश्चित करे। वीएचएनडी दिवस में बच्चों के वजनध्दवायें आदि कार्य भी किया जाये। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कर दवाये ध्योषाहार उपलब्ध कराये जिससे होने वाला बच्चा कुपोषण मुक्त हो। उन्होंने कहा कि परियोजना पोषण ट्रैकर पर ब्लाक हसेरन, तालग्राम, सौरिख, आधार जो एरर आ रहे हैं उन्हें डिलीट कर एक सप्ताह के अंदर नए सिरे से आधार कार्ड बनाए जाएं। जो आधार कार्ड नए जोड़े गए हैं उन्हें भी वेरिफिकेशन किया जाए। समस्त ब्लॉकों में परियोजना पोषण ट्रैकर के अंतर्गत जो आधार अनवेरीफाइड हैं उन्हें भी वेरीफाइड किया जाए। उन्होंने बाल पिटारा ऐप में सभी बच्चों का पंजीकरण कराए जाने के निर्देश दिए। कहा कि प्रत्येक बच्चों का आधार बनाना अनिवार्य है। जो ट्रिपल ए मीटिंग के अंतर्गत जो नहीं आ रहे हैं उन पर कार्रवाई की जाए। कहा कि एनआरसी वार्ड में भर्ती बच्चों की खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें , तथा समय-समय पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जांच भी सुनिश्चित करें। निर्देश दिये कि भोजन की गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ करने वालों को क्षम्य नही किया जाये। सभी सीडीपीओ अपने पदीय दायित्वों का निर्वाहन करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे।

# सद्भावना दिवस के रुप में मनाया गया पूर्व पीएम राजीव गांधी का जन्मदिवस

- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुए कार्यक्रम में डीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**



**पूर्व** प्रधानमंत्री राजीव गांधी के जन्म दिवस 20 अगस्त को सद्भावना दिवस के रूप में मनाए जाने के निर्देश केन्द्र सरकार की ओर से जारी किए गए थे। इस वर्ष 19 और 20 अगस्त को शनिवार व रविवार होने के चलते शुक्रवार को सद्भावना दिवस मनाया गया। साथ ही प्रतिज्ञा समारोह का आयोजन किया गया। डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में सद्भावना दिवस कार्यक्रम के अवसर कलक्ट्रेट के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिज्ञा दिलाई। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाये जाने हेतु समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि सद्भाभावना दिवस मनाने का विचार सभी धर्म, भाषा और क्षेत्र के लोगों के मध्य राष्ट्रीय एकीकरण व सांप्रदायिक सद्भावना को बढ़ावा देना है। जिलाधिकारी ने शपथ दिलाते हुए कहा कि मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूं कि मैं जाति,संप्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भेदभाव किये बिना सभी भारतवासियों की भावात्मक एकता और सद्भावना के लिए कार्य करूंगा। मैं पुनः प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद, बातचीत और संवैधानिक माध्यमो से सुलझाऊंगा।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ कोषाधिकारी, मुख्य संचालक चकबंदी, जिला सूचना अधिकारी, अभिहित अधिकारी प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट, नाजिर कलेक्ट्रेट सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में घायल बालक की अस्पताल में मौत



**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाइक की टक्कर से घायल बालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम नगला निजाम निवासी जवाहर लाल की पत्नी मालती देवी अपने मायके खैरपुरा अलीगंज एटा 4 वर्षीय पुत्र नमन शाक्य के साथ गयी थी। 16 अगस्त को शाम 4 बजे मालती देवी वापस अपने घर टेंपों से लौटी और ग्राम भगौना भट्ठे के निकट एक दुकान से सामान खरीदने लगी, तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े नमन को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने रेफर कर दिया था। परिजनों ने उसके बाद फर्रुखाबाद स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को नमन की मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पहुंचकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# ट्यूशन के विरोध में छात्राओं ने शिक्षिकाओं के खिलाफ जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामानंद बालिका इंटर कालेज की छात्राओं पर शिक्षिकाओं द्वारा ट्यूशन पढ़ने का दबाव बनाने पर शुक्रवार को छात्राओं ने फतेहगढ़ पहुंचकर जिला विद्यालय निरीक्षक से लिखित शिकायत की।

स्वामी रामानंद बालिका इंटर कालेज की कक्षा 11 व 12 की छात्राओं ने अध्यापक व अध्यापिकाओं द्वारा ट्यूशन पढ़ने का दबाव बनाने के लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। छात्राओं ने कहा कि आर्थिक स्थिति से हम कमजोर हैं। परिवार मेरा गरीब है। माता पिता कोचिंग नहीं पढ़ा सकते हैं। कोचिंग की फीस भरने के लिए अलग से कोई आमदनी न होने के कारण फीस नहीं दे सकते हैं। विद्यालय की अध्यापक, अध्यापिकायें सभी विषयों की प्राइवेट ट्यूशन पढ़ाते हैं। ट्यूशन न पढ़ने पर उन्हें भगा देते हैं। ऐसे में आहत होकर छात्राओं ने जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रार्थना पत्र सौंपा। छात्राओं ने मांग की है कि शिकायत के बाद किसी छात्रा का शिक्षिकाओं द्वारा भविष्य खराब न किया जाये। शिकायत करने वाली छात्रा रिया, स्वेता, हिमाचली, सोनम, सलोनी, ईसा, पारुल, कामिनी, अंजली, हिमानी, रुखसार, प्रिया, सोनाली, आरती एकता भावना आदि छात्रायें मौजूद रहीं। डीआईओएस ने उन्हें आश्वासन दिया कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।



जिला विद्यालय निरीक्षक से शिकायत करतीं छात्रायें

### विद्यालय में आपसी विवाद के चलते पाठन-पाठन बाधितः डीआईओएस

**फर्रुखाबाद (सं)।** जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र सिंह ने बताया कि यह छात्रायें पहली भी आ चुकी हैं। छात्राओं ने बताया कि क्लास भी नहीं लग रहे हैं। शिक्षिकायें भी नहीं हैं और विद्यालय में आपसी विवाद की स्थिति बनी रहती है। जिस कारण पाठन पाठन वाधित है। आपसी समझौते से ही विद्यालय का विवाद समाप्त हो सकता है। इस संबंध में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को भी अवगत कराया गया है कि समस्या का समाधान निकले। वैकल्पिक शिक्षा के लिए विद्यालय स्तर से ही समाधान निकलेगा। छात्रायें शिकायत लेकर पुनः आयी है, मामले की जांच कर समाधान किया जायेगा।

# श्रावण मास/कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस ने किया गश्त



नगर में गश्त करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में श्रावण मास/कांवड यात्रा के दृष्टिगत जनपद में शांति, सुरक्षा एव कानून व्यवस्था सुदृढ बनाये रखने हेतु समस्त थाना प्रभारियों द्वारा जनपद के नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पैदल गश्त की गयी। पुलिस ने घाटों पर मौजूद कांवरियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही कहा कि वह गंगाजल भरते समय विशेष सावधान बरतें। कोई भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। इसलिए सतर्क व एतियात बरतते हुए अपनी यात्रा पूरी करें।

# सुभाषचंद्र बोस को पुण्यतिथि पर किया नमन

- नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर डाला प्रकाश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बद्री विशाल महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए एवं नेताजी को याद किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन जीवीए अकेडमी एंड कंप्यूटर इंस्टीट्यूट के संस्थापक विपिन अवस्थी एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बद्री विशाल महाविद्यालय के प्राचार्य सीडी यादव ने की। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज पांडे ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी ने बहुत ही संघर्ष भरा जीवन व्यतीत किया एवं उन्होंने अपने को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। हम सबको उनसे सीख लेनी चाहिए। महाविद्यालय के प्राचार्य ने नेताजी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। राहुल वर्मा ने नेताजी के द्वारा दिए गए नारे को दोहराते हुए कि तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। ऐसी भावना हम सभी युवा साथियों में होनी चाहिए जिससे कि समाज का कोई भी व्यक्ति खून के अभाव में प्राणों का त्याग न करे व सभी की सहायता हो सके। कार्यक्रम के आयोजक विपिन अवस्थी ने कहा कि हमारे क्रांतिकारियों एवं ऐसे महापुरुषों के कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी शत प्रतिशत होनी चाहिए। जिन्होंने इस देश के लिए स्वयं को न्यौछावर कर दिया। इस मौके पर कहा गया कि हमें नेताजी के इतिहास को पढ़ना चाहिए और उनकी बातों पर चिंतन करना चाहिए। ऐसे महापुरुष धरती पर कभी-कभी जन्म लेते हैं।

इस पुण्यतिथि को मनाने का अर्थ सभी सार्थक होगा, जब हम महापुरुषों की बातों को अपने जीवन में उतारें और उनसे प्रेरणा लें। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अश्वनी वर्मा, सत्यम ठाकुर, रिषभ तिवारी, प्रसल तिवारी, आर्यन दीक्षित एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ व जीवीए अकेडमी के समस्त छात्र उपस्थित रहे।



नेताजी सुभाषचंद्र बोस की पुण्यतिथि मनाते युवा

# बाढ़ के पानी में मंदिर डूबा, लेकिन सोमवार गिरी महाराज की पूजा अर्चना जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर क्षेत्र में कई गांव बाढ़ की चपेट में है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोग पानी से होकर अपने-अपने कामों से जा रहे है। इसी क्रम में अमृतपुर में स्थित मंदिर बाढ़ के पानी की चपेट में आ गया। जिससे मंदिर पूरी तरह जलमग्न हो गया, लेकिन यहां रहने वाले सोमवार गिरि महाराज ने हिम्मत नहीं हारी और ट्रक के ट्यूब में हवा भरकर पानी में उतार दिया और उस पर बैठकर पूजा अर्चना शुरु कर दी। बाबा सोमवार गिरी महाराज का कहना है कि जाहि विधि राखै राम ताहि विधि रहिये। वह कहते हैं कि भगवान की मर्जी के बगैर एक पत्ता भी हीं हिल सकता है। प्रभु की यही इच्छा थी। इसलिए वह ट्यूब पर बैठकर प्रभु की आराधना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुख दुख तो आते जाते रहते हैं। इनसे घबराना नहीं चाहिए। प्रभु तो मनुष्य की परीक्षा लेते रहते हैं। कुछ दिन बाद यह बाढ़ भी खत्म हो जायेगी और सब कुछ पहले की तरह सामान्य हो जायेगा।





ऊपर पानी में डूबा मंदिर, नीचे ट्यूब पर बैठकर पूजा करते सोमवार गिरि

# खबरें चलते-चलते

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर छायाकार होंगे सम्मानित

**फर्रुखाबाद (सं.)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत फर्रुखाबाद के प्रेस फोटोग्राफर एवं मीडिया कर्मियों के द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस 19 अगस्त को सेवा सदन एन.ए.के.पी. डिग्री कालेज के सामने नाला मछरट्टा पर मनाया जायेगा। साथ ही फोटो प्रदर्शनी लगायी जायेगी। वरिष्ठ छायाकार रवींद्र भदौरिया व अनुराग पाण्डेय रिंकू की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। जिसमें प्रेस फोटोग्राफर व अन्य फोटोग्राफरों को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही ज्ञान, विज्ञान व डिजिटल युग के फोटो की प्रदर्शनी लगेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजय यादव व डॉ0 रजनी सरीन प्रेस फोटोग्राफरों को सम्मानित करेंगी।

### संस्कार भारती का हरियाली तीज कार्यक्रम रविवार को

**फर्रुखाबाद (सं.)।** संस्कार भारती द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन टाउनहाल में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए सचिव दिलीप कश्यप ने बताया संस्था अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता की देखरेख में कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिसमें संस्कार भारती से जुड़ीं महिलायें प्रतिभाग करेंगी। कार्यक्रम का आयोजन 20 अगस्त रविवार को दोपहर 3.30 बजे आयोजित होगा। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजिका अर्चना द्विवेदी व पारुल सैनी ने दी है।

### सावन के सोमवार पर नांगपंचमी का विशेष महत्व

**फर्रुखाबाद (सं.)।** सावन का सांतवां सोमवार शुक्ल पक्ष पंचमी जो नागपंचमी के दिन देवताओं पर दूध चढ़ाकर पूजन कर नाग देवता व नांगों से भयमुक्ति की कामना की जाती है। दूध पिलाने से अक्षय पुण्य कालसर्प दोष का निवारण हो जाता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार स्वामी नांग हैं यह आठ नांग हैं। अनन्त वासुकी, पदम, महापदम, तक्षक, कुलीर, कर्कट, शंख इनमें तक्षक को इसलिए सबसे बड़ा माना गया, क्योंकि उन्होंने राजा परीक्षित को डसा था। इसलिए नागपंचमी का विशेष महत्व है।

# स्वतंत्रता दिवस पर मेधावी हुए सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में 77वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही स्काउट गाइड प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने स्वतंत्रता दिवस पर देश के नाम सम्बोधन दिया और छात्रों को उनके कर्तव्यों के प्रति बोध कराया साथ ही पंच प्रण की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि देश के बारे में युवा पीढ़ी जाने। हमारे वीर क्रांतिकारियों ने अपने प्राण की बाजी लगाकर देश को आजाद कराया। न जाने कितने सैनिक शहीद हुए उनके बारे में युवा पीढ़ी जानकारी रखे। साथ ही उन्होंने स्काउट गाइड की परीक्षा करवायी। इंटर की परीक्षा में 90.80 प्रतिशत अंक लाने वाले नकुल वर्मा व 89.40 प्रतिशत अंक लाने वाले अनुराग एवं 87.20 प्रतिशत अंक लाने वाले अभिषेक कुशवाहा को प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में विद्यालय में प्रथम आने वाले सौरव वर्मा, सैफ व कृष्णा वर्मा, मिजी अब्दुल अहमद वेग को भी प्रमाण पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्काउट प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले अजय सक्सेना, अंश गुप्ता, विकास, राज वर्मा, कृष्णाय, गोपी, शिवमोहन शुक्ला, सौरव वर्मा, नीशू दुबे, ईशू मिश्रा प्रथम रहे। श्याम यादव, श्रम सिंह, खुर्शीद, दीपक, नितेश श्रीवास्तव, रामजी, नमन भारद्वाज, मोहित हसन, निखिल, ऋषि द्वितीय रहे। आशुतोष श्रीवास्तव, अमान अली, मोहम्मद जामाद, आर्यन मौर्य, कुशाग्र शर्मा, अभय मिश्रा आदि छात्र तृतीय रहे।

सभी को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने छात्रों को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहयोग किया।



छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा

# डीएन कालेज में एनसीसी की भर्ती सम्पन्न



एन.सी.सी. भर्ती प्रक्रिया में भाग लेते डीएन कालेज के छात्र-छात्रायें

- 94 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग, कर्नल रोमित शर्मा रहे मौजूद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को दुर्गा नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई। महाविद्यालय के 94 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भर्ती के समय एनसीसी के मुख्य रुप से कमान अधिकारी कर्नल रोमिल शर्मा, सूबेदार मेजर हरकेश सिंह सहित एनसीसी स्टाफ शामिल रहा। भर्ती देखरेख पूर्ण हुई। भर्ती हेतु छात्र-छात्राओं की शारीरिक जांच की गई। साथ ही लिखित परीक्षा सम्पन्न करायी गई। भर्ती की अंतिम प्रक्रिया के रुप में छात्र-छात्राओं की दौड़ प्रक्रिया सम्पन्न हुई। भर्ती के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग, एनसीसी प्रभारी डा0 सतेन्द्र मिश्रा सहित स्टाफ ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया और भर्ती प्रक्रिया में सहयोग किया।

# बृजमोहन कुशवाहा को मिली पीएचडी की उपाधि

- स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के प्रवक्ता बृजमोहन कुशवाहा को रसायन विज्ञान में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है। जनपद औरैया निवासी बृजमोहन कुशवाहा ने एमएससी करने के बाद बीएड किया और एमफिल की परीक्षा पास कर भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में प्रवक्ता पद पर तैनात हुए। कानपुर यूनिवर्सिटी से उन्होंने पीएचडी की है। स्वतंत्रता दिवस पर भारतीय पाठशाला इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने बृजमोहन कुशवाहा को पीएचडी की उपाधि मिलने पर सम्मानित किया। उन्होंने रसायन विज्ञान में शोध किया और परीक्षा उत्तीर्ण कर पीएचडी की पढ़ाई की। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्व विद्यालय कानपुर यूनिवर्सिटी से उन्होंने विद्या वाचस्पति उपाधि की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वह भारतीय पाठशाला इंटर कालेज में रसायन विज्ञान के प्रवक्ता हैं। उन्हें सभी शिक्षकों ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति किसी भी कार्य करने के लिए मेहनत करें तो उसे सफलता अवश्य ही मिलती है।



डा0 बृजमोहन कुशवाहा

# भारत एवं उसकी संस्कृति को संरक्षित करने में युवाओं की भागीदारी पर डीआईओएस ने डाला प्रकाश



कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रधानाचार्या शालिनी, दीपिका राजपूत व अन्य

- प्रधानाचार्या शालिनी ने मौलिक कर्तव्यों एवं अधिकारों के महत्व पर डाला प्रकाश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीकान्त दीक्षित आलौकिक शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति नवदिया एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त पहल से युवा संवाद भारत/1947 के अंतर्गत भारत की एकता एवं अखंडता को बनाये रखते हुए विकसित भारत के निर्माण हेतु भारत के पंच प्रणों पर युवा एवं विद्वान संदर्भ व्यक्तियों द्वारा अपने अपने विचार प्रकट किये। संदर्भ व्यक्तियों के रूप में सुरेंद्र पाण्डेय, अमित सक्सेना, प्रभात यादव, स्वर्ण कुमार सिंह एवं इंजी0 शशांक शेखर मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने भारत एवं उसकी संस्कृति को संरक्षित करने में युवाओं की भागीदारी पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि के रूप में शालिनी सिंह प्रधानाचार्या राजकीय महाविद्यालय निनौआ ने एवं दीपिका राजपूत प्रधानाचार्या ने मौलिक कर्तव्यों एवं अधिकारों के महत्व के बारे में बताया एवं अन्य अतिथिगण के रूप में इंद्रा राठौर, अल्पना द्विवेदी, स्वेच्छा पाण्डेय, गुलशन बानो, अकांक्षा द्विवेदी, राकेश पाल, प्रेम शंकर, दिव्यम कटियार, अनघा, सौमित्रकांत दीक्षित, देवयानी त्रिवेदी, आरती यादव, शुभम कटियार, सौरभ शुक्ला, विशाल शुक्ला, नन्हें शुक्ला कोच एवं अन्य युवा साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शशांक शेखर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत में पवन कटियार ने सभी उपस्थित लोगों को पंच प्रण आधारित शपथ दिलाकर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम का नियोजन एवं संयोजन अनुसुईया दीक्षित के नेतृत्व में हुआ।

# बैठक में बाल कल्याण एवं संरक्षण पर दिया गया जोर

- सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में कराया गया अवगत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद विकास खण्ड के सभागार कक्ष में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से प्रत्येक तीन माह में ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की नियमित बैठकें कराने के लिए कहा और विभिन्न जानकारी प्रदान कर जागरूक किया। उन्होंने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, बालश्रम, स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर केयर योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, दत्तक ग्रहण, चाइल्ड हेल्प लाइन नं0 1098, महिला हेल्पलाइन 181, इमरजेंसी नंबर 112 के साथ मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि कोविड काल 1 मार्च 2020 के दौरान माता-पिता दोनों या किसी एक अथवा अभिभावक को खोने वाले बच्चों को अच्छे स्वास्थ्य, पालन पोषण तथा शिक्षा जारी रखना मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है। जिन परिवारों ने कोरोना काल में अपनों को खोया है उनके बच्चों के सपने टूट ना जाएं इसलिए उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कोविड काल में कोरोना से मृत होने पर उनके बच्चों को 4000 रुपए प्रति माह प्रति बच्चा दिया जा रहा हैं कोविड काल में अन्य कारणों से मृत्यु होने पर उनके बच्चों को 2500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जाने का प्रावधान है और कक्षा 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण कर डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय अथवा तकनीकी संस्थान से स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त कर रहे या नीट, जेईई व क्लेट जैसे राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को 23 वर्ष आयु पूर्ण अथवा स्नातक शिक्षा, डिप्लोमा प्राप्त करने में जो भी पहले हो तक इस योजना का लाभ दिया जाएगा। योजना के लाभ प्राप्त करने के लिए परिवार की वार्षिक आय तीन लाख से कम होनी चाहिए तथा जिनके माता-पिता दोनों नहीं है उनके आवेदन के लिए आय प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर बाल कल्याण पुलिस अधिकारी मोहम्मदाबाद, खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि अश्वनी कुमार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ0 जितेन्द्र यादव मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद अधिकारीगण

# बाजार से घर लौट रहा युवक बाढ़ के पानी में डूबा, मौत

- गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला



**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाजार से घर लौट रहा 32 वर्षीय युवक बाढ़ के पानी में डूब गया। सूचना पर पहुंचे गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद मृतक के शव को खोज निकाला। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अचानकपुर निवासी रघुनाथ सिंह उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र तोड़ीलाल उस समय बाढ़ के पानी में डूब गया, जब वह गुरुवार को आवश्यक कार्य से चिलसरा बाजार गया था। बताया गया है शाम के वक्त जब वापस लौटा तो वोट द्वारा घर जा रहा था, लेकिन युवक को गढ़िया हैवतपुर में उतार दिया गया। इसके बाद युवक कहां गया पता नहीं चला। जब युवक देर शाम तक घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोगों ने उसकी खोजबीन शुरु की। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शक के आधार पर गोताखोरों को बुलाकर उसकी कई जगह खोज करायी। मगर पता नहीं चला। शुक्रवार की सुबह जब पुनः तलाश की गई तो बाढ़ के पानी में शव उतराता हुआ मिला। गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसकी रघुनाथ के रुप में शिनाख्त की। चिलसरा चौकी प्रभारी ने पंचनामे की प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया। वहीं कानूनगो तथा क्षेत्रीय लेखपाल ने भी घटना की जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तहसील अधिकारियों को सौंपी। मृतक के दो अबोध बच्चे हैं। मृतक की पत्नी का 6 महीने पूर्व देहांत हो चुका था। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों के सर पर पिता का साया था, लेकिन आज वह भी उठ गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शीघ्र ही भवनों के ऊपर से हटेगी हाईटेंशन लाइन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर के विभिन्न मोहल्लों में भवनों के ऊपर गुजरी हाई टेंशन लाइन को हटाए जाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष जोया शाह फारूकी ने पिछले महीने उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ तथा राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा था।

जिसमें कहा गया था कि शमशाबाद नगर में स्थित कुछ मोहल्ले ऐसे हैं जहां लोगों के मकानों के ऊपर हाईटेंशन विद्युत लाइन गुजरी है। हाईटेंशन विद्युत लाइन के गुजरने से लोगों की जान को खतरा है। नगर पंचायत अध्यक्ष शमशाबाद ने जनहित में हाईटेंशन लाइन हटवाए जाने की मांग की थी। उधर, बिजली विभाग के अधिशासी अधिकारी ने शिकायती पत्र के संदर्भ में क्षेत्रीय अवर अभियंता द्वारा मौका मुआयना कराया तो पता चला यहां कोई 40-45 वर्ष पूर्व



विद्युत लाइन का निर्माण हुआ था। ईओ के अनुसार भवनों के ऊपर गुजरी हाईटेंशन लाइन के नीचे जिन भवनों का निर्माण कराया गया वे बिना किसी सूचना के बनाए गए थे। अधीक्षण अभियंता के अनुसार उक्त हाईटेंशन की विद्युत लाइन जिसे हटाए जाने के लिए प्राकलन भेज दिया गया, स्वीकृत होते ही शिकायत का निस्तारण कर दिया जायेगा।

# चोरों ने गरीब की झोपड़ी में रखे बक्से से पार किये जेवरात व नगदी



बक्से में चोरों द्वारा बिखेरा गया सामान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात चोरों ने गरीब की झोपड़ी में घुसकर बक्सों के ताले तोड़कर नगदी व जेवरात चोरी कर लिये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। थाना क्षेत्र के गांव जाफर नगर निवासी मिट्ठू खां उर्फ सलीम खां ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बहुत गरीब है। बीती रात वह अपने परिजनों के साथ झोपड़ीनुमा छप्पर के बाहर सो रहा था। झोपड़ी में वाउन्ड्री नहीं है। खुले का लाभ उठाकर चोरों ने झोपड़ी में घुसकर लाइट का बल्क फोड़ दिया और रखे तीन बक्सों के ताले तोड़ दिये। जिसमें रखे पुत्री के कुंडल तथा 5700 रुपये की नगदी चोर चोरी कर ले गये। सुबह जागने पर बक्से को खुला देख पीड़ित के होश उड़ गये। परिजनों को जानकारी हुई तो शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने पीड़ित को जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### करंट लगने से युवक अचेत

**कायमगंज (सं.)।** कम्पिल क्षेत्र के गांव कटिया निवासी रामकिशोर के 18 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार के शुक्रवार को बिजली का करंट लग गया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

# जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत



**नवाबगंज/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जहरीला पदार्थ खा लेने से किशोरी की हालत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों को हुई वैसे ही कोहराम मच गया। पुलिस को बिना सूचना दिये ही परिजनों ने शव का दाह संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव अठसैनी पहाड़पुर निवासी 17 वर्षीय अंजली पुत्री हरीपाल सिंह ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर जब जानकारी परिजनों को हुई तो उपचार के लिए आनन-फानन में कायमगंज नगर के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर आये। जहां डियुटी पर तैनात चिकित्सक अमरेश कुमार ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन बिना बताये शव लेकर घर चले गये। चिकित्सक ने बताया कि कोतवाली पुलिस को मीमो भेजकर जानकारी दे दी गई है। वहीं थाना नवाबगंज पुलिस को इस घटना के संदर्भ में जानकारी नहीं है।

# पीआरडी विभाग में फैला भ्रष्टाचार रुकने का नहीं ले रहा है नाम

- डियूटी के नाम पर बाबू ने दो जवानों से की हजारों की ठगी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीआरडी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी कई बार इसका शिकार हुए पीड़ित पीआरडी के जवान जिलाधिकारी से शिकायत कर चुके है, लेकिन कोई भी आज तक कार्यवाही नहीं हुई। फिर एक बार पीआरडी जवान विपिन कुमार निवासी ग्राम बहोरना व रमेश बाबू ने लिखित शिकायत जिलाधिकारी से की। जिसमें दर्शाया कि वर्ष 2011 में विपिन कुमार ने प्रशिक्षण प्राप्त किया था। उसके पश्चात माता-पिता की मौत हो जाने पर वह रोजी रोटी की तलाश में बाहर चला गया। कुछ समय बाद लौटा तो जिला युवा कल्याण प्रा0वि0द0 अधिकारी से ड्यूटी मांगी जिस पर पीआरडी कार्यालय में तैनात बाबू राजेश मिश्रा ने ड्यूटी ऑन लाइन डाटा फिडिंग के नाम पर 60 हजार रुपये मांग की। इधर-उधर से व्यवस्था कर 40 हजार रुपये राजेश बाबू को पीआरडी जवान शिवपाल सिंह के सामने दिये। टाल




मटोल करते रहे ड्यूटी नहीं मिली और न ही रुपये वापस किये। पीड़ित का आरोप है कि मेरे रुपये हड़पने के उद्देश्य से ड्यूटी के नाम से रुपये ले लिये।

पीड़ित ने ड्यूटी दिलाने व रुपये वापस कराने की मांग की। वहीं रमेश बाबू निवासी करीमगंज ने आरोप लगाया कि ड्यूटी के नाम पर राजेश मिश्रा बाबू ने 20 हजार रुपये की मांग की। 10 हजार रुपये दे दिये। रुपये तिलक सिंह के सामने दिये गये। बाबू राजेश मिश्रा व बीओ कमालगंज कंचन से कहा, लेकिन आज तक न ड्यूटी दी और न ही मेरे रुपये वापस दिये। जब ज्यादा कहा तो कहा कि मेरी शिकायत जाओ कर दो, कुछ नहीं होगा। इस संदर्भ में विभाग के पास कोई जबाव नहीं है। इससे पहले भी फर्जी पीआरडी जवान का मामला हमारे समाचार पत्र ने प्रकाशित किया था। जिस पर शासन से जांच बिठाई गई तो पता चला कि एक नहीं अनगिनत ऐसे पीआरडी जवान है जिनके पास विभाग का लेखा-जोखा नहीं है। मोटी रकम लेकर करोड़ों के वेतन के बारे-न्यारे कर लिये गये।



जानकारी देते विपिन व रमेश बाबू

# खबरें चलते-चलते

### नगर पंचायत की लापरवाही से वार्ड नम्बर 13 के लोग संक्रमण की चपेट में

**नवाबगंज (सं.)।** नगर पंचायत पर लापरवाही के चलते वार्ड नम्बर 13 में संक्रमण बीमारी फैलने से कई लोग इसकी चपेट में आ गये। इसी वार्ड के रहने वाले युवक ने जिलाधिकारी से शिकायत कर क्षेत्र में फैल रही संक्रमण बीमारियों की रोकथाम के लिए दवा का छिड़काव व दवा वितरण कराये जाने की मांग की है। उज्जवल भारत अभियान के प्रदेश उपाध्यक्ष विकाश बाबू शाक्य पुत्र महेन्द्र सिंह शाक्य निवासी तिराहा ने जिलाधिकारी से शिकायत कर बताया कि नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड 13 नेहरू नगर में दो सालों से संक्रामक दवाई का छिड़काव नहीं हुआ है। जिससे बीमारियां चरम सीमा पर है। बच्चे व अन्य नागरिक डेंगू और मलेरिया से पीड़ित हो रहे है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी से इस संदर्भ में कहा, लेकिन उन्होंने इसे अनसूनी कर दिया। नगर पंचायत इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे क्षेत्र में दिन पर दिन लोग बीमार होते जा रहे है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि क्षेत्र में दवा का छिड़काव व लोगों को निःशुल्क दवायें दी जाये।

### खेल-खेल में बच्चे ने पिया कीटनाशक

**कायमगंज (सं.)।** खेल-खेल में घर में रखा जहरीला कीटनाश पदार्थ बालक ने धोखे से पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी होने पर परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। नगर के मोहल्ला नई बस्ती निवासी फुरकान का 2 वर्षीय पुत्र विशमिल घर पर खेल रहा था, तभी खेलते-खेलते उसके हाथ कीटनाशक पदार्थ लग गया और उसने पी लिया। हालत गंभीर होने पर परिजन उसे अस्पताल लाये। जहां उसका उपचार चल रहा है।

### जंगली जानवर के हमले से महिला घायल

**कायमगंज (सं.)।** जंगली जानवर के हमले से महिला गंभीर रुप से घायल हो गयी। परिजनों ने उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव जहानपुर निवासी खुशबू पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### सर्प दंश से महिला अचेत

**कायमगंज (सं.)।** सर्पदंश से महिला अचेत हो गयी। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार कम्पिल क्षेत्र के गांव सरइया निवासी 25 वर्षीय नेहा शुक्रवार को घर में कंडे निकाल रही थी, तभी उसे जहरीले सर्प ने उसके हाथ में डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफ कर दिया।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में चार लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से एक को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव नगला नया निवासी राजकिशोर, कम्पिल क्षेत्र के गांव अकराबाद निवासी नशरुद्दीन व कमलाईपुर निवासी संतोष की 5 वर्षीय पुत्री अनुष्का मार्ग दुर्घटना में घायल हो गयी। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद नशरुद्दीन को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं कायमगंज .क्षेत्र के गांव किला मऊरसीदाबाद निवासी महाराम ( 75 ) मार्ग दुर्घटना मे गंभीर घायल हो गया। लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया । जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया गया।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित गांव चाचूपुर का किया निरीक्षण

- ग्रामीणों को जागरुक करते हुए विशेष सतर्कता बरतने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसीलदार सदर के साथ तहसील सदर के क्षेत्र के अन्तर्गत ब्लाक कमालगंज के बाढ़ प्रभावित ग्राम चाचूपुर का निरीक्षण किया एवं ग्रामीणों को बाढ़ से बचने हेतु जागरूक किया।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर श्रद्धा पाण्डेय के साथ ब्लाक कमालगंज के बाढ़ प्रभावित गांव चाचूपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को जागरुक करते हुए कहा कि वह सावधान रहे, क्योंकि पानी का घटन बढ़ना अभी जारी है। इसलिए आप लोग पानी पर विशेष नजर बनाये रखें। इसके साथ ही ग्रामीणों ने अपनी समस्यायें जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को बतायीं।

जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान से ग्रामीणों का सहयोग करने की बात कही। साथ ही जिलाधिकारी ने भी कहा कि वह शासन स्तर से जो भी मदद होगी, वह बाढ़ पीड़ितों को मुहैया करायी जायेगी। बाढ़ पीड़ितों को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। शासन से भेजी जाने वाली खाद्य सामग्री का वितरण किया जायेगा। ग्रामीणों ने जानवरों के चारे की भी समस्या डीएम को बतायी।



चाचूपुर का निरीक्षण करते डीएम व तहसीलदार

# दहेज हत्या में पति व मां-बेटी को सात वर्ष का कारावास, 50 हजार का अर्थदंड

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज हत्या के मामले में अपर जिला जज द्वितीय महेंद्र सिंह ने अभियुक्त धर्मेंद्र पुत्र रामवीर, शकुन्तला पत्नी रामवीर, शरमा पुत्री रामवीर को दोषी करार देते हुए 7 वर्ष कारवास व प्रत्येक को 50 हजार रुपये का जुर्माना से दण्डित किया।

विगत 5 वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज पुलिस को लोकनाथ पुत्र शिवदयाल निवासी सेमरिया हरपालपुर जनपद हरदोई ने दी गयी तहरीर में दर्शाया था कि 4 वर्ष पूर्व मैंने अपनी पुत्री पूनम का विवाह सामर्थ्य से गए दान दहेज के साथ धर्मेंद्र के साथ किया था। दिए गए दान दहेज से सन्तुष्ट न होकर ससुरालीजन अतीतिक्त दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। काफी समझाने के बाद वह लोग नहीं माने। 6 नवम्बर 2017 को 3 बजे मिट्टी का तेल डालकर पति धर्मेंद्र, सास, ससुर, देवरानी, देवर ने मार



डाला। हम लोगों को जब जानकारी हुई तो मेरी पुत्री फर्रुखाबाद के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती थी। उक्त लोग मेरी पुत्री को छोड़कर भाग गये। एक माह इलाज के बाद मेरी पुत्री की मौत हो गयी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने धर्मेंद्र, शकुंतला, शरमा को दोषी करार देते हुए धारा 304बी में 7 वर्ष का कारवास व 30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 498ए में दो-दो वर्ष के कारावास व 15-15 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 3/4 में छह-छह माह का कारावास व 5-5 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्तों पर अर्थदंड की धनराशि 50 हजार में 25 हजार रुपये वादी को बतौर क्षतिपूर्ति दी जायेगी। अभियुक्तों द्वारा जेल में बितायी गई अवधि को इस सजा में समायोजित किया जायेगा। साक्ष्य के आभाव से राहुल, रामवीर को दोषमुक्त कर दिया।

# डीआईओएस ने विद्यालयों का निरीक्षण कर परखी शिक्षण कार्य व एमडीएम की गुणवत्ता

- बच्चों से पढ़ाई के बारे में की पूछताछ
- 173 के सापेक्ष 128 बच्चे मिले उपस्थित
- औचक निरीक्षण से शिक्षकों में रही हड़कंप की स्थिति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय महरुपुर सहजू तथा प्राथमिक विद्यालय महरुपुर का निरीक्षण किया। दोनों विद्यालय में डीआईओएस नरेन्द्र पाल सिंह ने शिक्षण कार्य तथा एमडीएम की जांच पड़ताल की। निरीक्षण के दौरान डीआईओएस के साथ कम्प्यूटर सेल प्रभारी नवनीत भारद्वाज सहायक के रुप में मौजूद रहे।

शासन के निर्देश पर चल रही माध्यमिक तथा परिषदीय विद्यालयों के निरीक्षण के क्रम में शुक्रवार को डीआईओएस ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय महरुपुर सहजू में 10:30 बजे औचक निरीक्षण किया। जहां एमडीएम संचालित मिला। उन्होंने प्रभारी प्रधानाध्यापिका को निर्देशित किया कि बच्चों को भोजन के समय खाने में प्रयुक्त होने वाले पोषक वस्तुओं का महत्व बताया जाये। यहां शिक्षण कार्य व अन्य व्यवस्थायें सुव्यवस्थित मिली। प्राथमिक विद्यालय महरुपुर सहजू में डीआईओएस ने 11 बजे निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्षायें विधिवत संचालित मिली। प्रधानाध्यापिका पारुल ने बताया कि 173 के सापेक्ष 128 बच्चे उपस्थित है।

कक्षा 2 में डीआईओएस ने बच्चों से पढ़ाई के बारे में पूछा, बच्चों ने बताया कि 17 अगस्त को एसआरजी द्वारा एक्टिविटीज बढ़ायी गई। इसके अलावा बच्चों से अन्य कई प्रश्न पूछे।



विद्यालय में शिक्षण कार्य का निरीक्षण करते डीआईओएस

# एसपी के आदेश पर गर्भपात कराने व दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने महिला का जबरन गर्भपात कराकर घर से बेघर कर दिया। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने पर पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगायी। एसपी के आदेश पर पुलिस ने ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर पोस्ट निवासी आरती राठौर पत्नी प्रदीप सिंह चौहान पुत्री स्वर्गीय मुनेश्वर सिंह राठौर ने पुलिस अधीक्षक को दिये शिकायती पत्र में दर्शाया कि उसका विवाह 11 दिसम्बर 2021 को प्रदीप चौहान पुत्र रमेश चौहान निवासी ग्राम बहत पोस्ट वहत जसराना जिला फिरोजाबाद वर्तमान निवासी माता मंदिर चौराहा अंबेडकर नगर गीतांजलि कॉम्प्लेक्स के पास थाना कमला नगर जिला भोपाल के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के साथ हुआ था। पीड़िता का आरोप है कि उसके भाईयों ने शादी में दो जोड़े सोने के झुमकी, चार जोड़ी सोने की चूड़ी, एक सोने का हार, एक सोने की चेन, 6 अंगूठी, चांदी की करधनी, दो जोड़ा पायल, एक कार व 5 लाख 51 हजार रुपये की नगदी दी थी। विवाह के कुछ समय बाद ससुरालीजन रोटी नहीं बना पाती है और घर पर सोती रहती है यह कहकर ताने मारने लगे। पीड़िता ने जब सास वीरवती एवं ननद नेहा चौहान से पूछा कि ताने क्यों मार रहे हो तो वह लोग कहने लगे कि अपने घर से अतिरिक्त दहेज में 5 लाख की नगदी लेकर आओ तो हम लोग ताने नहीं मारेंगे। जब मैंने मां को बताया कि तो मां ने असमर्थता जतायी। जब यह बात सास व ननद को पता चली तो वह लोग भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। घटना के संदर्भ में पति प्रदीप को बताया कि वह भी झगड़ा फसाद करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि उसने पति को 20 जुलाई 2022 को बताया कि वह मां बनने वाली है। पीड़िता के पति ने दवा खाने को कहा तो वह मैंने कहा कि यह कौन सी है इतने में ही वह मारने लगा। इस दौरान ननद और सास आ गयी और हाथपैर पकड़कर जबरदस्ती दवा खिला दी। जिससे उसका गर्भपात हो गया और धमकी देकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। दूसरे दिन मां को फोन पर सूचना दी। भाई व मझिया को लेकर मेरी ससुराल आये तो ससुरालियों ने भगा दिया। 29 जनवरी 2023 को मारपीट कर सारा स्त्रीधन छीनकर घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### अज्ञात पर बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। कोतवाली फर्रुखाबाद के क्षेत्र मुफ्ती साहब बूरावाली गली निवासी राजीव गुप्ता पुत्र सुरेश चन्द्र गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसकी बाइक संख्या यूपी 76 जेड 0709 को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

# अपहरण के प्रयास में वांछित आरोपी को पुलिस ने दबोचा



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपहरण के प्रयास में वांछित चल रहे आरोपी युवक को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। मुकदमा दर्ज कर चालान कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, उपनिरीक्षक संजय कुमार राय ने मुखबिर की सूचना पर अपहरण के प्रयास में वांछित चल रहे पवन कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद उर्फ अजद्दी निवासी लेवडैईया थाना पटियाली जनपद कासगंज को कुइयासंत तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि पीड़िता को मैं 4 साल से जानता हूं। हम लोग आपस में फोन पर बात करते थे और मैं उसके घर भी आता-जाता था। 26 जुलाई को मैं पीड़िता को अलीगढ़ लेकर चला गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।